मासिक जी.के. डाइजेस्ट

सितंबर 2022



मंथली डाइजेस्ट

सितंबर-2022

प्रिय पाठकों,

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "सितंबर-**2022**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) ने देश की महिला एथलीटों के समर्थन हेतु **HSBC इंडिया** बैंक के साथ करार किया।
   नोट: साझेदारी के अंतर्गत, अंडर-14 तथा अंडर-16 श्रेणियों की राष्ट्रीय अंतर जिला चैंपियनशिप से होनहार महिला एथलीटों का चयन किया जाएगा। चयनित एथलीटों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू किए जाएंगे तथा उन्हें वैश्विक मंच पर प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।
2. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022 की अप्रैल-जून अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था **13.5%** प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
   नोट: कारण: कृषि एवं सेवा क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन। भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है क्योंकि चीन ने अप्रैल-जून 2022 तिमाही में 0.4% की आर्थिक वृद्धि दर्ज की है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था 20.1% की दर से बढ़ी है।
3. 31 अगस्त 2022 तक के RBI आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2022 में भारत इंक द्वारा कितना प्रत्यक्ष विदेशी निवेश **1.11 बिलियन डॉलर** दर्ज किया गया।
   नोट: घरेलू कंपनियों ने जुलाई 2021 में इक्विटी, ऋण तथा प्रत्याभूति निर्गम के रूप में बहिर्गामी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर 2.56 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया था। भारतीय व्यवसायों ने अपने विदेशी उद्यमों को इक्विटी निवेश द्वारा 579.15 मिलियन डॉलर, ऋण के रूप में 193.21 मिलियन डॉलर तथा प्रत्याभूति निर्गम द्वारा 337.49 मिलियन डॉलर का निवेश किया।
4. अलाप्पुझा पांचवां पूर्ण डिजिटल बैंकिंग जिला बन गया, यह **केरल मे** स्थित है।
   नोट: केरल के चार जिले: त्रिशूर, कोट्टायम, पलक्कड़ तथा कासरगोड। RBI ने डिजिटल भारत योजना के एक भाग के रूप में राज्य स्तरीय बैंकर समिति तथा संबंधित जिला प्रशासन के सहयोग से यह कार्यक्रम शुरू किया था। पहल के एक भाग के रूप में, कम से कम एक डिजिटल लेनदेन सुविधा सक्षम की गई है।
5. RBI द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 की पहली तिमाही के दौरान, भारत में आवास मूल्य सूचकांक में वर्ष-दर **3.5%** की वृद्धि हुई।
   नोट: अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (HPI) केंद्रीय बैंक द्वारा तिमाही रूप से जारी किया जाता है। यह सूचकांक देश के 10 प्रमुख शहरों में आवास पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। शहर: अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ तथा मुंबई।
6. भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत का सेवा निर्यात वर्ष-दर-वर्ष **20.2%** प्रतिशत बढ़कर जुलाई 2022 में 23.26 बिलियन डॉलर हो गया।
   नोट: हालांकि, 2022 में जुलाई का निर्यात जून की तुलना में 25.29 बिलियन डॉलर कम था। जुलाई 2022 के लिए भारत के अंतर्राष्ट्रीय सेवा व्यापार के मासिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में आयात 22.3%

बढ़कर 13.92 बिलियन डॉलर हो गया। अप्रैल-जुलाई 2022-23 के दौरान निर्यात 94.75 बिलियन डॉलर रहा तथा इस अवधि के दौरान कुल आयत 58.94 बिलियन डॉलर रहा।

7. वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने अगस्त 2022 के महीने में सकल GST राजस्व के रूप में **1,43,612 करोड़ रुपये** धनराशि एकत्र की है।
   नोट: CGST 24,710 करोड़ रुपये, SGST 30,951 करोड़ रुपये, IGST 77,782 करोड़ रुपये है। इसमें माल के आयात पर संग्रहीत 42,067 करोड़ रुपये तथा 10,168 करोड़ रुपये का उपकर (माल के आयात पर संग्रहीत 1,018 करोड़ रुपये सहित) शामिल है। अगस्त 2022 महीने का राजस्व, 2021 में इसी महीने के GST राजस्व 1,12,020 करोड़ रुपये से 28% अधिक है।

8. **SBI कार्ड** ने ऑनलाइन लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए कैशबैक केंद्रित क्रेडिट कार्ड 'कैशबैक SBI कार्ड' लॉन्च किया।
   नोट: टियर-2 तथा टियर 3 शहरों सहित देश भर के उपभोक्ता डिजिटल एप्लिकेशन प्लेटफॉर्म 'SBI कार्ड स्प्रिंट' पर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैशबैक SBI कार्ड के ग्राहक सभी खर्चों पर असीमित 1% कैशबैक प्राप्त करेंगे, कैशबैक प्रति मासिक विवरण अवधि में अधिकतम 10,000 रुपये तक के सभी ऑनलाइन खर्चों पर 5% तक बढ़ेगा।

9. वित्तीय सेवा कंपनी **मुथूट फिनकॉर्प** ने भारत-नेपाल कॉरिडोर के बीच अपनी धन प्रेषण सेवाओं का विस्तार करने के लिए IME इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की।
   नोट: मुथूट धन प्रेषण में अपने मौजूदा साझेदार (प्रभु मनी ट्रांसफर प्राइवेट लिमिटेड) के माध्यम से भारत में नेपाली समुदाय की सहायता कर रहा है। अब, मुथूट भारत में आवासित अधिकतम नेपाली प्रवासियों की सहायता कर पाएगा। IDFC फर्स्ट बैंक, भारत और ग्लोबल IME बैंक लिमिटेड, नेपाल भारत-नेपाल धन प्रेषण सेवा के लिए बैंकिंग साझेदार हैं।

10. भारत में आपूर्ति श्रृंखला वित्त (SCF) समाधान को समर्थन प्रदान करने तथा बढ़ावा देने के लिए **इंडसइंड बैंक** ने एशियाई विकास बैंक (ADB) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
    नोट: इंडसइंड बैंक ADB के साथ 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर (560.0 करोड़ रुपये) के प्रारंभिक खर्च के साथ आंशिक गारंटी योजना में शामिल हुआ। उद्देश्य: MSME वित्तपोषण में इंडसइंड बैंक की मौजूदगी बढ़ाना। यह साझेदारी इस कार्यक्षेत्र में बैंक की विभिन्न पहलों को मजबूत करेगी।

11. **BOB फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड** ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) तथा जापान की JCB इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड के सहयोग से क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए स्नैपडील के साथ समझौता किया।
    नोट: यह को-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट कार्ड है। उपयोगकर्ता को स्नैपडील ऐप तथा वेबसाइट पर 5% तक असीमित कैशबैक (प्रत्येक 100 रुपये खर्च करने पर 20 रिवॉर्ड पॉइंट) प्राप्त होगा। यह ऑनलाइन खर्च किए गए 100 रुपये पर 10 रिवॉर्ड पॉइंट देता है।

12. **RBI** ने डिजिटल ऋण संबंधी नए दिशानिर्देश जारी किए हैं।
    नोट: केंद्रीय बैंक ने यह सुनिश्चित करने हेतु कि 'मौजूदा डिजिटल ऋण' नए ऋण दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हैं, पर्याप्त प्रणाली तथा प्रक्रियाएं लागू करने के लिए विनियमित संस्थाओं (RE) को 30 नवंबर तक का समय दिया है। नए मानदंड 'नए ऋण लेने वाले मौजूदा ग्राहकों' और 'नए ग्राहकों' दोनों पर लागू होते हैं। ये 1 सितंबर, 2022 से प्रभावी हो गए हैं।

13. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत की GDP विकास दर का पूर्वानुमान **6.8%** होगा।
    नोट: पहले विकास दर पूर्वानुमान 7.5% था। कारण: GDP पूर्वानुमान को कम करने का कारण सांख्यिकीय समायोजन।SBI द्वारा संशोधित GDP पूर्वानुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के 2022-23 की

अप्रैल-जून तिमाही (Q1) के आंकड़ों के बाद आया है, जिसमें अर्थव्यवस्था ने 13.5% की वृद्धि दिखाई है (FY22 की Q1 में 20.1% से कम)।

14. RBI के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 26 अगस्त, 2022 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर **561 बिलियन डॉलर** हो गया।

नोट: भारत के FER में हाल के महीनों में तेज गिरावट आई है क्योंकि RBI रुपये को बचाने के लिए मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप कर रहा है। 26 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 271 मिलियन डॉलर घटकर 39.643 बिलियन डॉलर रह गया। IMF के पास भारत के SDR का मूल्य भी 155 मिलियन डॉलर घटकर 17.832 बिलियन डॉलर हो गया।

15. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपनी साइबर सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया है जो साइबर अटैक से पूंजी बाजार की सुरक्षा से संबंधित उपायों की सिफारिश करती है, समिति के अध्यक्ष **नवीन कुमार सिंह** है।

नोट: पहले, समिति में केवल चार सदस्य थे लेकिन अब इसमें छह सदस्य हैं। अन्य सदस्य: संजय बहल, एच. कृष्णमूर्ति, संदीप शुक्ला और देबदीप मुखोपाध्याय, सुगत गंगोपाध्याय

16. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने KCC ऋणदान प्रक्रिया के पूर्ण डिजिटलीकरण हेतु एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की। KCC का पूरा नाम **किसान क्रेडिट कार्ड** है।

नोट: योजना केंद्रीय बैंक तथा इसकी सहायक कंपनी रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) द्वारा तैयार की गई है। उद्देश्य: इसे अधिक कुशल बनाना तथा ऋणग्राहियों के लिए लागत कम करना। प्रायोगिक परियोजना के राज्य: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा फेडरल बैंक के साथ क्रमशः मध्य प्रदेश तथा तमिलनाडु।

17. भारतीय स्टेट बैंक (आर्थिक अनुसंधान विभाग) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष **2029** तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

नोट: भारत वर्तमान विकास दर पर 2027 में जर्मनी से और संभवतः 2029 तक जापान से आगे निकल जाएगा। देश 2014 के बाद से एक बड़े संरचनात्मक बदलाव से गुजरा है और अब यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।रिपोर्ट SBI के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने तैयार की है।

18. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने पेयू (प्रोसस समर्थित) तथा ऑनलाइन भुगतान कंपनी **बिल डेस्क (BillDesk)** के बीच 4.7 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण समझौते को मंजूरी दी।

नोट: आयोग ने पेयू पेमेंट्स द्वारा http://IndiaIdeas.com (बिलडेस्क) की 100% इक्विटी शेयर पूंजी के अधिग्रहण को मंजूरी दी। वर्ष 2018 में वॉलमार्ट द्वारा ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का 16 बिलियन डॉलर में अधिग्रहण किए जाने के बाद पेयू-बिलडेस्क समझौते को भारतीय इंटरनेट क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी खरीद बताया गया है।

19. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक दिसंबर 2022 तक विभिन्न राज्यों के बैंक रहित क्षेत्रों में **300** पारंपरिक रूप से संचालित शाखाएं खोलेंगे।

नोट: उद्देश्य: शेष सभी बैंक रहित गांवों तक पहुंच कायम करना। शाखाएं: राजस्थान (95), उसके बाद मध्य प्रदेश (54), गुजरात (38), महाराष्ट्र (33), झारखंड (32) और उत्तर प्रदेश (31)। बैंकों को संबंधित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) द्वारा दिसंबर 2022 तक आवंटित स्थानों पर शाखाएं खोलने को कहा गया है।

20. इप्पोपे ने एक गोपनीय राशि में **ट्यूटेलर** AI-आधारित जोखिम प्रबंधन कंपनी का अधिग्रहण किया।

नोट: इप्पोपे चेन्नई स्थित एक पेमेंट गेटवे फर्म है, जो कॉइनबेस ग्लोबल, बेटर कैपिटल और ब्लूम फाउंडर्स फंड द्वारा समर्थित है। ट्यूटेलर के साथ आने से इप्पोपे भुगतान क्षेत्र में धोखाधड़ी के खिलाफ संघर्ष में एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है।

21. RBI के डिप्टी गवर्नर, टी. रवि शंकर ने घोषणा की है कि, सरकार 2022 के अंत तक CBDC लॉन्च करेगी। CBDC का पूरा नाम **सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (Central Bank Digital Currency)** है।

नोट: RBI वर्ष 2022 में प्रायोगिक आधार पर डिजिटल करेंसी लॉन्च करेगा। वर्ष 2022-23 के बजट में, वित्त मंत्री ने कहा था कि RBI रुपये के समतुल्य एक डिजिटल मुद्रा जारी करेगा। लाभ: CBDC सीमा-पार लेनदेन हेतु समय तथा लागत को कम करने के लिए एक साधन बन सकता है। डेटा सुरक्षा संबंधी समस्या: वे इस पर लगातार काम कर रहे हैं।

22. **HDFC बैंक** बैंक ने 7308080808 का उपयोग करके अपने ग्राहकों को चौबीसों घंटे विस्तृत बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए एक नई SMS बैंकिंग सुविधा शुरू की है।

नोट: HDFC बैंक की नई SMS बैंकिंग सुविधा प्राप्त करने के लिए, ग्राहक को पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उन्हें "Register" <स्पेस> "ग्राहक आईडी के अंतिम 4 अंक" <स्पेस> "अकाउंट नंबर के अंतिम 4 अंक" अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से 7308080808 पर SMS करने होंगे।

23. RBI ने HDFC बैंक तथा **प्रेसिजन बायोमेट्रिक इंडिया** के 'ऑन टैप' (मांग के अनुसार प्राप्य) खुदरा भुगतान एप्लीकेशनों के परीक्षण के लिए नियामक सैंडबॉक्स योजना के अंतर्गत उनका चयन किया है।

नोट: इसका तात्पर्य एक नियंत्रित/परीक्षण नियामक परिवेश में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव परीक्षण से है। इसके लिए नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य हेतु कुछ छूट की अनुमति देते हैं। यह नियामक, अन्वेषकों, वित्तीय सेवा प्रदाताओं तथा ग्राहकों को क्षेत्र परीक्षण करने की अनुमति देता है।

24. यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) ने अगस्त 2022 के महीने में **657 करोड़** लेनदेन दर्ज किया है, जो पिछले महीने की तुलना में 5% मासिक वृद्धि है।

नोट: अगस्त में लेन-देन की मात्रा 10.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। जुलाई 2022 में, UPI लेनदेन 600 करोड़ के स्तर को पार कर गया। UPI मात्रा में लगभग 100% वर्ष-दर-वर्ष (YoY) की वृद्धि और लेन-देन की मात्रा में 75% वर्ष-दर-वर्ष (YoY) की वृद्धि हुई। NPCI का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में प्रतिदिन 1 बिलियन लेनदेन संसाधित करना है।

25. भारत के विभिन्न स्थानों में बीमा लोकपाल की वर्तमान संख्या 17 है।

नोट: बीमा लोकपाल ने वर्ष 2020-21 में 30,596 की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान देश भर में बीमा फर्मों के खिलाफ 40,527 शिकायतों का निपटारा किया है। स्वास्थ्य बीमा से संबंधित शिकायतें वर्ष 2020-21 में लोकपाल द्वारा निपटाए गए कुल मामलों का एक तिहाई हैं। यह बीमा विवादों के निपटान का एक वैकल्पिक तरीका है। इसका गठन वित्त मंत्रालय द्वारा 2017 में बनाए गए नियमों के तहत किया गया था।

26. **ESAF स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 'इंद्रधनुष बचत खाता' (रेनबो सेविंग अकाउंट) शुरू किया है।

नोट: यह बैंक खाता उच्च बचत दर तथा उन्नत डेबिट कार्ड सुविधाओं सहित अनेक सुविधाएं प्रदान करता है। वर्ष 2015 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को अपने सभी फॉर्म तथा आवेदन पत्रों में एक अलग कॉलम 'थर्ड जेंडर' शामिल करने का निर्देश दिया था। उपेक्षित समुदाय की बचत की आदत समग्र रूप से अर्थव्यवस्था के विकास में भारी योगदान देगी।

27. **IDFC फर्स्ट बैंक** ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) में सहभागी के रूप में हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: बैंक ने खरीदारों के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है, जो उन्हें ONDC नेटवर्क में विक्रेताओं को खोजने में मदद करता है। बैंक ने छोटे व्यापारियों, जो उसके चालू खाता ग्राहक हैं, को ONDC के साथ पंजीकृत एक सहभागी ऐप पर जोड़ना शुरू कर दिया है। ऐप से छोटे व्यापारियों को ONDC के इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर लेनदेन करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

28. रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और **पॉलिसीबाजार** ने साथ मिलकर रिलायंस हेल्थ गेन पॉलिसी लॉन्च की है, जो उनके ग्राहकों को आवश्यकतानुसार अपनी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी चुनने तथा उसे अपने अनुकूल बनाने की स्वतंत्रता देती है।

नोट: उत्पाद को सभी के लिए सुलभ बनाने हेतु उसे डिजिटल वितरण चैनल, पॉलिसीबाजार पर लाइव किया जा रहा है। यह पॉलिसी- प्लस, पावर तथा प्राइम में उपलब्ध है। यह योजना 2 सदस्यों के छोटे परिवार के साथ-साथ 12 सदस्यों के बड़े परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

29. **कर्नाटक बैंक** अब ट्रेजरी विभाग के खजाने- II (K2) एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS) का सहभागी बन गया है।

नोट: कारण: केंद्र प्रायोजित योजनाओं (CSS) के लिए सिंगल नोडल एजेंसी (SNA) खाता प्रणाली को लागू करना। बैंक अपने प्रौद्योगिकी तथा डिजिटल समाधानों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के अपने कई प्रयासों को लागू करने में कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर कार्य करना जारी रखेगा।

30. गूगल के क्लाउड कंप्यूटिंग डिवीजन ने **HDFC ERGO जनरल इंश्योरेंस** के साथ मिलकर एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने के लिए साझेदारी की है जो भारत में बीमा खरीद तथा परिचर्या को डिजिटल बनाने में मदद करेगा।

नोट: HDFC ERGO अभिनव बीमा उत्पाद लॉन्च करेगा। HDFC ERGO का लक्ष्य 2024 तक पूरी तरह से क्लाउड में स्थानांतरित होना है। वर्तमान में, इसकी लगभग 93% खुदरा पॉलिसी डिजिटल रूप से जारी की जाती हैं और इसके लगभग 40% ग्राहक अनुरोधों को वर्चुअली सेवित किया जाता है।

31. **HDFC बैंक** ने ग्रामीण बैंकिंग सेवा के एक भाग के रूप में गुजरात में 'बैंक ऑन व्हील्स' सेवा की शुरुआत की है।

नोट: उद्देश्य: ग्रामीण क्षेत्र में बैंक की पहुंच बढ़ाना। वर्तमान में, वैन प्रायोगिक परियोजना का एक भाग है और विभिन्न राज्यों में अधिक वैन चलाने की योजना है।

बैंक ऑन व्हील्स: बैंक वैन नजदीकी शाखा से 10 - 25 किमी दूर स्थित सुदूरवर्ती गांवों में जाएगी।

32. **लॉर्ड्स मार्क** को भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) से प्रत्यक्ष बीमा ब्रोकिंग लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

नोट: बीमा कंपनी को जीवन एवं सामान्य बीमा उत्पाद बेचने का लाइसेंस प्राप्त हुआ है। लॉर्ड्स मार्क अपने पॉलिसी किंग प्लेटफॉर्म पर जीवन तथा सामान्य बीमा उत्पादों को लॉन्च करने के लिए अन्य बीमा कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी। पॉलिसी किंग: अपने ग्राहकों को सभी उपलब्ध बीमा ऑफर की तुलना करने की सुविधा प्रदान करता है।

33. सौर पैनल निर्माता **वारी (WAAREE)** ने सूर्य शक्ति सोलर फाइनेंस योजना के माध्यम से सौर परियोजनाओं हेतु प्रतिभूति रहित वित्तपोषण प्रदान करने के लिए SBI के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: समझौता EDFS (इलेक्ट्रॉनिक डीलर फाइनेंस स्कीम) के तहत चैनल पार्टनर्स के लिए कार्यशील पूंजी भी प्रदान करता है। WAAREE सूर्य शक्ति सौर योजना के माध्यम से 500 करोड़ रुपये से अधिक की क्रेडिट लाइन का लाभ उठाना हेतु अभिप्रेत है। WAAREE, ALMM में सूचीबद्ध 650Wp सोलर पैनल प्राप्त करने के लिए भारत में एकमात्र निर्माता है।

34. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण देने के लक्ष्य को हासिल करने में एक्सिस बैंक की सहायता के लिए **पेनियरबाय (PayNearby)** ने बैंक के साथ साझेदारी की है।

नोट: इस साझेदारी का उपयोग सुदूरवर्ती क्षेत्रों में खुदरा तथा वैयक्तिक दोनों ग्राहकों के लिए चालू तथा बचत खाते खोलने में किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, 40% निवल बैंक ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों सहित) को दिया जाना है।

35. फॉर्च्यून रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 142 अरबपतियों की संपत्ति का कुल मूल्य **832 बिलियन डॉलर (66.36 ट्रिलियन रुपये)** है।

नोट: पहली सूची वेल्थ मैनेजमेंट फर्म, वाटरफील्ड एडवाइजर्स के सहयोग से बनाई गई थी। फॉर्च्यून तथा वाटरफील्ड ने सूचीबद्ध तथा असूचीबद्ध संपत्ति का विवरण, सूचीबद्ध व्यवसाय के बाहर निवेश संबंधी अतिरिक्त जानकारी जैसे कि अन्य सार्वजनिक कंपनियों में हिस्सेदारी इत्यादि एकत्र की।

36. RBI ने इंडस्ट्रियल बैंक ऑफ कोरिया पर नियामक मानदंडों की अवज्ञा के लिए **36 लाख रुपये** का मौद्रिक जुर्माना लगाया।

नोट: कारण: अपने ग्राहक को जानें (KYC) के कुछ मानदंडों की अवज्ञा करना। RBI ने क्रिएशन ऑफ ए सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ लार्ज कॉमन एक्पोजर्स - एक्रॉस बैंक्स' की अवज्ञा के लिए वूरी बैंक पर भी 59.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। KYC निर्देशों के उल्लंघन के लिए इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड पर 12.35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

37. **मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** ने 'स्मार्ट फ्लेक्सी प्रोटेक्ट सॉल्यूशन' लॉन्च किया है, जो बाजार लिंक निवेश रिटर्न के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवन कवर प्रदान करता है।

नोट: यह मैक्स लाइफ फ्लेक्सी वेल्थ प्लस और मैक्स लाइफ क्रिटिकल इलनेस और डिसएबिलिटी सिक्योर राइडर का संयोजन है। यह पॉलिसी मृत्यु, विकलांगता तथा गंभीर बीमारी से व्यापक सुरक्षा के साथ-साथ संपत्ति सृजन का एक अनूठा प्रस्ताव है।

38. निजी ऋणदाता (बैंक) **HSBC** ने भारत में आर्द्रभूमि संरक्षण तथा ऊर्जा संक्रमण परियोजनाओं जैसे हरित कारणों का समर्थन करने के लिए अगले पांच वर्षों में 125 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

नोट: प्रतिबद्धता के तहत, HSBC ने कार्यों को ऊर्जा संक्रमण तथा प्रकृति-आधारित समाधानों में विभाजित किया है। प्रकृति-आधारित समाधान: आर्द्रभूमि, मैंग्रोव तथा वनों के संरक्षण और पुनर्जीवन, भूदृश्य पुनरुद्धार के लिए परियोजनाएं। ऊर्जा संक्रमण: नवीकरणीय तथा ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम

39. **HDFC बैंक** नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (NeSL) के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (e-BG) जारी करने वाला भारत का पहला बैंक है।

नोट: नया e-BG कागज आधारित तथा अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया को समाप्त कर देगा। इसे अधिक सुरक्षा के साथ तुरंत संसाधित, मुद्रांकित, सत्यापित और वितरित किया जा सकता है। ग्राहकों को BG (बैंक गारंटी) जारी करने में तेजी लाने के लिए HDFC बैंक पूरी तरह से eBG प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित होगा। NeSL के MD तथा CEO: देबज्योति राय चौधरी

40. **एक्सिस बैंक** ने एक संयुक्त ब्रांडेड होम बायर इकोसिस्टम "ओपन डोर" लॉन्च करने के लिए स्क्वायर यार्ड के साथ साझेदारी की है।

नोट: उद्देश्य: सपनों का घर खोजने तथा खरीदने की पूरी प्रक्रिया ग्राहकों के लिए परेशानी रहित, प्रभावी और आनन्ददायक है। यह साझेदारी यह भी सुनिश्चित करती है कि सभी ग्राहकों को आवास ऋण आसानी से मिल सके। ओपन डोर्स एक एकीकृत मंच है जो आवासीय स्थावर संपत्ति संबंधी उपभोक्ता के सभी प्रश्नों का प्रबंधन करने के लिए बनाया गया है।

41. जीवन बीमा कंपनी **HDFC लाइफ** ने क्लिक2प्रोटेक्ट सुपर (Click2Protect Super) नामक एक टर्म इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है।

नोट: ऑफर: यह सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुसार ग्राहकीकरण करता है और केवल आपके द्वारा चुने गए लाभों/योजना विकल्पों के लिए भुगतान करता है। यह एक नॉन-लिंक्ड, असहभागी, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम प्रीमियम/बचत जीवन बीमा योजना है। यह विभिन्न उपयोग क्षमताएं प्रदान करता है जैसे कि लाइफ कवर बदलना, पॉलिसी अवधि का विस्तार करना, आकस्मिक मृत्यु तथा लाइलाज बीमारी के लिए कवरेज प्राप्त करना आदि।

42. **केनरा HSBC लाइफ इंश्योरेंस** ने एक नई जीवन बीमा पॉलिसी 'आईसेलेक्ट गारंटीड फ्यूचर' (iSelect Guaranteed Future) शुरू की है, जो एक

व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड, असहभागी, बचत तथा सुरक्षा योजना है।

नोट: पॉलिसी कई विकल्पों में आती है: आईअचीव और फ्लेक्सी आईअचीव विकल्प: सीमित अवधि के लिए भुगतान करें और परिपक्वता पर गारंटित बीमित राशि प्राप्त करें। आईएश्योर और फ्लेक्सी आईएश्योर योजना: सीमित अवधि के लिए भुगतान करें, और परिपक्वता पर गारंटित एकमुश्त राशि प्राप्त करें। ईज़ी आईअचीव: एकल प्रीमियम भुगतान अवधि।

43. DWS ग्रुप तथा **निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट** ने यूरोपीय-सूचीबद्ध भारत सरकार बॉन्ड ETF को पोर्टफोलियो प्रबंधन तथा निवेश परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए समझौता किया है।

नोट: निवेशकों की लगातार बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए DWS लगातार अपनी ETF रेंज विकसित कर रहा है। इस सहयोग के माध्यम से, ग्राहक आकर्षक भारतीय बॉन्ड बाजार तक पहुंच स्थापित कर सकते हैं। निप्पॉन लाइफ इंडिया भारतीय नियत-आय बाजार के बारे में अपनी गहन जानकारी का प्रयोग करती है।

44. **SBI** के शेयरों का मूल्य जो अन्यथा कमजोर बाजार में BSE पर एक दिन के कारोबार में 10% बढ़ गया, 564.45 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद बैंक ने पहली बार बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 5 ट्रिलियन रुपये के आंकड़े को छुआ।

नोट: 5.03 ट्रिलियन रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ, SBI समग्र बाजार पूंजीकरण रैंकिंग में सातवें स्थान पर रहा। HDFC बैंक (8.38 ट्रिलियन रुपये का बाजार पूंजीकरण) तथा ICICI बैंक (6.33 ट्रिलियन रुपये का बाजार पूंजीकरण) के बाद, SBI देश का तीसरा ऋणदाता बन गया।

45. **ICICI लोम्बार्ड** ने AI-आधारित SaaS वॉइस ऑटोमेशन प्लेटफॉर्म (Skit.ai) के सहयोग से AI-संचालित डिजिटल वॉइस एजेंट लॉन्च किया।

नोट: विशेषता: यह ग्राहकों को स्वास्थ्य एवं मोटर बीमा पॉलिसियों के लिए उनके बीमा क्लेम की स्थिति जानने में सहायता करेगा। डिजिटल वॉइस एजेंट ने ग्राहकों को अपने क्लेम की स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने की प्रक्रिया को एक मिनट के भीतर पूरा करके मदद करना आरंभ भी कर दिया है।

46. पूंजी जुटाने के लिए एक प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रहे RRB के पास पिछले तीन वर्षों में कम से कम **300 करोड़ रुपये** निवल संपत्ति होनी चाहिए।

नोट: सरकार ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) को पूंजी जुटाने तथा पात्र RRB की पहचान करने का दायित्व उनके प्रायोजक बैंकों पर डालने संबंधी दिशा-निर्देशों का एक विस्तृत मसौदा जारी किया। उनकी पूंजी पर्याप्तता नियामक न्यूनतम स्तर 9% से अधिक होनी चाहिए।

47. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2022 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति **12.4% रही।**

नोट: कारण: विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में कमी के कारण WPI मुद्रास्फीति गिर गई। थोक मुद्रास्फीति मई 2022 में 15.88% के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी और अगस्त 2022 में 11.64% थी। अगस्त दो-अंकीय थोक मूल्य मुद्रास्फीति (WPI) का लगातार 17वां महीना है।

48. फिच रेटिंग के अनुसार, 2022-23 के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) विकास दर पूर्वानुमान **7% है।**

नोट: कारण: वैश्विक आर्थिक मंदी, उच्च मुद्रास्फीति और सख्त मौद्रिक नीति के प्रभाव के कारण। यूरोपीय गैस संकट, उच्च मुद्रास्फीति तथा वैश्विक मौद्रिक नीति सख्तीकरण में तेजी से आर्थिक संभावनाओं पर भारी असर पड़ रहा है। फिच ने अनुमान लगाया है कि 2023-24 में विकास दर 7.4% से कम होकर 6.7% हो जाएगी।

49. **कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय** ने व्यवसाय में सुगमता को आसान बनाने तथा छोटी कंपनियों पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए "छोटी कंपनियों" की चुकता पूंजी की सीमा को संशोधित किया।

नोट: चुकता पूंजी की सीमा: 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4 करोड़। टर्नओवर: 20 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40 करोड़ रुपये। लाभ: नकदी प्रवाह विवरण तैयार करने की कोई आवश्यकता नहीं है; संक्षिप्त वार्षिक रिटर्न आदि तैयार करने तथा दाखिल करने का लाभ।

50. कार्यस्थल संस्कृति पर वैश्विक प्राधिकरण ग्रेट प्लेस टू वर्क® द्वारा सूचीबद्ध किया जाने वाला एकमात्र भारतीय बैंक **फेडरल बैंक** है।

नोट: एशिया में सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल™ 2022 में बैंक को 63वां स्थान मिला है। यह सम्मान गोपनीय सर्वेक्षण डेटा पर आधारित है जो विश्वास, नवाचार, कंपनी के मूल्यों तथा नेतृत्व पर कर्मचारी के अनुभवों का आकलन करता है। कंपनियों का मूल्यांकन उनके द्वारा बिना किसी पद निरपेक्ष के अच्छी तरह से सभी कर्मचारियों का फॉर ऑल™ कार्यस्थल अनुभव सृजन करने के आधार पर भी होता है।

51. चेन्नई स्थित रेप्को होम फाइनेंस लिमिटेड (RHFL) के आवास ऋण ग्राहकों को बीमा समाधान प्रदान करने के लिए **एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस (EGI)** ने उसके साथ करार किया।

नोट: EGI, RHFL के ग्राहकों को पूरे भारत में स्थित अपनी शाखाओं के माध्यम से संपत्ति बीमा कवर और ऋण सुरक्षा कवर प्रदान करेगा। EGI ऋण ग्राहियों को आर्थिक रूप से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अनुकूलित, किफायती तथा सुविधाजनक बीमा समाधान प्रदान करेगा।

52. **सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (MAS)** के केंद्रीय बैंक ने फिनटेक प्रौद्योगिकी में नियामक सहयोग तथा साझेदारी के लिए IFSCA के साथ एक फिनटेक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नोट: MAS सिंगापुर का केंद्रीय बैंक तथा एकीकृत वित्तीय नियामक है। IFSCA भारत में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों में वित्तीय उत्पादों के विकास तथा विनियमन के लिए एक एकीकृत प्राधिकरण है।

53. भारत को सुरक्षित तथा आसान धनप्रेषण सुविधा प्रदान करने के लिए **SBI** ने रेमिटली के साथ समझौता किया।

नोट: यह समझौता NRI को मोबाइल तथा वेब एप्लिकेशन का उपयोग करके अपने परिवार के सदस्यों को रेमिटली के द्वारा SBI के माध्यम से पैसे भेजने में सक्षम बनाएगा। अंतरण के स्वरूप तथा राशि के आधार पर, रेमिटली बेहतर विनिमय दर, तत्काल जमा, तथा शून्य धनप्रेषण शुल्क की सुविधा प्रदान करता है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेजरी ने रेमिटली को मनी सर्विसेज फर्म के रूप में प्रमाणित किया है।

54. SBI ने अपनी वरिष्ठ नागरिक FD योजना, 'SBI WeCare FD' में निवेश की समय सीमा **31 मार्च, 2023** तक विस्तारित की है।

नोट: उद्देश्य: सावधि जमा पर अतिरिक्त ब्याज प्रदान करके वरिष्ठ नागरिकों की आय को सुरक्षित करना। जमा अवधि: 5 से 10 वर्ष; ब्याज दर: जनता के लिए कार्ड दर पर 30 आधार अंक (मौजूदा 50 आधार अंक के प्रीमियम से ऊपर) का अतिरिक्त प्रीमियम। FD पर लागू ब्याज दर 6.45% होगी। यह ऋण सुविधा की उपलब्धता भी प्रदान करता है।

55. RBI ने **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया** को अपने प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन फ्रेमवर्क (PCAF) से हटाने का फैसला किया।

नोट: कारण: न्यूनतम नियामक पूंजी सहित विभिन्न वित्तीय अनुपातों में सुधार। PCA मानदंड: यह एक पर्यवेक्षी साधन है और बैंकों पर तब आरोपित किया जाता है, जब वे पूंजी एवं जोखिम भारित संपत्ति अनुपात, निवल NPA तथा परिसंपत्ति प्रतिफल पर कुछ नियामक सीमाओं का उल्लंघन करते हैं। RBI ने बैंकों के उच्च निवल NPA तथा ऋणात्मक RoA के कारण जून 2017 में उन पर PCA मानदंड लागू किए।

56. **पंजाब** राज्य सरकार को अपने वित्तीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने तथा सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच में सुधार करने में सहायता हेतु विश्व बैंक से 150 मिलियन डॉलर (लगभग 1,200 करोड़ रुपये) का ऋण प्राप्त हुआ।

नोट: पंजाब पर इस समय 2.63 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। 150 मिलियन डॉलर के ऋण की परिपक्वता

अवधि 15 वर्ष है जिसमें 6 महीने की रियायत अवधि शामिल है। पंजाब सरकार अपने विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्व बैंक की सहायता से नई परियोजनाएं शुरू करेगी।

57. CCI ने वायकॉम18 मीडिया के साथ **जियो सिनेमा OTT** प्लेटफॉर्म के प्रस्तावित विलय को मंजूरी देकर एक सबसे बड़ा OTT प्लेटफॉर्म बनाया।

नोट: इसके अंतर्गत रिलायंस का जियो सिनेमा OTT ऐप वायकॉम18 को अंतरित किया जाएगा। अप्रैल 2022 में, RIL और वायकॉम18 ने बाधि ट्री सिस्टम (BTS) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। BTS वायकॉम18 में 13,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी जबकि रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज, ब्रॉडकास्टर में 1,645 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। BTS उदय शंकर (स्टार के पूर्व अध्यक्ष) की एक निवेश फर्म है।

58. एशियाई विकास बैंक (ADB) के अनुसार, वर्ष 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर **7%** है।

नोट: कारण: उच्च मुद्रास्फीति तथा मौद्रिक सख्ती। 2022-23 की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष-दर-वर्ष 13.5% बढ़ी है, जो सेवाओं में मजबूत वृद्धि को दर्शाती है। रिपोर्ट: एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (ADO) रिपोर्ट 2022 का द्वितीय परिशिष्ट।

59. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों के अंगीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए कोटक महिंद्रा बैंक तथा **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IITM)** ने मिलकर 'सेव एनर्जी मिशन' शुरू किया।

नोट: कोटक महिंद्रा बैंक की CSR पहल के तहत, IIT-बॉम्बे, IIT-गांधीनगर, IIT-इंदौर, IIT-रोपड़ में उपग्रह केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सेव एनर्जी मिशन का हब चेन्नई में IIT-मद्रास परिसर में होगा।

60. पर्याप्त पूंजी अभाव के कारण RBI ने महाराष्ट्र स्थित **लक्ष्मी को-ऑपरेटिव बैंक** का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

नोट: क्लेम: प्रत्येक जमाकर्ता 5 लाख रुपये तक की जमा बीमा क्लेम राशि प्राप्त करने का हकदार होगा। कमिश्नर फॉर कोऑपरेशन रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ (महाराष्ट्र) से कार्य समाप्त करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने को कहा गया है। आंकड़ों के अनुसार, 99% जमाकर्ता DICGC से पूरी राशि प्राप्त करने के हकदार हैं।

61. जापान के MUFG बैंक द्वारा भारत में स्थित अपनी शाखाओं की पूंजी को बढ़ाने के लिए **3,000 करोड़ रुपये ($380 मिलियन)** राशि का निवेश किया गया।

नोट: कारण: बैंक अपने भारतीय कारोबार का विस्तार करना चाहता है। प्रभाव: यह भारत में अपने वित्तीय आधार को मजबूत करेगा और अपने ग्राहकों की विविध वित्तपोषण आवश्यकताओं पर बेहतर प्रतिक्रिया देगा। इस पूंजी निवेश के साथ, भारत में MUFG बैंक की कुल पूंजी बढ़कर 5,207 करोड़ रुपये हो जाएगी। बैंक ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेकसिटी में एक शाखा खोलकर पहले ही अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है।

62. नीदरलैंड स्थित पेमेंट प्लेटफॉर्म, **टेरापे** ने भारतीय ग्राहकों तथा व्यापारियों को एक सक्रिय UPI ID के साथ सीमा पार से भुगतान करने तथा प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की अंतर्राष्ट्रीय शाखा NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) के साथ साझेदारी की है।

नोट: दोनों संगठन अपनी अधिकतम क्षमता से काम करने के लिए UPI भुगतान तथा QR समाधानों को मजबूत करने का इरादा रखते हैं। यह साझेदारी सीमा पार व्यापारिक भुगतान के लिए UPI तथा QR के उपयोग को और बढ़ाएगी।

63. **भारत विद्या** ओरिएंटल तथा साउथ एशियन स्टडीज़ के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लॉन्च किया गया एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है।

नोट: यह प्लेटफॉर्म भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (BORI) द्वारा डिजाइन तथा विकसित किया गया है। यह अपनी तरह का पहला ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो कला, वास्तुकला, दर्शन, भाषा तथा

विज्ञान के बारे में भारतीय विद्या के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले नि:शुल्क तथा क्रय योग्य दोनों कोर्स प्रदान करता है। BORI अपने कोर्स हेतु ऋण प्रदान करने के लिए भारतीय तथा विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर काम करेगा।

64. **यूको बैंक** को भारतीय रुपये में व्यापार निपटान हेतु रूस के गैज़प्रॉमबैंक के साथ एक विशेष वोस्ट्रो खाता खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मंजूरी प्राप्त हुई।

नोट: भारतीय बैंकों को जुलाई में भारतीय मुद्रा में व्यापार करने की अनुमति देने के RBI के निर्णय के बाद RBI की मंजूरी प्राप्त करने वाला यह पहला बैंक है। रूस के गैज़प्रॉमबैंक की स्थापना दुनिया के सबसे बड़े गैस उत्पादक एवं निर्यातक गैज़प्रोम द्वारा की गई थी। उद्देश्य: गैस उद्योग उद्यमों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना

65. SEBI ने उभरते निवेश वाहकों, रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (REIT) तथा इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT) को **वाणिज्यिक पत्र** जारी करने की अनुमति दी है।

नोट: कारण: अगस्त 2022 में, RBI ने संकेत दिया कि कम से कम 100 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति वाले InvIT तथा REIT वाणिज्यिक पत्र जारी करने के पात्र हैं। शर्त: उन्हें वाणिज्यिक पत्र जारी करने के लिए RBI द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों और SEBI द्वारा निर्धारित सूचीकरण मानदंडों की शर्तों का पालन करना होगा।

66. विश्व बैंक ने "सिस्टम रिफॉर्म एंडेवर्स फॉर ट्रांसफॉर्मेड हेल्थ अचीवमेंट इन गुजरात (SRESTHA-G)" के लिए गुजरात को **350 मिलियन अमेरिकी डॉलर** ऋण मंजूर किया है।

नोट: कारण: राज्य में किशोरियों तथा रोग निगरानी पर विशेष ध्यान देने के साथ स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाना। वित्तपोषक: इंटरनेशनल बैंक ऑफ रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) परिपक्वता: 18 वर्ष (5.5 वर्ष की रियायत अवधि सहित)

67. सितंबर 2022 में, RBI ने **लेह जिला** के बैंकरों को जिले में बैंकिंग कार्यों का 100% डिजिटलीकरण हासिल करने के लिए सम्मानित किया।

नोट: डिजिटल बैंकिंग: इसका तात्पर्य एक बैंक द्वारा अपने वित्तीय तथा अन्य लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से ऑनलाइन प्रदान की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सेवा से है। 2019 में, RBI ने देश के हर राज्य के कम से कम एक जिले को बैंकिंग कार्यों का 100% डिजिटलीकरण करने का प्रस्ताव दिया था। भारत का पहला पूर्ण डिजिटल बैंकिंग जिला: त्रिशूर, केरल

68. S&P ग्लोबल रेटिंग के अनुसार, 2022-23 के लिए भारत का आर्थिक विकास पूर्वानुमान **7.3%** है।

नोट: S&P ने यह भी पूर्वानुमान लगाया है कि 2022 के अंत तक मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक की 6% की उच्च उदारता सीमा से ऊपर रहने की संभावना है। कारण: इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए बाह्य परिवेश में बुरा अनुभव आया है और उच्च वैश्विक ब्याज दरें केंद्रीय बैंकों पर दबाव डालेगी। जबकि, OECD ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत की GDP विकास दर 6.9% रहने का अनुमान लगाया है।

69. हैदराबाद में साइबर सुरक्षा केंद्र उत्कृष्टता (CCoE) में **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** ने 'एथिकल हैकिंग लैब' का उद्घाटन किया।

नोट: उद्देश्य: संभावित साइबर खतरों के खिलाफ बैंक की सूचना प्रणाली, डिजिटल संपत्ति, चैनल आदि की सुरक्षा के लिए साइबर रक्षा तंत्र का निर्माण करना। एथिकल हैकिंग लैब का उद्घाटन सुश्री ए. मणिमेखलाई (यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की MD तथा CEO) द्वारा किया गया था। यूनियन बैंक डिजिटल पैठ बढ़ाने के लिए अनेक नई पहल अपना रहा है।

70. **एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने 2022-2025 के लिए एशिया-प्रशांत को कम से कम 14 बिलियन डॉलर प्रदान करने की योजना की घोषणा की है।

नोट: कारण: जलवायु परिवर्तन के कारण बिगड़ते खाद्य संकट को कम करना तथा खाद्य प्रणालियों को मजबूत करके दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा में सुधार

करना। निधि का उपयोग: कृषि निविष्टि, खाद्य उत्पादन तथा वितरण, सामाजिक सुरक्षा, सिंचाई एवं जल संसाधन प्रबंधन सहित क्षेत्रों में मौजूदा एवं नई परियोजनाओं के माध्यम से वित्त पोषण पहुंचाया जाएगा।

71. **BSE** को अपने प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (EGR) पेश करने के लिए SEBI से अंतिम मंजूरी मिली।

नोट: इससे पहले, SEBI ने गोल्ड एक्सचेंज की स्थापना के लिए एक नियामक ढांचे का प्रस्ताव दिया था। उद्देश्य: एक पारदर्शी घरेलू हाजिर कीमत खोज तंत्र बनाने में मदद करना। EGR: स्वर्ण का प्रतिनिधित्व करने वाले साधनों को EGR के रूप में जाना जाता है। इसे भारत में उपलब्ध अन्य प्रतिभूतियों के समान व्यापार, समाशोधन तथा निपटान सुविधाओं के साथ प्रतिभूतियों के रूप में अधिसूचित किया जाएगा

72. विश्व बैंक तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के सहयोग से सरकार **1 बिलियन डॉलर** की धनराशि का एक फंड लॉन्च करेगी।

नोट: उद्देश्य: 2/3 पहिए वाले EV की खरीद के लिए वित्तपोषण करने वाले ऋणदाताओं को ऋण चूक के सामने प्रत्याभूति प्रदान करना तथा EV के तेज और आसान वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करना। नीति आयोग परियोजना की सुविधा प्रदानकर्ता एजेंसी होगी। प्रारंभ में 300 मिलियन डॉलर के फंड का उपयोग "प्रथम हानि जोखिम साझाकरण साधन" के रूप में किया जाएगा। कार्यान्वयन संस्था: SIDBI

73. सितंबर 2022 में, यूबी (पहले, क्रेडएवेन्यू) ने बैंक के को-लेंडिंग पोर्टफोलियो में वृद्धि करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)** के साथ साझेदारी की है।

नोट: YubiCo.Lend एक सह-ऋण बाजार है, जो ऋणदाताओं को कई साझेदारों के साथ मिलकर काम करने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को संयुक्त ऋण वितरित करने की सुविधा प्रदान करता है। यूबी एक व्यापक उत्पाद सूट युक्त एक एकीकृत क्रेडिट प्लेटफॉर्म है जो ऋण चक्र के सभी चरणों को पूरा करता है। संस्थापक और CEO, यूबी: गौरव कुमार

74. सितंबर 2022 में, **सैमसंग** ने वीज़ा द्वारा संचालित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की।

नोट: लाभ: उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष सैमसंग के सभी उत्पादों तथा सेवाओं पर 10% कैशबैक मिलेगा। वैरिएंट: वीज़ा सिग्नेचर और वीज़ा इन्फाइनाइट; सिग्नेचर वैरिएंट: कार्डधारक 2,500 रुपये मासिक कैशबैक सीमा के साथ प्रतिवर्ष 10,000 रुपये तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। इन्फाइनाइट वैरिएंट: कार्डधारक 5,000 रुपये की मासिक कैशबैक सीमा के साथ प्रतिवर्ष 20,000 रुपये तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।

75. विश्व बैंक के अनुसार, 2022 के लिए पूर्वी एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में अपेक्षित वृद्धि **3.2%** होगी।

नोट: पिछले वर्ष पूर्वी एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र की वृद्धि 7.2% थी। चीन में तीव्र मंदी के कारण जो उसके सख्त ज़ीरो-कोविड नियमों के कारण हुआ। चीन के सख्त नियमों ने औद्योगिक उत्पादन, घरेलू बिक्री तथा निर्यात को बाधित कर दिया। ब्याज दरें बढ़ा दी गईं जो दुनिया भर के केंद्रीय बैंक बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए कर रहे हैं।

76. **बैंक ऑफ बड़ौदा ने** ग्राहकों के लिए विभिन्न तरह के प्रस्तावों के साथ "खुशियों का त्योहार" नामक एक उत्सव अभियान शुरू किया।

नोट: BoB आवास ऋण बिना किसी प्रसंस्करण शुल्क के 7.95% वार्षिक की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर उपलब्ध हैं। BoB कार ऋण 7.95% वार्षिक (25 आधार अंकों की रियायत) से शुरू होने वाली एक विशेष दर पर पेश किए जा रहे हैं। अन्य लाभ: कोई पूर्व-भुगतान / आंशिक भुगतान शुल्क, रियायती प्रसंस्करण शुल्क, और सात वर्ष की लंबी चुकौती अवधि।

77. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा रेपो दर में आधे प्रतिशत की वृद्धि के बाद संशोधित रेपो दर **5.9% है।**

नोट: तदनुसार, स्थायी जमा सुविधा को 5.65% पर समायोजित किया गया है, और सीमांत स्थायी सुविधा तथा बैंक दर को 6.15% तक समायोजित किया गया

है। मई 2022 से, उन्होंने RBI ने रेपो दर में 190 आधार अंकों की वृद्धि की है। 2022-23 के लिए वास्तविक GDP 7.0% की दर से बढ़ने का अनुमान है। RBI ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार: 537.5 बिलियन डॉलर

78. टाटा मेटालिक्स को ऋण बीमा - लेनदारी लेखा समाधान प्रदान करने के लिए **DBS बैंक (भारत)** ने HDFC ERGO जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी की और एट्रैडियस (व्यापार ऋण बीमा प्रदाता) द्वारा पुनर्बीमा किया गया।

नोट: यह ऋण बीमा सौदा ट्रेड क्रेडिट बीमा का लाभ उठाने वाला पहला सौदा है। संशोधित ढांचा IRDAI द्वारा नवंबर 2021 में शुरू किया गया था, जो बैंकों को इस प्रस्ताव में भाग लेने की अनुमति देता है।

79. कैबिनेट ने महंगाई भत्ता (DA) तथा महंगाई राहत में 4% की वृद्धि की है, जो **1 जुलाई, 2022** से प्रभावी है।

नोट: DA और महंगाई राहत (DR) की अतिरिक्त किस्त मूल वेतन/पेंशन के 34% की मौजूदा दर में 4% की वृद्धि है। DA और DR दोनों के कारण राजकोष पर 12,852.5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का संयुक्त प्रभाव होगा। DA और DR में वृद्धि जून, 2022 को समाप्त अवधि के लिए अखिल भारतीय CPI के 12 मासिक औसत में प्रतिशत वृद्धि पर आधारित है।

श्रद्धांजलियां

1. सोवियत के पूर्व नेता मिखाइल गोर्बाचेव का निधन हो गया, उन्हें वर्ष **1990** मे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

   नोट: उन्होंने 1985 में सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और देश के वास्तविक नेता के रूप में कार्य किया। वह सत्तारूढ़ परिषद 'पोलित ब्यूरो' के सबसे युवा सदस्य थे।

2. साइरस मिस्त्री, जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **टाटा संस** कंपनी के पूर्व अध्यक्ष थे।

   नोट: उन्होंने 2012 में टाटा ग्रुप के चेयरमैन के रूप में कार्य किया था, उन्होंने रतन टाटा की जगह ली थी। वह टाटा ग्रुप के छठे चेयरमैन तथा बिना टाटा उपनाम वाले दूसरे चेयरमैन थे। वे 2006 में टाटा संस के बोर्ड में निदेशक के रूप में शामिल हुए।

3. टी.वी. शंकरनारायण, जिनका हाल ही में निधन हो गया है,वे एक प्रसिद्ध **कर्नाटक संगीतकार** थे।

   नोट: वह कर्नाटक संगीत की मदुरै मणि अय्यर शैली के पथप्रदर्शक थे। उन्होंने मदुराई मणि अय्यर के साथ कई मंच साझा किए थे। उन्होंने 2003 में मद्रास संगीत अकादमी का संगीत कलानिधि पुरस्कार जीता और 2003 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

4. प्रसिद्ध कलाकार, राम चंद्र मांझी का निधन हो गया, वह **लौंडा नाच** लोक नृत्य के लिए जाने जाते थे।

   नोट: वह एक भारतीय भोजपुरी लोक नर्तक तथा थिएटर कलाकार थे, जिन्हें लौंडा नाच कलाकार के रूप में जाना जाता है। उन्हें कला के क्षेत्र में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2017), पद्म श्री (2021) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

5. इतिहास में विश्व की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली रानी, महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का निधन हो गया, वह **यूनाइटेड किंगडम** की महारानी थीं।

   नोट: वह 1952 में गद्दी पर बैठी थीं। वह 2015 में यूके की सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाली महारानी बनीं, जब उन्होंने महारानी विक्टोरिया (1837 से 1901) के रिकॉर्ड को तोड़ा। चार्ल्स III (73) यूके के राजा और ऑस्ट्रेलिया, कनाडा तथा न्यूजीलैंड सहित 14 अन्य क्षेत्रों के राष्ट्र प्रमुख बने।

6. प्रसिद्ध पुरातत्वविद् ब्रज बासी लाल, जिन्होंने 1970 के दशक के मध्य में राम जन्मभूमि स्थल पर खुदाई का नेतृत्व किया, का निधन हो गया, उन्हें वर्ष **2021** में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

नोट: भारत के वरिष्ठतम पुरातत्वविद् में से एक श्री लाल 100 वर्ष की आयु में भी पुरातत्व अनुसंधान और लेखन में सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्हें 1944 में सर मोर्टिमर व्हीलर ने तक्षशिला में प्रशिक्षित किया, जिसके बाद वे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में शामिल हुए और 1968 से 1972 तक इसके महानिदेशक रहे।

7. यू. कृष्णम राजू, जिनका निधन हो गया, वे **पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं** प्रसिद्ध **फिल्म अभिनेता** थे।

नोट: उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1966 में चिलुका गोरीनका के साथ एक अभिनेता के रूप में की थी। उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए राज्य सरकार द्वारा स्थापित प्रथम नंदी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1990 में, वह भाजपा में शामिल हुए और काकीनाडा तथा नरसापुरम निर्वाचन क्षेत्रों से 12वीं तथा 13वीं लोकसभा हेतु चुने गए।

8. शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती, जिनका मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में निधन हो गया, **द्वारकापीठ** के शंकराचार्य थे।

नोट: उनका जन्म 1924 में मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के दिघोरी गांव में पोथीराम उपाध्याय के रूप में हुआ था। उन्होंने नौ वर्ष की आयु में भगवान की खोज में अपना घर छोड़ दिया था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्हें कैद में रखा गया था। वे गुजरात में द्वारका शारदा पीठम और बद्रीनाथ में ज्योतिर मठ के शंकराचार्य थे।

9. कमल नारायण सिंह का निधन हो गया है, वह **भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश** थे।

नोट: वह 25 नवंबर 1991 से 12 दिसंबर 1991 तक भारत के 22वें मुख्य न्यायाधीश थे। उन्होंने 1970 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में अपना करियर शुरू किया। इसके बाद वे अगस्त 1972 में स्थायी न्यायाधीश बने। 1986 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।

10. जीन-ल्यूक गोडार्ड, जिनका हाल ही में निधन हो गया, **फ्रांस** के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता थे।

नोट: वह अपनी पदार्पण फिल्म 'ब्रेथलेस' के लिए जाने जाते थे। उन्हें फ्रेंच न्यू वेव का जनक और 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली फिल्म निर्माताओं में से एक माना जाता था। उनकी प्रमुख फिल्में: माई लाइफ टू लिव; कंटेम्प्ट; पियरोट ले फू; ए वूमन इज़ ए वूमन; हिस्टोइरीज़ डु सिनेमा। उन्हें गोल्डन लायन (1983); गोल्डन बियर (1965) और ऑनरेरी एकेडमी अवॉर्ड (2010) से सम्मानित किया गया था।

11. एस. सैमी वेल्लू, जिनका हाल ही में निधन हो गया, **मलेशिया** के कैबिनेट मंत्री थे।

नोट: उन्होंने जून 1983 से जून 1989 तक और फिर मई 1995 से मार्च 2008 तक कार्य मंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने जून 1989 से मई 1995 तक ऊर्जा, दूरसंचार मंत्री का पद भी संभाला। 1979 से 31 वर्ष तक MIC प्रेसीडेंट रहने के बाद वह सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहे।

12. असद रऊफ का निधन हो गया, वह **पाकिस्तान** के पूर्व अंपायर थे।

नोट: वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वर्ष 2000 में अंपायर के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने 64 टेस्ट, 139 ODI तथा 28 T20I में अंपायरिंग की और 2000 के दशक के मध्य में पाकिस्तान के प्रमुख अंपायरों में से एक थे। उन्होंने अंपायरिंग करने से पहले नेशनल बैंक और रेलवे के लिए 71 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे, अप्रैल 2006 में उन्हें ICC एलीट पैनल में नियुक्त किया गया था।

13. नरेश कुमार, जिनका हाल ही में निधन हो गया, **टेनिस** के पूर्व खिलाड़ी थे।

नोट: स्वतंत्रता के बाद नरेश कुमार भारतीय टेनिस में एक बड़ा नाम बन गए। उन्होंने 1949 में इंग्लैंड में नॉर्दर्न चैंपियनशिप (जिसे बाद में मैनचेस्टर ओपन के नाम से जाना जाता है) के फाइनल में पहुंचकर सुर्खियां बटोरीं।

14. माणिकराव गावित, जिनका हाल ही में निधन हो गया, **राजनीति के** क्षेत्र से संबंधित थे।

नोट: 2004 की मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में कांग्रेस नेता गृह राज्य मंत्री थे। नौ बार के लोकसभा सांसद, गावित ने 1980 से 2009 तक आदिवासी बहुल नंदुरबार निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और

2014 में चुनाव हार गए। गावित के पुत्र भरत 2019 में कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के बाद भाजपा में शामिल हो गए।

15. राजू श्रीवास्तव, जिनका हाल ही में निधन हो गया, एक प्रसिद्ध **हास्य-कलाकार** थे।

नोट: वे उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष थे। 2005 में रियलिटी स्टैंड-अप कॉमेडी शो "द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज" के पहले सीज़न में भाग लेने के बाद उन्हें प्रसिद्धि मिली। उन्होंने मैंने प्यार किया, बाजीगर, बॉम्बे टू गोवा की रीमेक और आमदानी अठन्नी खर्चा रुपइया जैसी हिंदी फिल्मों में सहायक भूमिकाएं निभाईं।

16. अंतरिक्ष-यात्री, व्लादिमीरोविच पोलयाकोव, जिनके नाम अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक अकेले रुकने का रिकॉर्ड है, का निधन हो गया, वह **रूस** से संबंधित थे।

नोट:वह 1988 में अंतरिक्ष में अपने पहले मिशन पर गए और आठ महीने बाद 1989 में वापस लौटे। वह एक बार में रिकॉर्ड 437 दिनों तक अंतरिक्ष में रहे और पृथ्वी की परिक्रमा करते मीर अंतरिक्ष स्टेशन पर रहते हुए 8 जनवरी, 1994 और 22 मार्च, 1995 के बीच 7,000 से अधिक बार बाहर निकलकर काम किया। वह अपने करियर (678 दिन और 16 घंटे) के दौरान दो अंतरिक्ष अभियान पर गए।

17. लुईस फ्लेचर, जिनका निधन हो गया है, वह एक प्रसिद्ध **अभिनेत्री थीं।**

नोट: उन्हें 1976 में वन फ़्ल्यू ओवर द कूकू’ज़ नेस्ट (1975) में नर्स रैच्ड की भूमिका हेतु ऑस्कर से सम्मानित किया गया था। वह बाफ्टा पुरस्कार तथा गोल्डन ग्लोब पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकीं थीं। टेलीविजन श्रृंखला पिकेट फेंस (1996) तथा जोन ऑफ अर्केडिया (2004) में उनकी भूमिकाओं हेतु उन्हें दो एमी अवॉर्ड के लिए नामित किया गया था।

18. सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक वुल्फ हॉल की लेखिका **डेम हिलेरी मेंटल** का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उन्हें वुल्फ हॉल (2009) और ब्रिंग अप द बॉडीज (2012) के लिए बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी प्रमुख कृतियां: फ्लूड्ड; बियॉन्ड ब्लैक; उनका पहला उपन्यास 'एवीं डे इज मदर्स डे' 1985 में प्रकाशित हुआ था। उन्हें वाल्टर स्कॉट पुरस्कार (2010, 2021) और कोस्टा उपन्यास पुरस्कार (2012) से भी सम्मानित किया गया था।

19. आर्यदान मुहम्मद, जिनका निधन हो गया है, राजनीतिक दल **कांग्रेस** के सदस्य थे।

नोट: उन्होंने 1977 में केरल विधानसभा की नीलांबुर सीट (मलप्पुरम जिला) जीती। 1980 में जब वे वाम मोर्चा ग्रुप ए के सदस्य थे, तब वे ई.के. नयनार कैबिनेट में मंत्री भी रहे। उन्होंने ए.के. एंटनी कैबिनेट और ओमन चांडी कैबिनेट में मंत्री पद भी संभाला।

20. यूएस रैपर कूलियो का निधन हो गया। उसका वास्तविक नाम **आर्टिस लियोन इवे जूनियर** था।

नोट: उन्होंने बेस्ट रैप सोलो परफॉर्मेंस श्रेणी में गैंगस्टास पैरेडाइज के लिए 1996 ग्रैमी पुरस्कार जीता। उन्हें 1996 में अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड भी मिला। उनके अन्य एल्बम: इट्स टेक ए थीफ (1994), माई सोल (1997), फैंटास्टिक वॉयेज (1994), 1, 2, 3, 4 (सम्पिन 'न्यू) (1996), और सी यू व्हेन यू गेट देयर (1997)

21. जयंती पटनायक, जिनका निधन हो गया, एक **राजनीतिज्ञ थीं।**

नोट: वह NCW की पहली अध्यक्ष (1992 से 1995) और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की दूसरी अध्यक्ष भी थीं। वह 1981, 1984 और 1998 में कटक तथा बरहामपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनी गईं। उन्हें 1996 में राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। वह अपने साहित्यिक कौशल के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने के.एम. मुंशी की कृष्णावतार का उड़िया में अनुवाद किया।

महत्वपूर्ण दिवस

1. भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण सप्ताह **1 सितंबर से 7 सितंबर तक** मनाया जाता है।

नोट: उद्देश्य: भारतीय व्यंजनों के विभिन्न स्वादों का आनंद उठाते हुए लोगों को भोजन में पर्याप्त पोषण के बारे में जागरूक करना। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2022 का विषय 'Celebrate a World of Flavours'

2. हमारे दैनिक जीवन में नारियल के महत्व तथा स्वास्थ्य के प्रति इनके लाभों पर विशेष ध्यान देने के लिए विश्व नारियल दिवस प्रतिवर्ष **2 सितंबर को** मनाया जाता है।

नोट: विषय 2022: Growing coconut for a better future and life। शीर्ष नारियल निर्यातक: इंडोनेशिया, भारत, फिलीपींस, ब्राजील और श्रीलंका।

3. अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस **5 सितंबर को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस मनाने के लिए 5 सितंबर का दिन मदर टेरेसा की पुण्यतिथि के चलते चुना गया है। मदर टेरेसा को 1979 में "निर्धनता तथा विपत्तियों, जो शांति के लिए भी खतरा हैं, पर काबू पाने के लिए संघर्ष में किए गए कार्य हेतु नोबेल शांति पुरस्कार मिला।"

4. देश के पहले उप-राष्ट्रपति तथा भारत के दूसरे राष्ट्रपति, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस **5 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। भारत में पहला शिक्षक दिवस 1962 में मनाया गया था।

5. **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** 1 सितंबर से 30 सितंबर तक देश भर में 5वां राष्ट्रीय पोषण माह 2022 मना रहा है।

नोट: राष्ट्रीय पोषण माह पोषण एवं अच्छे स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। पोषण माह 2022 का मुख्य विषय "महिला और स्वास्थ्य" और "बच्चा और शिक्षा" है।

6. स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वायु के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 7 सितंबर को मनाए जाने वाले इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज़ 2022 का विषय **The Air We Share** है।

नोट: 26 नवंबर, 2019 को, UNGA के 74वें सत्र की दूसरी समिति ने 7 सितंबर को "इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज़" के रूप में निर्दिष्ट करने के लिए एक प्रस्ताव अंगीकृत किया। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा सदस्य राष्ट्रों के साथ शिखर सम्मेलन आयोजित करके मनाया जाता है।

7. व्यक्तियों तथा समाजों में साक्षरता का महत्व उत्पन्न करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस प्रतिवर्ष **8 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: विषय 2022: Transforming Literacy Learning Spaces. 26 अक्टूबर, 1966 को यूनेस्को महासम्मेलन के 14वें सत्र ने 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया। 1967 के बाद से, यह दिवस दुनिया भर में हर वर्ष मनाया जाता है।

8. दुनिया भर में आत्महत्या निरोध के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व आत्महत्या निरोध दिवस (WSPD) हर वर्ष **10 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के समर्थन में इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन (IASP) द्वारा किया जाता है। विषय 2022: Creating hope through action; यह 2021 से 2023 तक इस दिवस का त्रैवार्षिक विषय है।

9. विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस हर वर्ष सितंबर के **दूसरे शनिवार** को मनाया जाता है।

नोट: इस वर्ष विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 10 सितंबर को है। उद्देश्य: लोगों में जागरूकता फैलाना कि कैसे प्राथमिक चिकित्सा प्रतिदिन संकट में फंसे हजारों लोगों की जान बचा सकती है। विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2022 का विषय 'Lifelong Frst Aid'

10. सार्वत्रिक दक्षिण में लोगों और देशों के बीच सहयोग के महत्व को विशिष्ट रूप से दर्शान के लिए यूनाइटेड नेशन्स डे फॉर साउथ-साउथ को-ऑपरेशन वार्षिक रूप से **12 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस का उद्देश्य दक्षिणी क्षेत्र में किए गए सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक विकास पर जागरूकता भी फैलाना है।

11. वनों तथा वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राष्ट्रीय वन शहीद दिवस **11 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस पर बड़े पैमाने पर वनों तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्तमान परिदृश्य में इस दिवस का बहुत महत्व है जब अवक्षयित हरित आवरण दुनिया के सामने एक सबसे बड़ी चुनौती है।

12. विश्व ईवी दिवस 2022 **9 सितंबर** को मनाया गया।

नोट: उद्देश्य: ई-मोबिलिटी के महत्व पर जोर देना। विश्व ईवी दिवस लोगों में संधारणीय परिवहन सुविधाओं के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करता है। वायु प्रदूषण मुख्यत: परिवहन के कारण होता है, और ईवी वायु प्रदूषण को कम करने का एक प्रमुख विकल्प है।

13. इंटरनेशनल डे टू प्रोटेक्ट एजुकेशन फ्रॉम अटैक **9 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: दिन का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में सुरक्षा एवं रक्षा स्थल के रूप में स्कूलों के संरक्षण के महत्व और शिक्षा को सार्वजनिक एजेंडे में सबसे ऊपर रखने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

14. देश भर में हिंदी भाषा तथा इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, भारत प्रतिवर्ष **14 सितंबर** को हिंदी दिवस मनाता है।

नोट: यह दिवस देवनागरी लिपि में हिंदी भाषा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व्योहार राजेंद्र सिम्हा की जयंती (14 सितंबर, 1916) भी मनाता है। 14 सितंबर 1949 को, संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया। प्रथम हिंदी दिवस 14 सितंबर, 1953 को मनाया गया था।

15. राष्ट्र के विकास में अभियंताओं (इंजीनियर) के योगदान को सम्मानित करने के लिए भारत हर वर्ष **15 सितंबर** को राष्ट्रीय अभियंता दिवस मनाता है।

नोट: यह दिवस सर मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें भारत के महानतम अभियंताओं में से एक माना जाता है। एम. विश्वेश्वरैया मैसूर शहर के उत्तर-पश्चिम उपनगर में कृष्णा राजा सागर बांध के मुख्य अभियंता थे। भारत के साथ, श्रीलंका और तंजानिया भी 15 सितंबर, 2022 को अभियंता दिवस मनाते हैं।

16. **भारतीय स्वच्छता लीग** ने स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को प्रेरित करने के लिए 17 सितंबर 2022 (सेवा दिवस) से 2 अक्टूबर 2022 (गांधी जयंती) तक क्रियाकलाप पखवाड़े स्वच्छ अमृत महोत्सव की शुरुआत की है।

नोट: यह पूर्ण हृदय से सहभागिता और गर्व के साथ अपनी टीम पहचान रखने वाली अत्यधिक प्रेरित युवा टीमों की उपस्थिति के साथ शुरू हुआ। यह शहर के युवाओं द्वारा प्रेरित स्वच्छता मानकों पर खेली जाने वाली एक अंतर-शहर प्रतियोगिता है।

17. रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले विभिन्न सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 17 सितंबर को **विश्व रोगी सुरक्षा दिवस** मनाया जाता है।

नोट: यह WHO के वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य दिवसों में से एक है। यह 2019 में 72वीं विश्व स्वास्थ्य सभा द्वारा WHA72.6-रोगी सुरक्षा पर वैश्विक कार्यवाही के प्रस्ताव के अंगीकरण द्वारा स्थापित किया गया था। रोगी सुरक्षा दिवस 2022 का विषय: Medication without Harm

18. अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह (IWD) सितंबर के **अंतिम रविवार** होने वाले पूरे सप्ताह में मनाया जाता है।

नोट: 2022 में, IWD 19 सितंबर से 25 सितंबर 2022 तक मनाया गया। 2022 का विषय: Building Inclusive Communities for All; यह वर्ल्ड फेडरेशन

ऑफ द डेफ (WFD) की एक पहल है और इसे पहली बार 1958 में रोम, इटली में उस माह के सम्मान के उपलक्ष्य में शुरू किया गया था जब WFD की पहली विश्व कांग्रेस आयोजित की गई थी।

19. एक अत्यंत उपयोगी पौधे (बांस) के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व बांस दिवस 2022 **18 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस की संकल्पना विश्व बांस संगठन (WBO) द्वारा की गई है। यह दिवस बांस उद्योग की चिंताओं को उजागर करके उद्योग को बढ़ावा भी देता है। WBD को आधिकारिक तौर पर विश्व बांस संगठन द्वारा 18 सितंबर को बैंकॉक में 2009 में आयोजित 8वीं विश्व बांस कांग्रेस में घोषित किया गया था।

20. समान मूल्य के काम के लिए समान वेतन की प्राप्ति की दिशा में दीर्घकालिक प्रयासों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस **18 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस पहली बार 1996 में राष्ट्रीय समान वेतन समिति द्वारा मनाया गया था। इसका लक्ष्य समान वेतन प्राप्त करना था। इक्वल पे इंटरनेशनल कोएलिशन ने 2019 तक इसे आधिकारिक तौर पर जागरूकता बढ़ाने के दिवस के रूप में मनाना नहीं शुरू किया था।

21. रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले विभिन्न सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व रोगी सुरक्षा दिवस हर वर्ष **17 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: विषय: Medication Safety, नारा; ‘Medication Without Harm’, कार्य आह्वान; ‘Know, Check & Ask’।

22. विश्व ओजोन दिवस या अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस **16 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस का उद्देश्य ओजोन परत के महत्व तथा आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है जो सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के विरुद्ध पृथ्वी पर एकमात्र सुरक्षा है। विषय: Global Cooperation Protecting Life on Earth

23. कैंसर के तेजी से बढ़ते सामान्य रूप लिम्फोमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस (WLAD) हर वर्ष **15 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: यह लिंफोमा कोएलिशन द्वारा आयोजित एक वैश्विक पहल है।

24. अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस **15 सितंबर को** मनाया जाता है।

नोट: इस वर्ष, यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की 15वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष, यह दिवस "लोकतंत्र, शांति तथा सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मीडिया की स्वतंत्रता के महत्व" पर केंद्रित है। 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की स्थापना की गई थी।

25. तंत्रिका संबंधी विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व अल्जाइमर दिवस हर वर्ष **21 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: विषय 2022: know dementia, know Alzheimer's; अल्जाइमर रोग: यह मनोभ्रंश (डेमेंशिया) का सबसे आम रूप है। यह मस्तिष्क की कोशिकाओं को नष्ट कर देता है जिससे स्मृति हानि, स्मृति परिवर्तन, अनिश्चित व्यवहार और शरीर की क्रियाओं की हानि होती है।

26. 24 घंटे के लिए अहिंसा तथा युद्धविराम का पालन करके राष्ट्रों और लोगों के बीच शांति के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस विश्व स्तर पर **21 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 2022 का विषय “End racism. Build peace.” इस दिवस की स्थापना 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी।

27. राइनो (गैंडे) की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व राइनो दिवस हर वर्ष **22 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस गैंडे की सभी पांच प्रजातियों अर्थात् सुमात्रा, काला, एक-सींग, जावन और सफेद राइनो प्रजाति की भी सराहना करता है। विषय 2022: "Five Rhino Species Forever". इस दिवस की घोषणा WWF-दक्षिण अफ्रीका द्वारा 2010 में की गई थी। यह दिवस पहली बार 2011 में मनाया गया था और तब से यह दुनिया भर में मनाया जाता है।

28. संयुक्त राष्ट्र ने बधिर लोगों के मानवाधिकारों की अनुभूति में सांकेतिक भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस **23 सितंबर** को घोषित किया गया।

नोट: विषय 2022: Sign Languages Unite us; अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह के एक भाग के रूप में 2018 में पहला अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। भारतीय सरकार सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोश ऐप लॉन्च किया गया।

29. फार्मेसिस्टों की भूमिका समझाने तथा उन्हें सम्मान अर्पित करने के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर वर्ष **25 सितंबर को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस इस्तांबुल में इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन (FIP) परिषद द्वारा वर्ष 2009 में प्रस्तावित किया गया था। विषय 2022: Pharmacy united in action for a healthier world; विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने के लिए यह तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि इस दिन 1912 में इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन की स्थापना की गई थी।

30. विश्व के विभिन्न भागों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विश्व पर्यटन दिवस 2022 हर वर्ष **27 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: विश्व पर्यटन दिवस 2022 का विषय 'Rethinking Tourism; इस दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा 1979 में की गई थी। इस तारीख का चयन UNWTO द्वारा इसलिए किया गया था, क्योंकि यह दिन UNWTO संविधि को अंगीकृत करने की वर्षगांठ का प्रतीक है। 1997 में, UNWTO ने निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष विभिन्न मेजबान देशों में यह दिवस मनाया जाएगा।

31. जल निकायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विश्व नदी दिवस 2022 **25 सितंबर को** मनाया जाता है।

नोट: यह हर वर्ष सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। यह दिवस नदियों के मूल्यों को उजागर करता है और दुनिया भर में जन जागरूकता बढ़ाने और नदियों के बेहतर पर्यवेक्षण को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। इस वर्ष के विश्व नदी दिवस का विषय 'The importance of Rivers to Biodiversity'

32. विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष **26 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: उद्देश्य: पर्यावरण की स्थिति के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसे खराब होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रोत्साहित करना। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय "सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाना" है।

33. अंतर्राष्ट्रीय पुत्री दिवस हर वर्ष सितंबर के **चौथे रविवार** के दिन मनाया जाता है।

नोट: इस वर्ष यह दिवस 25 सितंबर को मनाया जा रहा है। दुनिया भर में लोग अपनी पुत्रियों के साथ कुछ मूल्यवान समय बिताकर और उनके लिए कुछ विशेष कार्य करके यह दिवस मनाते हैं।

34. गर्भनिरोधक ज्ञान तथा परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व गर्भनिरोधक दिवस **26 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व गर्भनिरोधक दिवस के महत्व को सतत विकास एजेंडे 2030 में शामिल किया गया है।

35. परमाणु हथियारों के संपूर्ण उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष **26 सितंबर** को मनाया है।

नोट: उद्देश्य: परमाणु हथियारों से मानवता के लिए उत्पन्न खतरे तथा उनके पूर्ण उन्मूलन की

आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना। यह जनता तथा उनके नेताओं को ऐसे हथियारों को खत्म करने के वास्तविक लाभों तथा उन्हें बनाए रखने की सामाजिक तथा आर्थिक कीमतों के बारे में शिक्षित करने का अवसर प्रदान करता है।

36. भारत में प्रतिवर्ष अंत्योदय दिवस **25 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: यह भारतीय नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का प्रतीक है और उनके जीवन तथा विरासत को याद करने के लिए उनके सम्मान में मनाया जाता है। 2022 में, अंत्योदय दिवस श्री उपाध्याय की 105वीं जयंती है। वे भारतीय जन संघ (BJS) के सह-संस्थापक तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के विचारक थे।

37. रेबीज के खिलाफ लड़ाई को बढ़ावा देने तथा इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व रेबीज दिवस हर वर्ष **28 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व रेबीज दिवस 2022 का विषय 'Rabies: One Health, Zero Deaths' यह दिवस पहली बार 2007 में दुनिया की सबसे घातक संक्रामक बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया गया था। इस अभियान को एलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल सहित कई संगठनों के बीच साझेदारी के रूप में शुरू किया गया था।

38. सूचना से संबंधित कानूनों का विस्तार करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल डे फॉर यूनिवर्सल एक्सेस टू इनफॉर्मेसन (IDUAI) हर वर्ष **28 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: उद्देश्य: इस विचार का समर्थन करना कि सभी को सूचना मांगने, प्राप्त करने और वितरित करने का अधिकार है। 2022 में वैश्विक सम्मेलन का विषय "Artificial Intelligence, e-Governance and Access to Information" 17 नवंबर 2015 को यूनेस्को ने 28 सितंबर को IDUAI घोषित किया है।

39. हृदय संबंधी समस्याओं और बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व हृदय दिवस हर वर्ष **29 सितंबर** को मनाया जाता है।

नोट: विषय 2022: Use Heart for Every Heart. यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन (WHF) के सहयोग से स्थापित किया गया था। WHF के अध्यक्ष, एंटोनी बेयस डी लूना, जिन्होंने 1997 से 1999 तक इस पद पर कार्य किया, ने यह विचार पेश किया था। पहले यह दिवस मूल रूप से 24 सितंबर 2000 को मनाया जाता था।

40. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) सितंबर के **अंतिम गुरुवार को** विश्व समुद्री दिवस मनाता है।

नोट: इस वर्ष, यह 29 सितंबर को मनाया गया। फोकस: समुद्री सुरक्षा तथा समुद्री पर्यावरण पर जनता का ध्यान आकर्षित करना। 2022 विषय: New technologies for greener shipping; विश्व समुद्री दिवस पहली बार 17 मार्च 1978 को मनाया गया था। IMO की स्थापना 1948 में शिपिंग क्षेत्र की देखरेख के लिए की गई थी।

नई नियुक्तियां

1. ONGC ने 1 सितंबर, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 तक **राजेश कुमार श्रीवास्तव को** 4 महीने की अवधि के लिए अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया।

   नोट: वह ONGC बोर्ड में सबसे वरिष्ठ निदेशक हैं। वर्तमान कार्यकारी प्रमुख अल्का मित्तल के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

2. थाईलैंड में भारत का अगला राजदूत **नागेश सिंह को** नियुक्त किया गया।

   नोट: वे वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। वह राजदूत, सुचित्रा दुरई की जगह लेंगे और उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। नागेश सिंह भारतीय विदेश सेवा (IFS) के 1995

बैच के अधिकारी हैं, जो अटलांटा में भारत के महावाणिज्य दूत रह चुके हैं।

3. स्टारबक्स ने **लक्ष्मण नरसिम्हन को** अगला मुख्य कार्यकारी अधिकारी और स्टारबक्स के निदेशक मंडल का सदस्य नियुक्त किया।

   नोट: CEO का पद संभालने से पहले वह अंतरिम CEO, हॉवर्ड शुल्ज़ के साथ मिलकर काम करेंगे। हॉवर्ड शुल्ज़ 1 अप्रैल, 2023 तक अंतरिम CEO बने रहेंगे।

4. भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) का नया कार्यकारी अध्यक्ष **न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ को** नियुक्त किया।

   नोट: उन्होंने न्यायमूर्ति यू.यू. ललित की जगह ली, जिन्हें भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। वह इलाहाबाद HC के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तथा बॉम्बे HC के पूर्व न्यायाधीश थे। NALSA का गठन कमजोर वर्गों को नि:शुल्क विधिक सेवाएं प्रदान करने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया।

5. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) का अध्यक्ष **कल्याण चौबे को** चुना गया।

   नोट: उन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान बाईचुंग भूटिया को 33-1 से हराया। संघ के 85 वर्ष के इतिहास में, यह पहली बार था जब किसी पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना गया।

6. GAIL के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार **एम.वी. अय्यर को** सौंपा गया।

   नोट: उन्होंने वर्तमान CMD, मनोज जैन की जगह ली है, जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें इस पद पर 1 सितंबर, 2022 से तीन महीने की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया गया है।

7. 1 सितंबर 2022 से तीन महीने के लिए NHPC का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक **यमुना कुमार चौबे को** नियुक्त किया गया।

   नोट: उन्होंने अभय कुमार सिंह की जगह ली, जो 31 अगस्त, 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। वह IIT, खड़गपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने 1985 में 540 मेगावाट चमेरा हाइड्रो-इलेक्ट्रिक परियोजना, अब चमेरा-I पावर स्टेशन, हिमाचल प्रदेश में एक परिवीक्षाधीन कार्यकारी (सिविल) के रूप में NHPC लिमिटेड में पदभार ग्रहण किया।

8. कंजर्वेटिव पार्टी की नेता, लिज़ ट्रस को **यूनाइटेड किंगडम** देश की 56वीं प्रधान मंत्री चुना गया।

   नोट: उन्होंने वर्तमान प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन की जगह ली, जो क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। वह 2021 से विदेश सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी ऋषि सुनक को 57 प्रतिशत मतों से हराया। वह देश का नेतृत्व करने वाली तीसरी महिला प्रधानमंत्री होंगी।

9. तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 4 सितंबर 2022 से 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक तथा CEO के रूप में **कृष्णन शंकरसुब्रमण्यम कि** नियुक्ति को मंजूरी दी।

   नोट: उन्होंने वर्तमान MD एवं CEO, के.वी. राम मूर्ति की जगह ली, जिनका कार्यकाल 3 सितंबर 2022 को समाप्त हो गया था। इससे पहले, वह 4 सितंबर 2020 से 31 मई 2022 तक पंजाब एंड सिंध बैंक के MD तथा CEO थे।

10. 3 सितंबर, 2022 को शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (SCI) के अध्यक्ष और MD का पदभार **कैप्टन बी. के. त्यागी** ने ग्रहण किया।

    नोट: इससे पहले, वह निदेशक थे, जो SCI में लाइनर तथा यात्री सेवा प्रभाग संभाल रहे थे। उन्होंने एक प्रशिक्षु समुद्री अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और 1990 में SCI में मास्टर सहित विभिन्न रैंकों में विभिन्न जहाजों पर सवार हुए। SCI पत्तन, पोतपरिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) के तहत एक नवरत्न CPSE है।

11. कनाडा में भारत का अगले उच्चायुक्त **संजय कुमार वर्मा को** नियुक्त किया गया।

    नोट: वह भारतीय विदेश सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में जापान में भारत के

राजदूत हैं। उन्होंने हांगकांग, चीन, वियतनाम और तुर्की में भारतीय मिशनों में कार्य किया है। उन्होंने मिलान, इटली में भारत के महावाणिज्य दूत के रूप में भी कार्य किया है। जबकि अमित कुमार, जो वर्तमान में शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूत हैं, को कोरिया गणराज्य का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

12. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 सितंबर, 2022 से कार्य करने के लिए **न्यायमूर्ति एम. दुरईस्वामी को** मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया।

    नोट: इससे पहले, वह मद्रास उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश थे। उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुनीश्वरनाथ भंडारी की जगह ली। 1987 में वह तमिलनाडु और पुडुचेरी बार काउंसिल में एक वकील के रूप में पंजीकृत हुए।

13. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ऑस्ट्रिया के **वोल्कर टर्क** को अगला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त नियुक्त किया।

    नोट: नए उच्चायुक्त वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के कार्यकारी कार्यालय में एक अवर महासचिव के रूप में वैश्विक नीति संबंधी कार्यों का समन्वय कर रहे हैं। 2019 से 2021 तक, टर्क ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के कार्यकारी कार्यालय में रणनीतिक समन्वय के लिए सहायक महासचिव के रूप में कार्य किया।

14. **किंग चार्ल्स** एक आधिकारिक समारोह में ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया जाएगा जिसके बाद तोपों की सलामी और उद्घोषणा वाचन होगा।

    नोट: चार्ल्स (73) तत्काल अपनी मां के उत्तराधिकारी बने, लेकिन सैकड़ों राजनेताओं, बिशपों तथा वरिष्ठ सिविल सेवकों से बनी एक राज्यारोहण परिषद एक समारोह में उनके उत्तराधिकार की घोषणा करेगी। चार्ल्स यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जमैका, न्यूज़ीलैंड एवं पापुआ न्यू गिनी सहित 14 अन्य क्षेत्रों के राजा तथा राष्ट्राध्यक्ष हैं।

15. अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प ने **संजय खन्ना** को भारत का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और राष्ट्र प्रबंधक नियुक्त किया।

    नोट: उत्तरदायित्व: संगठन के उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक कार्यों में वृद्धि करना। इससे पहले, खन्ना ने वैश्विक वित्तीय संचालन प्रमुख, इंडिया सेंटर वित्त प्रमुख और अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (AEIPL) विधिक इकाई बोर्ड के अध्यक्ष सहित कंपनी में कई नेतृत्व पदों पर कार्य किया है।

16. केरल विधानसभा ने **ए.एन. शमसीर** को केरल विधानमंडल का 24वां अध्यक्ष (स्पीकर) चुना।

    नोट: उन्होंने चुनाव में UDF के विधायक अनवर सादात को 56 मतों से हराया। UDF उम्मीदवार और अलुवा विधायक अनवर सादात ने LDF उम्मीदवार के मुकाबले 40 मत हासिल किए, जिन्हें 96 मत मिले। उपाध्यक्ष चित्तयम गोपाकुमार ने चुनाव प्रक्रियाओं का नेतृत्व किया।

17. नायरा एनर्जी ने 3 अक्टूबर 2022 से **प्रसाद के. पनिक्कर** को कंपनी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

    नोट: वह चार्ल्स एंथोनी (टोनी) फाउंटेन की जगह यह भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने पांच वर्ष तक कंपनी की सेवा की है। अपनी नई भूमिका में, वह अपना तकनीकी अनुभव और स्थानीय भारतीय बाजार का ज्ञान नायरा एनर्जी को आगे बढ़ाने में लगाएंगे।

18. केंद्र ने **मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मुनीश्वरनाथ भंडारी** को धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपीलीय न्यायाधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

    नोट: न्यायाधिकरण के अध्यक्ष का पद सितंबर 2019 से रिक्त था। आदेश वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग द्वारा जारी किया गया था। SAFEMA के तहत ट्रिब्यूनल फॉर फॉरफिचर ऑफ प्रॉपर्टी और PMLA अपीलीय न्यायाधिकरण को 2016 में वित्त अधिनियम, 2016 के माध्यम से विलय कर दिया गया था।

19. विदेश मंत्रालय ने वरिष्ठ राजनयिक **सिबी जॉर्ज** को जापान में अगले भारतीय राजदूत के रूप में नियुक्त किया।

नोट: वह जापान में भारत के दूत संजय कुमार वर्मा की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। वह 1993 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में कुवैत में भारत के राजदूत हैं। भारत तथा जापान बहुत मजबूत सामरिक तथा वैश्विक साझेदारी रखते हैं।

20. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने **डॉ. रेनी वेग्रज़िन** को पांच वर्ष के लिए एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी फॉर हेल्थ (ARPA-H) का प्रथम निदेशक नियुक्त किया।

नोट: ARPA-H का उद्देश्य: जैव चिकित्सा संबंधी समस्याओं के लिए अभिनव समाधान खोजना। वह एक जीवविज्ञानी तथा पूर्व सरकारी वैज्ञानिक हैं। डॉ. रेनी वेग्रज़िन वर्तमान में जिन्कगो बायोवर्क्स में व्यवसाय विकास की उपाध्यक्ष और कॉन्सैंट्रिक बाय जिन्कगो में अभिनव प्रमुख हैं।

21. भुगतान प्लेटफॉर्म **भारत पे** ने दो स्वतंत्र निदेशक - बी.पी. कानूनगो (RBI के पूर्व डिप्टी गवर्नर) और कौशिक दत्ता (जोमाटो के अध्यक्ष एवं स्वतंत्र निदेशक) नियुक्त किए हैं।

नोट: बी.पी. कानूनगो: उन्होंने 2017 से 2021 तक RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्य किया और यहां, वह एक लाभप्रद व्यवसाय के सृजन के उत्तरदायी होंगे। कौशिक दत्ता: उन्होंने पहले PwC में नेतृत्व के पदों पर काम किया है।

22. के.के. वेणुगोपाल के पद छोड़ने के बाद **मुकुल रोहतगी** भारत का 14वां अटॉर्नी जनरल होगा।

नोट: मुकुल रोहतगी ने इससे पहले जून 2014 और जून 2017 के बीच अटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी) के रूप में कार्य किया है। इस वर्ष जून के अंत में, अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल का कार्यकाल तीन महीने या "अगले आदेश तक" के लिए बढ़ा दिया गया था। यह विस्तार 30 सितंबर को समाप्त होने वाला है।

23. सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (SIAM) ने **विनोद अग्रवाल (वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स के MD एवं CEO) को** 2022-23 के लिए अपना अध्यक्ष चुना।

नोट: उन्होंने मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष तथा पूर्णकालिक निदेशक केनिची आयुकावा की जगह ली। इससे पहले, उन्होंने SIAM के उपाध्यक्ष के पद पर कार्य किया था। SIAM ने 2022-23 के लिए टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के MD शैलेश चंद्रा को उपाध्यक्ष भी चुना।

24. इंडसइंड बैंक ने 24 मार्च, 2023 से तीन वर्ष के लिए **सुमंत कठपालिया को** पुन: प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD तथा CEO) नियुक्त करने की मंजूरी दी।

नोट: उन्हें मार्च 2020 में इंडसइंड बैंक का MD तथा CEO नियुक्त किया गया था। इंडसइंड बैंक से पहले, उन्होंने सिटी बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका तथा एबीएन एमरो के साथ काम किया था।

25. नवीनतम यूनिसेफ सद्भावना राजदूत **युगांडा की जलवायु कार्यकर्ता, वैनेसा नाकाटे को** नियुक्त किया गया।

नोट: उन्हें संगठन के साथ उनके सहयोग और मौजूदा तथा भावी पीढ़ियों के लिए जलवायु न्याय के प्रति उनके उत्कृष्ट वैश्विक समर्थन हेतु चुना गया। उन्होंने जनवरी 2019 में ग्रेटा थुनबर्ग से प्रेरित होकर कंपाला की सड़कों पर अपने भाई-बहनों के साथ मिलकर प्रतिवाद करके कार्य आरंभ किया।

26. सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) ने NLC इंडिया लिमिटेड का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक **प्रसन्ना कुमार मोटुपल्ली को** चुना गया।

नोट: वे वर्तमान में NTPC लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक हैं। वे मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक विजेता हैं और ऑपरेशन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, मार्केटिंग तथा फाइनेंशियल मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट हैं।

27. **वरिष्ठ नौकरशाह, विजय कुमार सिंह ने** भूतपूर्व सैनिक कल्याण सचिव का पदभार ग्रहण किया है।

नोट: वह पंजाब कैडर के 1990 बैच के IAS अधिकारी हैं और उन्हें प्रशासन में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने हाल ही में कपड़ा मंत्रालय में विशेष सचिव के रूप में कार्य किया।

28. **अरुण कुमार मिश्रा को** एशिया पैसिफिक फोरम (APF) की शासन समिति का सदस्य चुना गया।

नोट: उन्हें APF की 27वीं वार्षिक आम सभा में ग्लोबल अलायंस ऑफ नेशनल ह्यूमन राइट्स इंस्टीट्यूशंस (GANHRI) ब्यूरो का सदस्य भी चुना गया। GANHRI दुनिया भर में सबसे बड़े मानवाधिकार नेटवर्कों में से एक है।

29. भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन वर्ष के लिए CSB बैंक का प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी **प्रलय मंडल को** नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

नोट: वह 17 फरवरी, 2022 से बैंक के उप प्रबंध निदेशक थे। बाद में उन्हें 1 अप्रैल, 2022 से अंतरिम MD एवं CEO नियुक्त किया गया। CSB बैंक में शामिल होने से पहले, मंडल एक्सिस बैंक में कार्यकारी निदेशक और खुदरा बैंकिंग के प्रमुख थे।

30. **बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम (IAS) को** भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

नोट: वह एल.सी. गोयल की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 15 सितंबर को सुब्रह्मण्यम की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। 1987 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी, सुब्रह्मण्यम वर्तमान में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में सचिव हैं।

31. केंद्र सरकार द्वारा संचालित CSC ई-गवर्नेंस इंडिया एसपीवी का प्रबंध निदेशक **संजय कुमार राकेश को** चुना गया है।

नोट: दिनेश त्यागी के पद से इस्तीफा देने के बाद यह नियुक्ति की गई, जिन्होंने CSC की संख्या को 2014 में 60,000 से बढ़ाकर वर्तमान में 5 लाख से अधिक तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

32. MENA क्षेत्र में एक निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बुर्जील होल्डिंग्स ने बॉलीवुड अभिनेता, **शाहरुख खान** को अपना नया ब्रांड एंबेसडर चुना है।

नोट: कंपनी का स्वामित्व UAE स्थित भारतीय उद्यमी शमशीर वयालिल के पास है। अभिनेता समूह के लिए इस क्षेत्र में एक बहुमंचीय विज्ञापन अभियान में दिखाई देंगे, जिसका अनावरण आगामी सप्ताहों में किया जाएगा।

33. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 20 सितंबर से 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए यस बैंक के गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) अध्यक्ष पद पर **राम सुब्रमण्यम गांधी** की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है।

नोट: वह वर्तमान में वित्तीय क्षेत्र के नीति विशेषज्ञ तथा सलाहकार हैं। उन्होंने 2014 से 2017 तक (तीन वर्ष) RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्य किया। उन्होंने इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (IDRBT), हैदराबाद में निदेशक के रूप में भी कार्य किया।

34. केटी थॉमस (सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश) और करिया मुंडा (पूर्व डिप्टी स्पीकर) को **रतन टाटा (टाटा संस के चेयरमैन)** के साथ पीएम केयर्स फंड का ट्रस्टी नियुक्त किया है।

नोट: ट्रस्ट ने आगे पीएम केयर्स फंड में सलाहकार बोर्ड के गठन के लिए अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को नामित करने का निर्णय लिया। सलाहकार बोर्ड: राजीव महर्षि, सुधा मूर्ति और आनंद शाह (पीरामल फाउंडेशन के पूर्व CEO)।

35. भारतीय रिजर्व बैंक ने 21 दिसंबर, 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए **पी.आर. रवि मोहन को** ESAF स्मॉल फाइनेंस बैंक का अध्यक्ष पुनर्नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

नोट: वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के प्रमाणित सहयोगी हैं। इससे पहले, वह भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। वे IMF, AFRITAC साउथ, मॉरीशस

के वित्तीय क्षेत्र पर्यवेक्षण में एक आवासी सलाहकार थे।

36. भारतीय ओलंपिक संघ के संविधान में संशोधन के लिए समिति का प्रमुख **न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव को** नियुक्त किया गया है।

नोट: उत्तरदायित्व: संविधान में संशोधन तथा 15 दिसंबर, 2022 तक चुनाव कराने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना। पृष्ठभूमि: IOC ने IOA को अपनी शासन संबंधी समस्याएं हल करने और दिसंबर तक चुनाव कराने के लिए अंतिम चेतावनी जारी की थी। प्रभाव: यदि ऐसा करने में विफल रहे, तो विश्व खेल संस्था भारत पर प्रतिबंध लगा देगी।

37. **मैक्स लाइफ इंश्योरेंस** ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदेह को दो वर्ष के लिए अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

नोट: मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का मूल संदेश उभरती चुनौतियों के लिए मानसिक, शारीरिक तथा आर्थिक रूप से तैयार रहना है। उद्देश्य: स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा हेतु सही वित्तीय मूल्य निर्धारित करने के लिए मैक्स लाइफ ब्रांड के 'स्वयं' को महत्व देने के लोकाचार को बढ़ावा देना।

38. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने 8 जनवरी, 2023 से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **दिलीप अस्बे** की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

नोट: उन्होंने जनवरी 2018 में NPCI के MD एवं CEO का पदभार संभाला। इससे पहले, वह 5 वर्ष तक NPCI के मुख्य परिचालन अधिकारी थे। NPCI की स्थापना 2008 में हुई थी। यह एकछत्र संगठन है जो देश की खुदरा भुगतान एवं निपटान प्रणाली का संचालन करता है।

39. सर्वसम्मति से हॉकी इंडिया (HI) का अध्यक्ष **दिलीप टिर्की को** चुना गया है।

नोट: वह 1998 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने 15 वर्ष से अधिक के करियर में डिफेंडर रहते हुए रिकॉर्ड 412 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 1996 में अटलांटा, 2000 में सिडनी और 2004 में एथेंस में ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। भोला नाथ सिंह महासचिव चुने गए।

40. रेलटेल का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक **संजय कुमार को** नियुक्त किया गया है।

नोट: वह अभी तक कंपनी में नेटवर्किंग, नियोजन एवं विपणन निदेशक के रूप में कार्यरत थे। वह इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स (IRSSE1) के अधिकारी हैं। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" है, जो एक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) प्रदाता है। 30 जून 2022 तक, कंपनी में भारत सरकार की 72.84% हिस्सेदारी थी।

41. केंद्र सरकार ने तीन वर्ष के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) का महानिदेशक तथा स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (DHR) का सचिव **डॉ. राजीव बहल को** नियुक्त किया गया है।

नोट: वर्तमान में, वह WHO, जिनेवा में मातृ, नवजात शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य पर शोध तथा नवजात इकाई के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने डॉ. बलराम भार्गव की जगह ली, जिनका कार्यकाल जुलाई 2022 में समाप्त हो गया है।

42. मारियो द्राघी को भारी अंतर से हराकर **जियोर्जिया मेलोनी** इटली की पहली महिला प्रधान मंत्री बनीं।

नोट: वह 15 वर्ष की आयु में 1992 में राजनीति में शामिल हुईं और नव-फासीवादी सामाजिक आंदोलन में शामिल हुईं। उन्होंने 2012 में ब्रदर्स ऑफ़ इटली की स्थापना से पहले बर्लुस्कोनी की 2008-2011 सरकार में एक युवा मंत्री के रूप में भी काम किया है। तीन प्रमुख राजनीतिक नेताओं मेलोनी, ला रसा और क्रोसेटो ने 2012 में एक नए राजनीतिक आंदोलन ब्रदर्स ऑफ इटली की स्थापना की।

43. रिपब्लिक ऑफ मेडागास्कर में भारत का अगला राजदूत **बंडारू विल्सनबाबू को** नियुक्त किया गया है।

नोट: वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। वह राजदूत अभय कुमार की जगह लेंगे।

- उन्होंने यूरेशिया डिवीजन में संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया है।

44. किंग सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ द्वारा सऊदी अरब का प्रधान मंत्री **क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को** नियुक्त किया गया है।

नोट: वह पहले से ही सऊदी अरब के वास्तविक शासक हैं। इससे पहले, उन्होंने उप प्रधान मंत्री के साथ-साथ रक्षा मंत्री के रूप में भी काम किया है। उनके छोटे भाई, खालिद बिन सलमान ने रक्षा मंत्री के रूप में उनकी जगह ली, जो उप रक्षा मंत्री थे।

45. तमिलनाडु कैडर, 1992-बैच के IAS अधिकारी, राजेंद्र कुमार को **ESIC** का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

नोट: वह वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में एक अतिरिक्त सचिव हैं। टी. नटराजन को आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वी हेकाली झिमोमी को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

46. सरकार ने **लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त)** भारत का दूसरा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) नियुक्त किया गया है।

नोट: वह मई 2021 में पूर्वी सेना कमांडर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। उन्हें 1981 में भारतीय सेना की 11 गोरखा राइफल्स में कमीशन दिया गया था। वह NDA (खड़कवासला) और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने अंगोला में संयुक्त राष्ट्र मिशन के रूप में भी कार्य किया है।

47. 1 अक्टूबर 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए भारत का 14वां महान्यायवादी **आर. वेंकटरमणि को** नामित किया गया।

नोट: वह वर्तमान अटॉर्नी जनरल, के.के. वेणुगोपाल की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल 30 सितंबर, 2022 को समाप्त हो रहा है। वह 1977 में तमिलनाडु बार काउंसिल में एक वकील के रूप में पंजीकृत हुए। 1997 में, SC ने उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता अभिहित किया।

48. भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (DSCI) ने **विनायक गोडसे को** संगठन का नया CEO नियुक्त किया गया है।

नोट: इससे पहले, वह संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। वह राम वेदश्री की जगह लेंगे, जिन्होंने लगभग छह वर्षों तक DSCI में काम किया। वेदश्री ने न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण समिति में भी काम किया, जिसे देश के व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक के लिए एक मॉडल विकसित करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया था।

49. ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने 26 सितंबर, 2022 से प्रभावी कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **रजनीत कोहली को** नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्हें एशियन पेंट्स और कोका-कोला एवं ब्रिटानिया में 25 वर्ष का लंबा अनुभव है। वह खाद्य सेवा कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स से ब्रिटानिया में शामिल हुए। उनके नेतृत्व में, जुबिलेंट फूडवर्क्स ने निरंतर लाभदायक वृद्धि हासिल की है और सबसे बड़ी QSR श्रृंखला के रूप में उभरी है।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. मध्य रेलवे ने **मुंबई, महाराष्ट्र** में छह रेलवे स्टेशनों में एटमॉस्फेरिक वाटर जेनरेटर (AWG), मेघदूत लगाया।

नोट: इसकी मदद से मशीन सीधे हवा से पानी निकाल सकती है और यात्री 12 रुपये/लीटर तथा 8 रुपये प्रति 500 मिली में अपनी बोतल भर सकते हैं। रेलवे छह बड़े स्टेशनों पर 17 कियोस्क पहले ही

लगा चुका है, जिसमें CSMT तथा दादर प्रत्येक में पांच, ठाणे में चार तथा कुर्ला, घाटकोपर और विक्रोली में एक-एक कियोस्क लगे हैं।

2. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के आंकड़ों के अनुसार, रोजगार क्रमिक रूप से 2 मिलियन गिरकर 394.6 मिलियन होने के कारण भारत की बेरोजगारी दर अगस्त 2022 में एक वर्ष के उच्च स्तर **8.3%** पर पहुंच गई।

   नोट: अगस्त में, शहरी बेरोजगारी दर बढ़कर 9.6% तथा ग्रामीण बेरोजगारी दर भी बढ़कर 7.7% हो गई। जुलाई 2022 में बेरोजगारी दर 6.8% तथा रोजगार 397 मिलियन था। अगस्त में हरियाणा में बेरोजगारी सर्वाधिक (37.3%) थी।

3. बोइंग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष **2040** तक भारत के हवाई यातायात में औसतन 7% वार्षिक की वृद्धि होगी ।

   नोट: जहां भारत का हवाई यातायात 2040 तक 6.9% बढ़ेगा, वहीं दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजार 5.5% की औसत वार्षिक दर से बढ़ेगा। चीनी, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी बाजार 2040 तक क्रमशः 5.4%, 5.4% तथा 4.8% की औसत वार्षिक दर से बढ़ेगा।

4. केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भारत की पहली स्वदेश विकसित क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) वैक्सीन लॉन्च की। वैक्सीन का नाम **CERVAVAC** है।

   नोट: DCGI ने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ स्वदेश विकसित वैक्सीन के निर्माण हेतु सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को बाजार प्राधिकरण प्रदान किया था। भारत में सर्वाइकल कैंसर 15 से 44 वर्ष की आयु की महिलाओं में दूसरा सर्वाधिक पाया जाने वाला कैंसर है।

5. मंत्रिमंडल ने सितंबर 2022 में वन, जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में समन्वय तथा सहयोग को मजबूत करने एवं बढ़ाने के लिए जैव विविधता संरक्षण पर **नेपाल** के साथ एक MoU को मंजूरी दी।

   नोट: इस MoU का उद्देश्य दोनों देशों के बीच गलियारों तथा अंत:संबंधन क्षेत्रों का जीर्णोद्धार और ज्ञान एवं सर्वोत्तम क्रियाकलापों का साझाकरण भी है।

6. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने देश भर में डिजिटल रचनात्मकता कौशल बढ़ाने के लिए सॉफ्टवेयर संगठन **एडोब** के साथ साझेदारी की।

   नोट: समझौते के अनुसार, एडोब विद्यार्थियों को आवश्यक रचनात्मक एवं डिजिटल साक्षरता कौशल सक्षम बनाने हेतु शिक्षकों का कौशल बढ़ाने के लिए उन्हें कोर्स एवं विशेषज्ञता प्रदान करेगा, और पाठ्यक्रम में डिजिटल रचनात्मकता को जोड़ेगा। उद्देश्य: 2024 तक उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों को आवश्यक डिजिटल रचनात्मकता कौशल से सशक्त बनाना।

7. **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)** ने भारतीय बाजार में उन्नत, उच्च ऊर्जा युक्त स्कैनिंग प्रणाली पेश करने के लिए स्मिथ्स डिटेक्शन के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

   नोट: MoU भारत की घरेलू सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु दोनों फर्मों की उच्च, तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाएगा। भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप MoU पर हस्ताक्षर किए गए थे।

8. अहमदाबाद, गुजरात में छठी ऑल इंडिया प्रिज़न ड्यूटी मीट का उद्घाटन गृह मंत्री, **अमित शाह** ने किया।

   नोट: यह पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी शामिल हुए। AIPDM पिछली बार 2007 में अहमदाबाद में आयोजित हुई थी, यह अब तक की दूसरी बैठक थी। वह ट्रांसस्टेडिया, कांकरिया में 11वें खेल महाकुंभ के समापन समारोह में भी शामिल हुए।

9. "वर्ल्ड हेल्थ समिट फॉर प्राइड ऑफ होम्योपैथी" का पहला संस्करण "डिसीज़ कॉज बाय क्लाइमेड चेंज

एंड ग्लोबल वार्मिंग" के साथ **दुबई, UAE** में आयोजित किया गया।

नोट: उद्देश्य: चिकित्सा, दवाओं तथा अभ्यासों की एक होम्योपैथिक प्रणाली को शिक्षित करना और बढ़ावा देना। शिखर सम्मेलन का आयोजन बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था। बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड होम्योपैथिक तनुकरण, मूल टिंचर, लोअर ट्रिट्यूरेशन टैबलेट और विभिन्न होम्योपैथिक दवाओं से संबंधित है।

10. इटली के मिलान में आयोजित गैस्टेक मिलान-2022 में **हरदीप सिंह पुरी (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री)** शामिल हुए।

नोट: मंत्री "इंडिया स्पॉटलाइट: पावरिंग इंडियाज एनर्जी इंडस्ट्री - न्यू एवेन्यूज़ फॉर ए सस्टेनबल फ्यूचर" समिति परिचर्चा की अध्यक्षता करेंगे। वह मिस्र के पेट्रोलियम एवं खनिज संसाधन मंत्री और पुर्तगाल के ऊर्जा राज्य सचिव के साथ उद्घाटन समारोह की विशिष्ट मंत्रिस्तरीय समिति में भी भाग लेंगे।

11. केंद्र ने राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक फैले राजपथ और सेंटर विस्टा लॉन का नाम बदलकर **कार्तव्य पथ** करने का फैसला किया।

नोट: प्रधान मंत्री मोदी, 8 सितंबर, 2022 को पूरे खंड का उद्घाटन करेंगे, जिसे सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत दोबारा बनाया है। नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) ने 7 सितंबर को एक विशेष बैठक बुलाई है और प्रस्ताव उसके सामने रखा जाएगा। ब्रिटिश शासन के दौरान राजपथ को 'किंग्सवे' नाम से जाना जाता था।

12. अगस्त 2022 की रैंकिंग में राष्ट्र द्वारा संचालित **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)** संगठन ने सभी मंत्रालयों/विभागों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

नोट: रिपोर्ट के प्रकाशक: प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग। UIDAI केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली के माध्यम से प्राप्त मामलों के समाधान में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता रहा है। इसका मजबूत शिकायत निवारण तंत्र 7 दिनों के अंदर लगभग 92% CRM शिकायतों का समाधान करने में सक्षम है।

13. भारत का विदेशी ऋण 573 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मार्च 2021) से **8.2%** प्रतिशत बढ़कर 620 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मार्च 2022) हो गया।

नोट: रिपोर्ट का शीर्षक: 28वां संस्करण, स्टेटस रिपोर्ट ऑन इंडियाज़ एक्सटर्नल डेब्ट 2021-22। जारीकर्ता: आर्थिक मामलों के विभाग। GDP के अनुपात के रूप में विदेशी ऋण 21.2% (2021) से मामूली रूप से गिरकर 19.9% (2022) हो गया। वाणिज्यिक उधार, NRI जमा, अल्पकालिक व्यापार ऋण तथा बहुपक्षीय ऋण संयुक्त रूप से कुल विदेशी ऋण के 90% हैं।

14. प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (PM-SHRI) योजना के अंतर्गत देश भर में **14,500** स्कूल विकसित और अद्यतित किए जाएंगे।

नोट: ये PM-SHRI स्कूल मॉडल स्कूल बनेंगे जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) की पूर्ण भावना का सार प्रस्तुत करेंगे। ये स्कूल नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम, खेल इत्यादि आधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे।

15. ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) से **भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (BBIL)** संगठन को अपनी इंट्रानेज़ल कोविड-19 वैक्सीन iNCOVACC (BBV154) के लिए औपचारिक मंजूरी मिली।

नोट: कोवैक्सिन के बाद मंजूरी प्राप्त करने वाली यह भारत बायोटेक की दूसरी कोरोना वायरस वैक्सीन है। iNCOVACC एक संलयन से पूर्व स्थिरीकृत स्पाइक प्रोटीन के साथ एक पुनर्योगज प्रतिकृतियन हीन एडेनोवायरस वेक्टर्ड वैक्सीन है। यह नेज़ल वैक्सीन iNCOVACC सहज भंडारण एवं वितरण के लिए 2-8°C पर संतुलित है।

16. 14वें CII ग्लोबल मेडटेक समिट को संबोधित करते हुए, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने घोषणा की है कि भारत का हेल्थकेयर सेक्टर वर्ष

2025 तक 50 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है।

नोट: भारत का लक्ष्य चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 10 से 12% हासिल करना है। भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली नवाचार तथा प्रौद्योगिकी पर अधिक केंद्रित हो गई है। सरकार आने वाले पांच वर्षों में डिजिटल हेल्थकेयर टूल्स में अपने निवेश को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

17. भारत का लक्ष्य वर्ष **2025 तक** तक टीबी को खत्म करना है।

नोट: राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू ने वर्चुअली दो पहल - प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और नि-क्षय मित्र पहल शुरू की हैं। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गई। नि-क्षय मित्र: टीबी के उपचार से गुजर रहे लोगों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए एक दाता मंच।

18. **एग्रीमार्केट** कृषि व्यवसाय ने किसानों को उनकी फसल से पहले तथा बाद की कृषि आवश्यकताओं तथा संबद्ध खर्चों की पूर्ति में मदद करने के लिए 'किसान सफलता कार्ड' पेश किया है।

नोट: किसान इस कार्ड का उपयोग कृषि आदानों की खरीद हेतु वित्तपोषण प्राप्त करने में कर सकते हैं। कार्ड की सीमा, वित्तपोषण पैमाना तथा अनुरक्षण लागत प्रत्येक किसान की फसल की उपज से निर्धारित होती है। कार्ड की राशि सीमांत किसानों के लिए 10,000 रुपये से 50,000 रुपये तक समायोज्य है। कर्ज अदायगी अवधि: 12 माह

19. **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के स्टार्टअप हब ने पूरे भारत में एक्सआर प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को सहायता तथा गति प्रदान करने हेतु एक कार्यक्रम शुरू करने के लिए मेटा के साथ साझेदारी की है।

नोट: कार्यक्रम का शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने किया। MeitY स्टार्टअप हब एक राष्ट्रीय मंच है जो प्रौद्योगिकी नवाचार, स्टार्ट-अप और बौद्धिक संपदा के सृजन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

20. पत्तन, पोत परिवहन तथा जलमार्ग मंत्रालय **लोथल, गुजरात** में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का निर्माण कर रहा है।

नोट: लागत: 3500 करोड़ रुपये भारत में अपनी तरह का पहला परिसर, यह केंद्र भारत की समृद्ध तथा विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करेगा। NMHC परियोजना की आधारशिला प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी और मास्टर प्लान के लिए सहमति मार्च 2019 में दी गई थी।

21. नीति आयोग तथा **वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (WRI)** ने भारत का पहला नेशनल इलेक्ट्रिक फ्रेट प्लेटफॉर्म- E-FAST इंडिया (इलेक्ट्रिक फ्रेट एक्सेलेरेटर फॉर सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट-इंडिया) लॉन्च किया है।

नोट: नेशनल इलेक्ट्रिक फ्रेट प्लेटफॉर्म वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, CALSTART, तथा RMI इंडिया के समर्थन से विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाता है। उद्देश्य: एक प्रायोगिक आधार पर प्रदर्शन और साक्ष्य-आधारित अनुसंधान द्वारा समर्थित मालभाड़ा विद्युतीकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

22. नागरिक सेवाओं के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) केंद्र का उद्घाटन **भारत के मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित** ने किया।

नोट: स्थान: जैसलमेर हाउस; यह NALSA को प्रदान किया गया और इसका उपयोग देश भर में भविष्यवादी विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए नागरिकों के लिए विधिक सहायता केंद्र, NRI के लिए विधिक सहायता केंद्र, प्रशिक्षण केंद्र और डिजिटल कमांड सेंटर की स्थापना के लिए किया जाएगा।

23. भारत का पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, सवारों के लिए एक ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन (AFC) प्रणाली और QR कोड युक्त टिकट समाविष्ट करेगा, यह **दिल्ली-मेरठ** शहरों को जोड़ता है।

नोट: AFC प्रणाली को खरीदने के लिए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (NCRTC) ने हाल ही में घोषणा की कि उसने मोदी प्रशासन के "मेक इन इंडिया" मानकों के अनुसार बोलियों का अनुरोध किया है।

24. **शिक्षा मंत्रालय** ने शिक्षक पर्व लॉन्च किया है जिसे शिक्षकों को सम्मानित करने तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राजकुमार रंजन सिंह ने शुरू किया।

नोट: शिक्षा मंत्रालय, CBSE, AICTE, और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित एक उद्घाटन संवाद ने शिक्षक पर्व की शुरुआत की।

25. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 तक स्वैच्छिक रक्तदान के लिए एक देशव्यापी महा पहल 'रक्तदान अमृत महोत्सव' शुरू करेंगे। **राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस** 1 अक्टूबर को मनाया गया।

नोट: विशेष अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का एक भाग है। रक्तदान अमृत महोत्सव के लिए पंजीकरण ई-रक्तकोश पोर्टल और आरोग्य सेतु ऐप पर शुरू कर दिए गए हैं।

26. वित्त मंत्रालय ने उद्यम पूंजी (VC) तथा निजी इक्विटी (PE) निवेशकों के सामने आने वाली समस्याओं की जांच करने के लिए छह सदस्यीय, उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति का नेतृत्व **सेबी के पूर्व अध्यक्ष, एम. दामोदरन** करेगा।

नोट: समिति VC और PE निधि द्वारा निवेश बढ़ाने के लिए कदम बताएगी। सदस्य: जी. महालिंगम (सेबी के पूर्व सदस्य); डी.पी. नागेंद्र कुमार (CBIC के पूर्व सदस्य); आशीष वर्मा (पूर्व प्रधान आयुक्त आयकर) पूनम गुप्ता, और पी.आर. आचार्य।

27. **तेलंगाना** राज्य विधानसभा ने वानिकी विश्वविद्यालय (UOF) अधिनियम 2022 को मंजूरी दे दी है।

नोट: वानिकी विश्वविद्यालय (UOF) देश में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा। केवल रूस तथा चीन में वानिकी विश्वविद्यालय होने के चलते, यह विश्व का तीसरा वानिकी विश्वविद्यालय होगा। तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद में वन कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान (FCRI) को एक पूर्ण विश्वविद्यालय में विस्तारित करने का निर्णय लिया है।

28. **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** ने हाल ही में प्रबंधन प्रभाविता मूल्यांकन (MEE-ZOO) रिपोर्ट 2022 जारी की है।

नोट: रिपोर्ट पूरे भारत के चिड़ियाघरों के सर्वेक्षण पर बनाई गई थी। भारत में 147 मान्यता प्राप्त चिड़ियाघर हैं {बड़े (17), मध्यम (23), छोटे (33), मिनी-चिड़ियाघर (60) और बचाव केंद्र (14)}। विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष प्रदर्शनकारी चिड़ियाघर:

- बड़ा: वंडालूर चिड़ियाघर, तमिलनाडु
- मध्यम: पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क, पश्चिम बंगाल
- योजना अवयव: वंडालूर चिड़ियाघर

29. NCPCR ने ऑनलाइन पोर्टल ई-बाल निदान को एक नया रूप दिया। NCPCR का पूरा नाम **राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (National Commission for Protection of Child Rights) है।**

नोट: उद्देश्य: बाल अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ शिकायतों का समयबद्ध निवारण। विशेषता: इसमें शिकायत की प्रकृति के आधार पर उन्हें उनके केंद्रित विषय जैसे किशोर न्याय, POCSO, श्रम तथा शिक्षा में विभाजित किया जाता है। शिकायतों के निपटान के दौरान यह शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ आयोग के लिए भी लाभप्रद होगा।

30. नारिकोरावन और कुरीविक्कारन समुदाय **तमिलनाडु** राज्य से संबंधित हैं।

नोट: मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में कई जनजातीय समुदायों को ST वर्ग के तहत अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कर्नाटक के कडुकुरुबा के पर्याय के रूप में बेट्टा-कुरुबा

समुदाय; उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पांच उपजातियों के साथ गोंड; हिमाचल के सिरमौर क्षेत्र में रहने वाला हट्टी समुदाय; छत्तीसगढ़ का बृज्जिया समुदाय और 11 अन्य जनजातियां

31. विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय रसद नीति **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुरू की है।

नोट: नीति अंतिम स्थान तक त्वरित वितरण सुनिश्चित करती है, परिवहन संबंधी चुनौतियों को समाप्त करती है, निर्माताओं के समय तथा धन की बचत करती है, कृषि उत्पादों के अपव्यय को रोकती है। प्रधानमंत्री ने यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (ULIP) भी लॉन्च किया जो परिवहन क्षेत्र की सभी डिजिटल सेवाओं को एक पोर्टल में लाएगा। इसके अंतर्गत ईज़ ऑफ लॉजिस्टिक्स सर्विसेज- ई-लॉग्स भी शुरू की गई है।

32. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए **आठ** वन्य चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा।

नोट: चीता को 1952 में भारत से विलुप्त घोषित कर दिया गया था। चीतों को भारत में प्रोजेक्ट चीता के अंतर्गत लाया गया है, जो बड़े मांसाहारी वन्यजीव के अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण का दुनिया का पहला प्रोजेक्ट है। आठ चीतों में से 5 मादा तथा 3 नर चीते हैं।

33. **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)** संगठन 'फसल सुधार के लिए तीव्र अभिजनन' को बढ़ावा देने हेतु `KRITAGYA' नामक हैकथॉन 3.0 आयोजित कर रहा है।

नोट: यह विद्यार्थियों तथा अन्य लोगों को फसल सुधार के लिए नवाचार प्रोत्साहन हेतु अभिनव दृष्टिकोण और प्रौद्योगिकी समाधान प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 26 सितंबर 2022 तक शुरू है।

34. 60 स्टार्ट-अप को 'INSPIRE' पुरस्कार और 53,000 से अधिक विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता **केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, जितेंद्र सिंह** ने प्रदान की है।

नोट: यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्थापित किया गया है और इन नवप्रवर्तकों को उद्यमिता के सफर में पूर्ण उद्भवन सहायता प्रदान की जाएगी। वार्षिक INSPIRE पुरस्कार- MANAK (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) प्रतियोगिता ने सभी राज्यों से अभूतपूर्व 6.53 लाख विचार तथा नवाचार आकर्षित किए हैं।

35. विश्लेषण कंपनी चैनालिसिस के अनुसार, 2022 ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स में भारत का स्थान **चौथा है।**

नोट: सूचकांक में लगातार दूसरे वर्ष वियतनाम शीर्ष पर है, जो क्रिप्टोकरेंसी को अपनाने के लिए सर्वाधिक उत्सुक देश के रूप में उभर रहा है। उद्देश्य: क्रिप्टोकरेंसी अपनाने वाले या डिजिटल संपत्ति में निवेश करने वाले देशों पर नजर रखना। भारत ने क्रिप्टोकरेंसी को वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (VDA) के रूप में वर्गीकृत किया है और क्रिप्टो से अर्जित लाभ 30% कर सीमा के अंतर्गत आता है।

36. **सऊदी अरब** तीन महीने के अंतराल के बाद भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना।

नोट: अगस्त 2022 में, सऊदी अरब ने रूस को मामूली अंतर से पीछे छोड़ा, जबकि इराक ने शीर्ष स्थान कायम रखा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता है, जिसे सऊदी अरब से 863,950 बैरल प्रति दिन (bpd) कच्चे तेल की आपूर्ति की जाती है (पिछले महीने से 4.8% अधिक)। UAE चौथे स्थान पर है, जबकि कजाकिस्तान कुवैत को पीछे छोड़कर भारत का पांचवां तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है, इसके बाद अमेरिका का स्थान है।

37. महिलाओं, बच्चों तथा वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ जघन्य अपराधों के मामलों में फास्ट-ट्रैक कोर्ट में लंबित 13.81 लाख मुकदमे में से 70% से अधिक मुकदमे **उत्तर प्रदेश** राज्य से हैं।

नोट: उत्तर प्रदेश की फास्ट-ट्रैक अदालतों में 9.33 लाख से अधिक मामले लंबित हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में 1.4 लाख से अधिक मामले, तमिलनाडु

में 1.06 लाख मामले, पश्चिम बंगाल में 71,260 मामले और तेलंगाना में 12,538 मामले लंबित हैं। 28 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के FTSC में 3,28,556 मामले लंबित हैं।

38. जल शक्ति मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत ने केंद्र शासित प्रदेश, **अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह** को भारत का पहला स्वच्छ सुजल प्रदेश घोषित किया।
नोट: उन्होंने अंडमान एवं निकोबार के उप-राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी को प्रमाण पत्र सौंपा। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सभी गांवों को हरघर जल के रूप में प्रमाणित किया गया है और खुले में शौच मुक्त (ODF प्लस) के रूप में सत्यापित किया गया है। विश्व जल दिवस (22 मार्च 2021) पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने ग्रामीण घरों में नल से जल कनेक्शन के साथ 100% कवरेज हासिल करने की घोषणा की थी।

39. केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने **कक्षा एक से पांच तक** के विद्यार्थियों के लिए रामकृष्ण मिशन के 'जागृति' (Awakening) कार्यक्रम की शुरुआत की है।
नोट: NEP 2020 स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से प्रेरित है। रामकृष्ण मिशन की व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने की विरासत है। NEP 2020 ने कक्षा 1 से आठ के लिए कार्यक्रम बनाने के अलावा 9वीं तथा 12वीं के लिए मूल्य-आधारित शैक्षणिक कार्यक्रम बनाने पर जोर दिया है।

40. भारत में खेलों के विकास के लिए **राष्ट्रीय खेल विकास कोष (NSDF)** ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (REC) के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए।
नोट: NTPC और REC को खेलों के विकास के लिए 215 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। NTPC: तीरंदाजी (5 वर्ष) के लिए 115 करोड़ रुपये की राशि का योगदान किया। REC: महिला हॉकी, एथलेटिक्स तथा मुक्केबाजी (3 वर्ष) का समर्थन करने के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि की प्रतिबद्धता जताई।

41. भारत सरकार ने अपनी अध्यक्षता के दौरान **G20** बैठक में भाग लेने के लिए बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और UAE को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया।
नोट: अंतर्राष्ट्रीय संगठन: UN, IMF, विश्व बैंक, WHO, WTO, ILO, FSB और OECD और AU, AUDA-NEPAD और ASEAN, ISA, CDRI और ADB। G20 की बैठकों और शिखर सम्मेलन में कुछ अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (IO) को आमंत्रित करना G20 की परंपरा का एक भाग है।

42. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 15 सितंबर से **समरकंद, उज्बेकिस्तान** देश की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए।
नोट: श्री मोदी को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव से आमंत्रण प्राप्त हुआ। एजेंडा: पिछले दो दशकों में समूह की गतिविधियों की समीक्षा करना और बहुपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करना। SCO जून 2001 में शंघाई में स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है।

43. ग्लोबल क्लीन एनर्जी एक्शन फोरम में संयुक्त भारतीय मंत्रिस्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व **केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह** करेगा।
नोट: क्लीन एनर्जी मिनिस्टीरियल (CEM13) और मिशन इनोवेशन MI-7 का प्रतिष्ठित संयुक्त आयोजन 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग में होगा। उद्देश्य: स्वच्छ ऊर्जा नवाचार एवं नियोजन में तेजी लाने के लिए दुनिया भर के हजारों स्वच्छ ऊर्जा नेताओं को एक साथ लाना।

44. **अडाणी ग्रुप** BSE पर 22 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कुल बाजार पूंजीकरण के साथ टाटा के नेतृत्व वाले समूह को पछाड़ कर भारत में सर्वाधिक मूल्यवान समूह बन गया।
नोट: वित्त वर्ष 2022 में टाटा समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त समेकित राजस्व तथा निवल

लाभ क्रमशः 8.6 लाख करोड़ रुपये और 74,523 करोड़ रुपये था। मुकेश अंबानी का नौ कंपनियों का समूह 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ सूची में तीसरे स्थान पर रहा।

45. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई दिल्ली में जयंत बरुआ ने हेमकोश शब्दकोश के ब्रेल संस्करण की एक प्रति प्रदान की, जो मूल रूप से **असमिया** भाषा में लिखी गई थी।

नोट: 'हेमकोश' के ब्रेल संस्करण की अवधारणा तथा प्रकाशन असमिया प्रतिदिन के संपादक जयंत बरुआ ने किया है। हेमकोश असमिया में दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला ब्रेल शब्दकोश है। यह पहला असमिया शब्दकोश भी था जिसे 19वीं शताब्दी में हेमचंद्र बरुआ द्वारा संपादित किया गया था। 'हेमकोश' के इस संस्करण में लगभग 10,000 पृष्ठ हैं।

46. सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण और **कृषि** मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए एक संयुक्त कन्वर्जेंस पोर्टल लॉन्च किया है।

नोट: योजनाओं में शामिल: कृषि अवसंरचना कोष (AIF), प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटटरप्राइजेज (PMFME) योजना और प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY)। पोर्टल को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।

47. गुवाहाटी में श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में लोकमंथन कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का उद्घाटन **उप-राष्ट्रपति, जगदीप धनखड़** ने किया।

नोट: वर्ष 2022 के द्विवार्षिक कार्यक्रम का विषय 'लोकपरंपरा' है। केरल के राज्यपाल, आरिफ मुहम्मद खान समापन सत्र (24 सितंबर) में मुख्य अतिथि होंगे। लोकमंथन: यह एक ऐसा अवसर है जहां देश के विभिन्न हिस्सों से कलाकार, बुद्धिजीवी और शिक्षाविद आते हैं और समाज को परेशान करने वाले सवालों पर मंथन करते हैं।

48. भारत अक्टूबर 2022 में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल तथा बैटरी पर चलने वाला अपना पहला फ्लेक्स-फ्यूल व्हीकल **ब्राजील** से प्राप्त करेगा।

नोट: फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (FFV-SHEV) प्रायोगिक तौर पर उपयोग करने के लिए ब्राजील से आयात किया जाएगा। उद्देश्य: निम्न कार्बन उत्सर्जन के संदर्भ में इसके प्रदर्शन का आकलन करना। सड़क परिवहन मंत्रालय ने FFV और FFV-SHEV के संबंध में दिशानिर्देशों को अधिसूचित किया है। ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं को सलाह दी गई है कि वे BS- 6 मानकों का अनुपालन करने वाले वाहनों का निर्माण करें।

49. **आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA)** ने स्वच्छ अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में स्वच्छ टॉयकैथॉन लॉन्च किया है।

नोट: यह सूखे कचरे से खिलौने बनाने की एक अनूठी प्रतियोगिता है। उद्देश्य: खिलौनों के निर्माण में सूखे कचरे के उपयोग के लिए नवीन समाधान खोजना। इस पहल का नॉलेज पार्टनर सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग, IIT गांधीनगर है और प्रतियोगिता MyGov पोर्टल पर आयोजित की जाएगी।

50. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) की एकीकृत क्रायोजेनिक इंजन निर्माण इकाई का उद्घाटन **बेंगलुरु** शहर में किया गया।

नोट: इसरो द्वारा अपने उपग्रह प्रक्षेपण कार्यों के लिए क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग किया जाता है। राष्ट्रपति ने HAL में वर्चुअली दक्षिण क्षेत्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान की आधारशिला भी रखी। उन्होंने सेंट जोसेफ विश्वविद्यालय का भी उद्घाटन किया और वह राज्य सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक स्वागत समारोह में भी शामिल हुईं।

51. LAHDC के CEC, फिरोज अहमद खान ने लद्दाख के **कारगिल** में स्थित इंडोर स्टेडियम में पहले मेगा किसान मेले का उद्घाटन किया गया।

नोट: यह कार्यक्रम शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (SKUAST) कश्मीर द्वारा आयोजित किया गया था। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख एवं जम्मू-कश्मीर के कई प्रगतिशील किसानों, केवीके केंद्र और अनुसंधान केंद्र द्वारा स्टालों की स्थापना की गई। उद्देश्य: विशेषज्ञ किसानों को नवीनतम तकनीकों और संतृप्त कृषि के लिए उच्च उपज देने वाली किस्मों के उपयोग के बारे में शिक्षित करेंगे।

52. **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के एक भाग के रूप में तैयार की गई शहर कार्य योजनाओं को लागू करने के लिए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण शुरू किया है।

नोट: उद्देश्य: 2025-26 तक वायु प्रदूषण को 40% तक कम करना। इस सर्वेक्षण में 131 शहरों को जनसंख्या के आधार पर तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया है। पहला समूह: 10 लाख से अधिक जनसंख्या (47 शहर); दूसरा समूह: 3 से 10 लाख के बीच जनसंख्या (44 शहर); तीसरा समूह: 3 लाख से कम जनसंख्या (40 शहर)

53. प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या से निपटने और पुनीत सागर अभियान तथा टाइड टर्नर्स प्लास्टिक चैलेंज प्रोग्राम के माध्यम से स्वच्छ जल निकायों के सार्वभौमिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए **नेशनल कैडेट कॉर्प्स (NCC)** ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नोट: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में MoU पर हस्ताक्षर किए गए। पुनीत सागर अभियान, 1 दिसंबर 2021 को NCC द्वारा शुरू किया गया था।

54. भारतीय तेल कंपनी, **भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड** ने अपने कच्चे तेल की स्रोत में विविधता लाने के लिए पेट्रोब्रास के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: ब्राजील में अरुण कुमार सिंह (BPCL अध्यक्ष) और कैओपेस डी एंड्रेड (पेट्रोब्रास CEO) द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। उद्देश्य: दोनों कंपनियों के बीच भविष्य में कच्चे तेल के व्यापार संबंधों को मजबूत करना और BPCL द्वारा संभावित कच्चे तेल के आयात के अवसरों का पता लगाना। पेट्रोब्रास तेल, प्राकृतिक गैस और ऊर्जा उद्योग में एक एकीकृत और विशिष्ट तरीके से काम करती है।

55. सरकार ने वित्तीय वर्ष **2022-23** के लिए पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना शुरू की है।

नोट: उद्देश्य: पूंजीगत निवेश परियोजनाओं के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना। योजना के भाग-V के अंतर्गत, 3000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं और OFC नेटवर्क पर पूंजीगत परियोजनाओं हेतु राज्यों के लिए उपलब्ध होंगे। व्यय विभाग ने उत्तराखंड, झारखंड, हरियाणा तथा कर्नाटक के लिए क्रमश: 50 करोड़, 84 करोड़, 65 करोड़ और 156 करोड़ की मंजूरी दी है।

56. भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) शब्दकोश मोबाइल एप्लिकेशन **साइन लर्न** है।

नोट: इसमें 10,000 शब्द हैं। ऐप सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने लॉन्च किया। यह मोबाइल ऐप भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC) के भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोश पर आधारित है। ISL शब्दकोश के सभी शब्दों को हिंदी या अंग्रेजी माध्यम से खोजा जा सकता है।

57. आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री - जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के चार वर्ष तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आरोग्य मंथन 2022 का उद्घाटन **स्वास्थ्य मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया** ने किया।

नोट: योजना कमजोर परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। मंत्री ने हेल्थ क्लेम एक्सचेंज (HCX), राष्ट्रीय ई-रूपी पोर्टल

और डिजिटलीकरण के दिशानिर्देश सहित अनेक नई पहल लॉन्च की हैं।

58. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **गुजरात** राज्य में पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया।

नोट: एजेंडा: बेहतर नीतियां बनाने में केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच तालमेल बनाना। दो दिवसीय सम्मेलन में छह विषयगत सत्र होंगे: (1) LiFE, (2) जलवायु परिवर्तन का मुकाबला, (3) PARIVESH, (4) वानिकी प्रबंधन, (5) प्रदूषण की रोकथाम तथा नियंत्रण, (6) वन्यजीव प्रबंधन और प्लास्टिक एवं अपशिष्ट प्रबंधन।

59. UNGA के 77वें सत्र के दौरान विदेश मंत्रियों की G-4 बैठक की मेजबानी **विदेश मंत्री, डॉ. एस. जयशंकर** ने की।

नोट: शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्रियों- कार्लोस फ़्रैंका (ब्राज़ील); योशिमासा हयाशी (जापानी); एनालेना बेरबॉक (जर्मन) ने भाग लिया। वह 18-28 सितंबर 2022 तक अमेरिका की यात्रा पर हैं। उन्होंने UNGA के 77वें सत्र में उच्च स्तरीय सप्ताह के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। 77वीं UNGA का विषय: Watershed Moment: Transformative Solutions to Interlocking Challenges

60. आयुष मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल ने NIMHANS में चेतना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन **बेंगलुरु** शहर में किया गया।

नोट: विषय 2022: Exploring Consciousness- From Non- Locality to Non- Duality: The Man- Machine Debate. सम्मेलन का आयोजन इंडिया फाउंडेशन तथा NIMHANS द्वारा किया गया था और यह आयुष मंत्रालय द्वारा समर्थित था। उन्होंने आयुर्स्वास्थ्य योजना के एक भाग के रूप में NIMHANS, बेंगलुरु में एकीकृत चिकित्सा विभाग में उत्कृष्टता केंद्र परियोजना का भी उद्घाटन किया।

61. पूर्वोत्तर भारत में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वर्चुअल कॉन्फ्रेंस 'SymphoNE' **केंद्रीय मंत्री, जी. किशन रेड्डी** ने लॉन्च की।

नोट: SymphoNE पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास सम्मेलन पर एक संवाद श्रृंखला की शुरुआत है जिसमें नीतिगत विचारकों, हितधारकों तथा प्रभावशाली व्यक्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) के अवसर पर 24 - 27 सितंबर 2022 को वर्चुअल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

62. राष्ट्र के स्वामित्व वाला तेल संगठन, **इंडियन ऑयल** AVGAS 100 LL का उत्पादन तथा विपणन करने वाली पहली तेल विपणन कंपनी (OMC) बन गई है।

नोट: इंडियन ऑयल द्वारा हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने AVGAS 100 LL लॉन्च किया। AVGAS 100 LL: यह पिस्टन इंजन वाले विमानों और मानव रहित वायुयानों के लिए निर्मित एक विशेष विमानन ईंधन है। वर्तमान में भारत यूरोपीय देशों से AVGAS 100 LL का आयात कर रहा है।

63. केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पुनर्विकास के लिए अनुमोदित भारतीय रेलवे के तीन स्टेशन **नई दिल्ली, अहमदाबाद और मुंबई CSMT** है।

नोट: इस पुनर्विकास परियोजना में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। पुनर्विकास परियोजना में शामिल हैं: CCTV और एक्सेस कंट्रोल लगाना। सभी यात्री सुविधाओं (खुदरा, कैफेटेरिया, मनोरंजन सुविधाओं के लिए स्थान) के साथ विशाल रूफ प्लाजा। दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं, आदि।

64. त्रैमासिक रोजगार सर्वेक्षण (जनवरी से मार्च 2022) के चौथे दौर की रिपोर्ट **भूपेंद्र यादव** ने जारी की है।

नोट: यह दर्शाता है कि पिछले चार तिमाही सर्वेक्षण में समग्र रोजगार में वृद्धि हुई है। अनुमानित रोजगार तीसरी तिमाही के 3.14 करोड़ से बढ़कर चौथी तिमाही में 3.18 करोड़ हो गया है। यह संगठित तथा असंगठित दोनों क्षेत्रों में रोजगार तथा

प्रतिष्ठानों के संबंधित परिवर्त्य के बारे में त्रैमासिक अनुमान प्रदान करता है।

65. जापानी फर्म, **हिताची एस्टेमो** ने महाराष्ट्र में जलगांव विनिर्माण संयंत्र में भारत का पहला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया।

नोट: हिताची अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 2050 तक कार्बन तटस्थ बनने के लिए काम कर रही है। 3 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के साथ, कंपनी हर वर्ष लगभग 4000 टन CO_2 उत्सर्जन को समाप्त कर पाएगी। अपने जलगांव संयंत्र में, हिताची एस्टेमो वाहनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ब्रेक सिस्टम बनाने का काम करेगी।

66. जलदूत ऐप (JALDOOT) और ई-ब्रोशर **फग्गन सिंह कुलस्ते** ने लॉन्च किया है।

नोट: विकासक: ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रालय। उपयोग: एक गांव में चयनित 2-3 कुओं के जल स्तर पर नजर रखना। खुले कुओं में जल स्तर की शारीरिक निगरानी वर्ष में दो बार की जाएगी (उसी कुएं का मानसून से पूर्व और मानसून के बाद का स्तर)। नियुक्त अधिकारी जल स्तर को मापेंगे और जियो-टैग युक्त तस्वीरें अपलोड करेंगे।

67. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने **अरुणाचल प्रदेश** में ग्रासरूट फुटबॉल डेवलपमेंट (GFD) योजना शुरू की है।

नोट: उद्देश्य: 6 से 12 वर्ष के आयु वर्ग में फुटबॉल प्रतिभाओं पर नजर रखना, चयन करना और उन्हें प्रशिक्षण देना। GFD समिति के अध्यक्ष शांतनु पुजारी ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू और AIFF अध्यक्ष कल्याण चौबे की उपस्थिति में इस योजना की शुरुआत की। राज्य सरकार इस योजना को 100 स्कूलों में शुरू करेगी, और चयनित स्कूलों के शारीरिक प्रशिक्षण शिक्षकों को AIFF विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

68. नई दिल्ली में 13वें FICCI ग्लोबल स्किल्स समिट 2022 का उद्घाटन **शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान** ने किया।

नोट: विषय 2022: Education to Employability - Making It Happen; समिट एनईपी लेंस के माध्यम से देखेगी और इस बात पर ध्यान केंद्रित करेगी कि भारत संयुक्त राष्ट्र SDG 4 को एक अंतर्निहित विषय के रूप में "विश्व की कौशल राजधानी" कैसे बन सकता है। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का समापन एक कार्यक्रम "VIRASAT" द हेरिटेज के साथ हुआ जो भारतीय कारीगरों के उत्कृष्ट शिल्प का सम्मान करता है।

69. मालदीव सरकार ने मालदीव हनीमाधू इंटरनेशनल एयरपोर्ट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए **जेएमसी प्रोजेक्ट** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नोट: परियोजना का मूल्य लगभग 136.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। यह पुष्टि की गई थी कि इस परियोजना को भारत के एक्ज़िम बैंक द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। मालदीव सरकार को एक टर्मिनल के अलावा 2.46 किलोमीटर का रनवे बनाने की उम्मीद है जिससे सालाना 1.3 मिलियन यात्री सेवा प्राप्त कर सकते हैं। वर्ष 2024 तक निर्माण कार्य पूरी तरह से शुरू होने की उम्मीद है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. केंद्र शासित प्रदेश **दिल्ली** ने भारत का पहला वर्चुअल स्कूल लॉन्च किया।

नोट: स्कूल कक्षा IX से XII के लिए होगा तथा दिल्ली स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होगा। यह प्लेटफॉर्म दो विश्व स्तरीय मान्यता प्राप्त संगठनों, गूगल तथा स्कूलनेट इंडिया द्वारा बनाया गया था। वर्चुअल स्कूल के शिक्षकों को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है।

2. **राजस्थान** ने व्यवसाय करने वाली महिलाओं के लिए आसान ऋण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऋण योजना 'महिला निधि' शुरू की।

नोट: इस योजना का उद्देश्य ऋण के माध्यम से महिलाओं का सामाजिक तथा आर्थिक विकास भी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट 2022-23 में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के माध्यम से 'महिला निधि' योजना की घोषणा की है।यह योजना 48 घंटों के भीतर 40,000 रुपये तक और 15 दिनों के भीतर 40,000 रुपये से अधिक के ऋण प्रदान करेगी।

3. **मेघालय** राज्य ने "रूरल बैकयार्ड पिग्गरी स्कीम" शुरू की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान विभिन्न पशुधन कृषि गतिविधियों के माध्यम से एक स्थायी आजीविका अर्जित करें।

   नोट: इस योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत, सरकार ने 15.18 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 6000 परिवारों को अधिक उपज देने वाली चार उन्नत किस्में वितरित की जाएंगी। योजना के द्वितीय चरण के लिए अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये निर्धारित किए जाएंगे।

4. कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) ने **दुबई, UAE** में मणिपुर के अनानास का इन-स्टोर एक्सपोर्ट प्रमोशन शो आयोजित किया।

   नोट: उद्देश्य: अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में स्थानीय तौर पर उत्पादित कृषि उपजों को बढ़ावा देना। मणिपुर ऑर्गेनिक मिशन एजेंसी (MOMA) ने अनानास की जैविक खाद प्रमाणित केव किस्म के उद्गम स्थान में सहयोग किया है। भारतीय अनानास के शीर्ष पांच आयातक देश: UAE, नेपाल, कतर, मालदीव, अमेरिका

5. एक ग्लोबल स्टार्टअप चैलेंज 'वेंचराइज' (VentuRISE) **कर्नाटक** राज्य सरकार ने शुरू किया।

   नोट: उद्देश्य: विनिर्माण तथा संधारणीयता से संबंधित क्षेत्रों में संवृद्धि चरण के स्टार्टअप की सहायता करना। वेंचराइज, एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट - इन्वेस्ट कर्नाटक 2022 का एक भाग होगा जो 2 से 4 नवंबर तक बेंगलुरु में आयोजित होगी। नकद पुरस्कार: 100,000 डॉलर ग्लोबल चैलेंज उद्यमियों को अपने अभिनव उत्पादों या समाधानों का प्रदर्शन करने तथा संभावित निवेशकों से जुड़ने में मदद करेगा।

6. **कन्नड़ अभिनेता, सुदीप** को कर्नाटक सरकार की योजना 'पुण्यकोटि दत्तू योजना' का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया, जो एक मवेशी दत्तक ग्रहण योजना है।

   नोट: योजना का उद्देश्य: 'गोशालाओं' (गाय आश्रय स्थलों) में पशुओं के पालन-पोषण के उद्देश्य से जनता द्वारा दत्तक ग्रहण को प्रोत्साहित करना। अभिनेता ने योजना का एंबेसडर बनाए जाने के लिए शुल्क नहीं लेने का फैसला किया है। योजना जुलाई में शुरू की गई थी और कोई भी व्यक्ति या संगठन एक वर्ष के लिए कुल 11,000 रुपये का भुगतान करके गाय को गोद ले सकता है।

7. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के **29वें जिला** के रूप में मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी का उद्घाटन किया।

   नोट: इसे राजनंदगांव जिले से अलग करके बनाया गया है। राजनंदगांव जिला एक विशाल क्षेत्र था और लोग अपना पूरा दिन मुख्यालय तक पहुंच में लगा देते थे। नया जिला बनने के साथ इसे घटाकर 70 किलोमीटर कर दिया गया है। वह राज्य के 30वें और 31वें जिलों के रूप में सारंगढ़-बिलाईगढ़ और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का उद्घाटन करेंगे।

8. उत्तर प्रदेश के बरेली जिले का **भरतौल गांव** हर घर में आरओ का पानी उपलब्ध कराने वाला राज्य का पहला गांव बन गया।

   नोट: यह उपलब्धि आदर्श ग्राम पंचायत पहल के अंतर्गत आती है। सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब तक गांव में चार आरओ संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। यह लोगों को जल जनित बीमारियों से बचाएगा। ग्राम प्रधान प्रवेश कुमारी प्रभारी हैं और गांव में आरओ संयंत्रों की देखभाल कर रही हैं।

9. **तमिलनाडु** राज्य ने राज्य की छात्राओं के लिए 'पुधुमई पेन' (आधुनिक महिला) योजना शुरू की।

नोट: इस योजना के अंतर्गत, सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाली सभी छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रति माह 1,000 रुपये मिलेंगे। धनराशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। उद्देश्य: बाल विवाह को कम करना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना। सरकार ने 26 उत्कृष्टता स्कूल और 15 मॉडल स्कूल भी लॉन्च किए हैं।

10. **उत्तराखंड** राज्य के शिक्षा विभाग ने सभी प्रशासनिक तथा शैक्षणिक अपडेट प्रदान करने के उद्देश्य से एक ई-गवर्नेंस पोर्टल "समर्थ" लॉन्च किया।

    नोट: इसमें पांच राज्य विश्वविद्यालयों और पब्लिक स्कूलों में प्रवेश परीक्षा, वेतन संरचना, नियुक्तियों से संबंधित जानकारी है। उद्देश्य: राज्य में शिक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना। विज्ञान विषयों के लगभग 200 सहायक प्रोफेसरों को विशेष प्रशिक्षण के लिए IISc, बेंगलुरु भेजा जाएगा।

11. **उत्तर प्रदेश** राज्य सरकार किसानों को आधार संख्या के समान एक अद्वितीय फार्म आईडी प्रदान करेगी।

    नोट: सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए इस विशिष्ट आईडी को आधार से जोड़ा जाएगा। इस पहल की मदद से सरकार उन परिवारों को इस योजना के दायरे में लाएगी जिन्हें अभी तक किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल रहा है। आधार की मदद से उप्र सरकार ने अधिकांश लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

12. मेघालय सरकार ने मेघालय रेज़िडेंट सेफ्टी एंड सिक्योरिटी एक्ट (MRSSA) ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया। राज्य के मुख्यमंत्री **कोनराड के. संगमा** हैं।

    नोट: यह सरकार की अन्य सेवाओं तथा कार्यक्रमों विशेषकर स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की निगरानी तथा बेहतर कार्यान्वयन के लिए लाभप्रद होगा। डिजिटलीकरण प्रक्रिया से राज्य के 6,000 से अधिक गांवों को ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

13. **पश्चिम बंगाल** राज्य सरकार यूनिसेफ के सहयोग से राज्य में बाल विवाह तथा किशोरी गर्भावस्था को रोकने हेतु बाल-मैत्री संघ बनाएगी, जिसमें SHG सदस्य भी शामिल होंगे।

    नोट: इन दो संत्रास को रोकने के लिए, राज्य सरकार और यूनिसेफ ने राज्य के सभी 23 जिलों के 87 ब्लॉकों में अगले छह महीनों में 110 बाल-मैत्री संघ बनाने की प्रारंभिक योजना बनाई है। NFHS की एक रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह तथा किशोरी गर्भावस्था के मामलों में पश्चिम बंगाल शीर्ष पर है।

14. गांधीनगर, गुजरात में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य की पहली सिनेमाई पर्यटन नीति का अनावरण **गुजरात के मुख्यमंत्री, भूपेंद्र पटेल** ने किया।

    नोट: अनावरण के दौरान सरकार ने फिल्म अवसंरचना विकास एवं फिल्म निर्माण विभाग सहित संगठनों और व्यक्तियों के साथ 1,020 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह नीति फिल्म अवसंरचना विकास परियोजनाओं तथा फिल्म निर्माण परियोजनाओं के लिए विभिन्न वित्तीय तथा गैर-वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

15. बिहार के मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार ने **गया में फाल्गु नदी** पर भारत के सबसे लंबे रबर बांध 'गयाजी बांध' का उद्घाटन किया।

    नोट: यह बांध 324 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है। इस परियोजना में IIT (रुड़की) के विशेषज्ञ शामिल थे। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बांध में वर्ष भर पर्याप्त पानी रहेगा। यहां पिंडदान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विष्णुपद घाट के पास फाल्गु नदी में वर्ष भर कम से कम दो फीट पानी उपलब्ध रहेगा।

16. **राजस्थान** सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों को 100 दिनों का रोजगार प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

    नोट: मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य के इस वर्ष के बजट में प्रस्तावित इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना के लिए 2.25 लाख से अधिक परिवार पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं।

17. सितंबर 2022 तक छत्तीसगढ़ में जिलों की कुल संख्या **33** है।

नोट: छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 32वें और 33वें जिलों का उद्घाटन किया। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और शक्ति को छत्तीसगढ़ का 32वां और 33वां जिला घोषित किया गया। शक्ति, जांजगीर-चंपा से अलग हुआ है, और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया जिले से अलग हुआ है।

18. वेदांता और फॉक्सकॉन ने **गुजरात** राज्य में सेमीकंडक्टर तथा डिस्प्ले निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: लाभ: सहायक उद्योगों के लिए एक विशाल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना और MSME की मदद करना

- कुल निवेश: 1.54 लाख करोड़ रुपये
- डिस्प्ले फैब यूनिट: यह यूनिट 94,500 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होगी।
- इंटीग्रेटेड सेमीकंडक्टर फैब यूनिट और OSAT (आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) केंद्र 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होंगे।

19. **इंदौर (मप्र)** शहर ने पूर्णतया डिजिटल पता प्रणाली लागू की है जो इंदौर को ऐसा करने वाला भारत का पहला शहर बनाता है।

नोट: इस स्मार्ट सिटी पहल के लिए, पता नेविगेशन्स फर्म के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। पता: इस संगठन ने पेटेंट तकनीक विकसित की है और यह संगठन राष्ट्र के लिए एक डिजिटल पता प्रणाली विकसित करने के लिए इसरो के साथ काम कर रहा है। पता ऐप के उपयोगकर्ता अपने पते के साथ पूर्ण विवरण में अपने घरों, ऐतिहासिक स्थलों आदि की तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं।

20. **झारखंड** राज्य ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के मार्ग में आने वाली बाधाओं को कम करने के उद्देश्य से खेल नीति 2022 शुरू की है।

नोट: उद्देश्य: राज्य के सभी खिलाड़ियों के लिए देश का पहला खेल डिजिटल डेटाबेस बनाना, एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, नौकरियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में खिलाड़ियों को आरक्षण। खेल नीति पांच वर्ष की अवधि के लिए बनाई गई है।

21. दिल्ली तथा **पंजाब** राज्य सरकार ने पराली दहन रोकने के लिए कृषि प्रधान राज्य में 5,000 एकड़ भूमि पर पूसा जैव-अपघटक का उपयोग करने के लिए हाथ मिलाया है, जो वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है।

नोट: पूसा जैव-अपघटक एक सूक्ष्मजैविक विलयन है जो धान की पराली को 15 से 20 दिनों में अपघटित कर सकता है। 2022 में, पंजाब में धान की खेती के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल 29-30 लाख हेक्टेयर आंका गया है। राज्य में प्रतिवर्ष औसतन लगभग 20 मिलियन टन धान की पराली उत्पन्न होती है।

22. **मणिपुर** राज्य सरकार ने 'सीएम दा हैसी' (मुख्यमंत्री को सूचित करना) नामक एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है।

नोट: उद्देश्य: आम जनता से शिकायतें प्राप्त करना। जनता www.cmdahaisi.mn.gov.in पर लॉग इन करके वेब पोर्टल में अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इस पोर्टल की मदद से शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों की स्थिति भी देख सकते हैं। इस पोर्टल का उपयोग मुख्यमंत्री सचिवालय में स्थित लोक शिकायत निवारण एवं भ्रष्टाचार निरोधी प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा।

23. **बिहार** राज्य सरकार विद्यार्थियों पर बोझ कम करने के लिए स्कूलों में 'नो-बैग डे' नियम और सप्ताह में कम से कम एक बार खेल की अनिवार्य वेला शुरू करेगी।

नोट: उद्देश्य: विद्यार्थियों को विभिन्न क्रियाकलापों में शामिल करना जो उनकी शिक्षा को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। अधिसूचना के अनुसार साप्ताहिक "नो बैग डे" में कार्य आधारित प्रायोगिक कक्षाएं होंगी। सप्ताह में कम से कम एक बार, विद्यार्थी केवल अपने लंच बॉक्स के साथ ही स्कूल आएंगे। उन्हें किताबें ले जाने की आवश्यकता नहीं है।

24. **ओडिशा** राज्य सरकार ने तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जनन और तट पर रहने वाले लोगों के बीच जलवायु लचीलापन बढ़ाने के लिए 261 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है।

नोट: सरकार ने इस आजीविका कार्य योजना को चालू वर्ष से 2026-27 तक लागू करने का निर्णय लिया है। परियोजना के अंतर्गत मुख्य तटीय परिदृश्यों को उपचारित किया जाएगा और इसमें केंद्रपाड़ा जिले में भितरकनिका, गंजम जिले में बहुदा एवं चिल्का और पुरी जिले में देवी माउथ, चिल्का जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।

25. **असम** राज्य सरकार ने अस्पताल के साथ-साथ यात्रा के दौरान शिशुओं को प्राणरक्षी श्वसन सहायता प्रदान करने के लिए 'SAANS' नामक एयर प्रेशर मशीन का उपयोग करने का निर्णय लिया।

नोट: 'SAANS' एक नवजात शिशु संबंधी पोर्टेबल कंटीन्यूअस पॉज़िटिव एयर प्रेशर (CPAP) प्रणाली है। इसे बंगलौर स्थित स्टार्ट-अप, इनएक्सेल टेक्नोलॉजीज द्वारा विकसित किया गया है। मशीन के विकास के लिए, इनएक्सेल टेक्नोलॉजीज ने SAMRIDH हेल्थकेयर ब्लेन्डेड फाइनेंस फैसिलिटी के साथ समझौता किया है।

26. **नागालैंड** राज्य सरकार ने 1 अक्टूबर को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना (CMHIS) नामक अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है।

नोट: उद्देश्य: राज्य के सभी वास्तविक नागरिकों के लिए चिकित्सालयी देखभाल पर तत्काल-देय खर्च को कम करना। यह प्रति परिवार पांच लाख रुपये वार्षिक तक का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। यह राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों तथा राज्य के सभी मूल और/या स्थायी निवासियों को कवर करेगी।

27. **छत्तीसगढ़** राज्य सरकार एक विशेष अभियान 'हमार बेटी - हमार मान' (हमारी बेटियां, हमारा सम्मान) शुरू करेगी।

नोट: उद्देश्य: लड़कियों तथा महिलाओं की रक्षा एवं सुरक्षा और उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करना। क्रियान्वयनः महिला पुलिस कर्मी सभी जिलों के स्कूलों तथा कॉलेजों में जाएंगी और लड़कियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में शिक्षित करेंगी। सरकार महिलाओं के विरुद्ध दुर्व्यवहार, छेड़छाड़ एवं अन्य अपराधों की शिकायतों के लिए जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करेगी।

28. **हिमाचल प्रदेश** राज्य मंत्रिमंडल ने 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा अनुशिक्षक योजना-2022' को अपनी मंजूरी दे दी है।

नोट: उद्देश्य: स्वस्थ विकास एवं वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए बाल्यकाल में उचित देखभाल और मस्तिष्क उद्दीपन प्रदान करना। सरकार उन उम्मीदवारों को 9,000 रुपये प्रति माह की राशि का भुगतान करेगी जिन्होंने नर्सरी शिक्षक में एक वर्षीय डिप्लोमा किया है, ताकि वे पाठ्यक्रमों को पूरा करके उन्हें योग्य बना सकें।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **यूनाइटेड किंगडम** को पछाड़कर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।

नोट: अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के पूर्वानुमान के अनुसार, भारत वार्षिक आधार पर इस वर्ष यूके से आगे निकल गया है। शीर्ष चार: अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी। गणना अमेरिकी डॉलर पर आधारित है और भारत ने पहली तिमाही में अपनी बढ़त विस्तारित की है। इसके विपरीत, भारतीय अर्थव्यवस्था के 2022-23 में 7% से अधिक दर से बढ़ने का अनुमान है।

2. **आयरलैंड** के डेटा संरक्षण आयोग (DPC) ने बच्चों की जानकारी के प्रबंधन से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए इंस्टाग्राम पर 402 मिलियन

अमेरिकी डॉलर (405 मिलियन यूरो) का जुर्माना लगाया।

नोट: DPC ने 2020 के अंत में जांच आरंभ की थी। कारण: इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म बच्चों की व्यक्तिगत जानकारी का प्रबंधन कैसे करता है। निष्कर्ष: प्लेटफॉर्म ने एक उपयोगकर्ता पंजीकरण प्रणाली संचालित की थी जिसके अंतर्गत 13-17 वर्ष के उपयोगकर्ताओं के खातों को चूकवश "सार्वजनिक" कर दिया गया था।

3. **ऑस्ट्रेलिया** की संसद ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43% तक कम करने और इसे 2050 तक शून्य पर लाने के लिए सरकारी कानून पारित किया है।

नोट: कानून को आधिकारिक विधि बनने से पहले शाही सम्मति की आवश्यकता होती है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, स्वच्छ ऊर्जा एवं अवसंरचना वित्तपोषण एजेंसियों जैसे सरकारी निकायों को अपने निर्णयों में उत्सर्जन लक्ष्यों का ध्यान रखना होगा। ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा मंत्री: क्रिस बोवेन

4. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 मानव विकास सूचकांक में 191 देशों और राज्यक्षेत्रों के बीच भारत की रैंक **132वीं** है।

नोट: 2020 की रिपोर्ट में भारत 189 देशों के बीच 131वें स्थान पर था। निष्कर्ष: आंकड़े बताते हैं कि जीवन प्रत्याशा में कमी के कारण देश के प्रदर्शन में गिरावट आई है। शीर्ष पांच: स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड, हांगकांग, ऑस्ट्रेलिया अंतिम चार: मध्य अफ्रीकी गणराज्य (188), नाइजर (189), चाड (190), दक्षिण सूडान (191)

5. अमेरिकी दूतावास के अनुसार, अमेरिका ने 2022 में **भारत** को रिकॉर्ड 82,000 छात्र वीजा जारी किए हैं जो कि किसी भी देश की तुलना में सर्वाधिक है।

नोट: यह भारत में अमेरिकी मिशन द्वारा भारतीय छात्रों को अब तक दिए गए वीजा में सर्वाधिक हैं। 2021 में ओपन डोर्स रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-2021 शैक्षणिक वर्ष में भारत से 167,582 छात्र थे। अमेरिका में पढ़ने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से लगभग 20% भारतीय छात्र हैं।

6. मंगोलिया का दौरा करने वाले पहले भारतीय रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह को मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख ने एक राजसी घोड़ा उपहार में दिया गया था। घोड़े का नाम **तेजस** है।

नोट: सात वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस देश के प्रमुख से ऐसा ही उपहार मिला था। 2015 में, प्रधान मंत्री मोदी को इस देश की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान अपने तत्कालीन मंगोलियाई समकक्ष चिमेद सैखानबिलेग से विशेष उपहार में एक भूरे रंग का घुड़दौड़ का घोड़ा प्राप्त हुआ था। घोड़े का नाम कंथक रखा गया था।

7. यूके के नए गृह सचिव **सुएला ब्रेवरमैन** हैं।

नोट: सुएला ब्रेवरमैन ने भारतीय मूल की प्रीति पटेल की जगह ली। दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में फ़ारेहम से कंज़र्वेटिव पार्टी की सदस्य सुएला ब्रेवरमैन ने पहले अटॉर्नी जनरल के रूप में बोरिस जॉनसन प्रशासन के लिए काम किया था।

8. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 15 और 16 सितंबर को आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए **समरकंद (उज्बेकिस्तान)** की यात्रा पर जाएंगे।

नोट: जून 2019 में किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित SCO शिखर सम्मेलन के बाद यह पहला व्यक्तिगत शिखर सम्मेलन होगा।

9. मास्टरकार्ड लाइटहाउस MASSIV ने लोगों पर सार्थक सकारात्मक प्रभाव डालने में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाने के लिए **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)** के साथ साझेदारी की है।

नोट: यह एक बिलियन लोगों को 2025 तक अधिक समृद्ध तथा सुरक्षित जीवन जीने में सहायता हेतु समर्पित एक निःशुल्क स्टार्टअप साझेदारी कार्यक्रम है। उद्देश्य: तकनीकी कंपनियों को उनके प्रभाव मापन तथा प्रबंधन में सहायता करना और उन्हें संयुक्त राष्ट्र की व्यापक पहलों से जोड़ना।

10. भारत ने विश्व जल कांग्रेस और प्रदर्शनी 2022 में **डेनमार्क** के साथ मिलकर 'भारत में शहरी अपशिष्ट जल परिदृश्य' पर एक संयुक्त श्वेतपत्र जारी किया है।

नोट: उद्देश्य: भारत में अपशिष्ट जल उपचार की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की उपचार संरचनाओं, सह-निर्माण और सहयोग के लिए संभावित मार्गों को नियंत्रित करना। इस कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ डेनमार्क के पर्यावरण मंत्री ली वर्मेलिन शामिल हुए।

11. उज्बेकिस्तान के समरकंद में की गई एक घोषणा में, शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की चक्रीय अध्यक्षता **भारत** देश को सौंपी गई है।

नोट: भारत सितंबर 2023 तक एक वर्ष के लिए SCO की अध्यक्षता करेगा और 2023 में SCO शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी करेगा। SCO सदस्य देशों के नेताओं ने राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक में समरकंद घोषणा पर हस्ताक्षर किए। देशों के सदस्य ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर प्रकाश डाला है।

12. भारत, **चीन** को पछाड़कर श्रीलंका के लिए सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता बन गया है।

नोट: भारत ने 2022 के चार महीनों में श्रीलंका को कुल 968 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्रदान किया है। 2017 से 2021 तक पिछले पांच वर्षों में, चीन श्रीलंका का सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता रहा है। एशियाई विकास बैंक (ADB) पिछले पांच वर्षों में सबसे बड़ा बहुपक्षीय ऋणदाता रहा है और 2021 में 610 मिलियन डॉलर राशि प्रदान की।

13. **गौतम अडाणी** ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पछाड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गया है।

नोट: 17 सितंबर 2022 तक, अडाणी की कुल संपत्ति $147 बिलियन है और टेस्ला के संस्थापक एलोन मस्क की कुल संपत्ति $264 बिलियन है। इस वर्ष अब तक बेजोस की कुल संपत्ति में $45.5 बिलियन की गिरावट आई है, जबकि अडानी की संपत्ति में $70.3 बिलियन की वृद्धि हुई है। अंबानी को सूची में दसवां स्थान ($88.7 बिलियन की संपत्ति) दिया गया है।

14. एशिया-पैसफिक इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) की वर्तमान अध्यक्षता भारत के पास है।

नोट: नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय महासम्मेलन में AIBD सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। वर्तमान में प्रसार भारती के CEO और दूरदर्शन के DG मयंक कुमार अग्रवाल AIBD के अध्यक्ष हैं। सम्मेलन का उद्घाटन सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने किया।

15. SBI फाउंडेशन ने सीमा-पार स्तर पर लाल पांडा प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने और सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल के कंचनजंगा परिदृश्य में उनकी सुरक्षा करने में समुदायों के साथ मिलकर काम करने के लिए **WWF इंडिया** के साथ साझेदारी की है।

नोट: कार्यक्रम का आयोजन गंगटोक के हिमालयन जूलॉजिकल पार्क में किया गया। लाल पांडा संरक्षण में सहायता के लिए हर वर्ष सितंबर के तीसरे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय लाल पांडा दिवस मनाया जाता है। SBI फाउंडेशन SBI की CSR शाखा है।

16. बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने गरीबी तथा सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए **1.27 बिलियन अमेरिकी डॉलर** राशि की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की है।

नोट: गोलकीपर्स की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र SDG के प्रत्येक संकेतक 2030 तक लक्ष्य हासिल करने के मार्ग से भटक गए हैं। 2022 गोलकीपर पुरस्कार:

- ग्लोबल गोलकीपर अवार्ड: उर्सुला वॉन डेर लेयेन (जर्मनी)
- कैंपेन अवार्ड: वैनेसा नाकाटे (युगांडा)
- चेंजमेकर अवार्ड: ज़हरा जोया (अफगानिस्तान)

- ➢ प्रोग्रेस अवार्ड: डॉ. राधिका बत्रा (भारत)

17. न्यूयॉर्क में UNGA के इतर अमेरिका द्वारा आयोजित एक मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान **QUAD समूह** ने मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) साझेदारी दिशानिर्देशों पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: क्वाड लीडर्स टोक्यो समिट 2022 के दौरान समूह के स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत के साझा दृष्टिकोण के एक भाग के रूप में साझेदारी की घोषणा की गई थी। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में होने वाली आपदाओं से निपटना है।

18. गौतम अडाणी ने IIFL वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2022 के अनुसार, 10,94,400 करोड़ रुपये की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया।

नोट: जबकि, 7,94,700 करोड़ रुपये की अनुमानित संपत्ति के साथ मुकेश अंबानी सूची में भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। नाइका की संस्थापक तथा CEO, फाल्गुनी नायर कुल संपत्ति में बायोकॉन की प्रमुख, किरण मजूमदार-शॉ को पछाड़कर भारत की सबसे अमीर स्व-निर्मित महिला बनीं। वह भारत की सबसे अमीर महिला भी हैं, उनके बाद रेयर एंटरप्राइजेज की रेखा झुनझुनवाला हैं।

19. पोषण माह 2022 के लिए यूनिसेफ इंडिया के साथ **विटामिन एंजेल्स इंडिया** ने साझेदारी की।

नोट: उद्देश्य: पोषण सामग्री, वितरण, पहुंच, और रोग एवं अल्पपोषण के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए एक व्यापक, एकीकृत पहुंच तथा जागरूकता कार्यक्रम को लागू करना। इस साझेदारी में जनवरी 2023 में पोशन इनोवेशन प्लेटफॉर्म (PIP) का शुभारंभ भी शामिल है। सितंबर 2022 और दिसंबर 2026 के बीच PIP को सम्मिलित करने के लिए चरणबद्ध दृष्टिकोण का पालन किया जाएगा।

20. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के 2022 ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के अनुसार, भारत की रैंक **40वीं है।**

नोट: भारत 2021 में 46वें और 2015 में 81वें स्थान पर था। 64.6 के स्कोर के साथ स्विट्ज़रलैंड लगातार 12वें वर्ष दुनिया की सबसे अभिनव अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। दूसरा स्थान अमेरिका ने प्राप्त किया तथा उसके बाद स्वीडन और यूके का स्थान था। अन्य देश: चीन (11वां); लिथुआनिया (39वां); लातविया (41वां); बांग्लादेश (102वां); गिनी (132वां, अंतिम)

21. IIFL वेल्थ हुरुन इंडिया 40 एंड अंडर सेल्फ मेड रिच लिस्ट 2022 द्वारा जारी 40 वर्ष से कम आयु के स्व-निर्मित समृद्ध व्यक्तियों की सूची में **ज़ेरोधा के संस्थापक निखिल कामथ** शीर्ष पर रहा।

नोट: ओला इलेक्ट्रिक के CEO भाविश अग्रवाल को 11,700 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे स्थान पर रखा गया है, इसके बाद दिव्यांक तुराखिया (मीडिया नेटवर्क, 11,200 करोड़ रुपये) का स्थान है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में 40 वर्ष से कम आयु के 53 उद्यमी हैं।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. **सोथियारा छिम, बर्नाडेट मैड्रिड, टाडाशी हटोरी, गैरी बेनचेघिब** हस्तियों को रेमन मैग्सेसे अवार्ड्स फाउंडेशन द्वारा 2022 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

   नोट:

   - ➢ सोथियारा छिम (कंबोडिया): मानसिक स्वास्थ्य के लिए।
   - ➢ बर्नाडेट मैड्रिड (फिलीपींस): बाल संरक्षण प्रयास के लिए।

- टाडाशी हटोरी (जापान): वियतनाम के लोगों का इलाज करने वाले स्थानीय डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने के लिए।
- गैरी बेनचेघिब (इंडोनेशिया): समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष के लिए
- रेमन मैग्सेसे पुरस्कार अप्रैल 1957 में स्थापित किया गया था।

2. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति, बराक ओबामा ने नेटफ्लिक्स की **अवर ग्रेट नेशनल पार्क** डॉक्यूमेंट्री को अपनी आवाज देने के लिए एमी अवॉर्ड जीता।
नोट: डॉक्यूमेंट्री पांच भागों में रिलीज की गई है, और बराक तथा मिशेल ओबामा की प्रोडक्शन कंपनी "हायर ग्राउंड" द्वारा निर्मित है। वह पहले ही दो ग्रैमी जीत चुके हैं और अब एक EGOT अर्थात एक एमी, एक ग्रैमी, एक ऑस्कर और एक टोनी की उपलब्धि हासिल करने से आधे रास्ते दूर है। ड्वाइट डी. आइजनहावर के बाद बराक ओबामा एमी जीतने वाले दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति हैं।

3. **वारंगल (तेलंगाना), त्रिशूर (केरल) और नीलांबुर (केरल)** तीन शहर यूनेस्को के ग्लोबल नेटवर्क ऑफ लर्निंग सिटीज (GNLC) में शामिल हुए।
नोट: कारण: स्थानीय स्तर पर सभी के लिए आजीवन अधिगम को एक वास्तविक रूप देने का उत्कृष्ट प्रयास करना। ये तीन शहर वैश्विक निकाय के इस नेटवर्क में शामिल 44 देशों के 77 शहरों में से हैं। 77 नए सदस्यों के शामिल होने से शहरों की कुल संख्या 294 (76 देशों में) हो गई है।

4. सिंगापुर की राष्ट्रपति, हलीमाह याकोब ने भारत के पूर्व नौसेना प्रमुख **सुनील लांबा** को सिंगापुर के प्रतिष्ठित सैन्य पुरस्कार, पिंगट जासा जेमिलंग (टेंटेरा) या सराहनीय सेवा पदक (सैन्य) से सम्मानित किया।
नोट: कारण: भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना के बीच मजबूत तथा दीर्घकालिक द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाना। यह पुरस्कार सिंगापुर के रक्षा मंत्री, एनजी इंग हेन द्वारा प्रदान किया गया।

5. **कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान (KISS)** को साक्षरता पर सर्वोच्च वैश्विक सम्मान - यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया।
नोट: यह पुरस्कार 8 सितंबर 2022 को कोटे डी आइवर में यूनेस्को द्वारा आयोजित एक वैश्विक पुरस्कार समारोह में दिया गया। KISS यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाला भारत का पांचवां प्राप्तकर्ता और ओडिशा का पहला एवं एकमात्र संस्थान है। इसकी स्थापना प्रसिद्ध शिक्षाविद् तथा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सामंत ने की थी।

6. माइक्रोसॉफ्ट थिएटर, एलए, कैलिफोर्निया में मुख्य अभिनेता (पुरुष) के लिए 74वां एमी अवॉर्ड **ली जंग-जे, स्क्विड गेम (नेटफ्लिक्स) के अभिनेता** ने जीता।
नोट: ज़ैंडेया ने यूफोरिया (HBO) में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ड्रामा सीरीज़ में सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री का 74वां एमी अवॉर्ड जीता।
   - सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरीज़: सक्सेशन (HBO)
   - सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी सीरीज़: टेड लासो (ऐप्पल टीवी)
   - सर्वश्रेष्ठ लिमिटेड या एंथोलॉजी सीरीज़: द व्हाइट लोटस (HBO)
   - ड्रामा सीरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखन: सक्सेशन - ऑल द बेल्स से (HBO)

7. **पुष्पा: द राइज़** ने तेलुगु सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में दसवां SIIMA पुरस्कार जीता।
नोट:
   - अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा: द राइज़' (तेलुगु सिनेमा) में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (पुरुष) की श्रेणी में SIIMA पुरस्कार जीता।
   - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: स्वर्गीय पुनीत राजकुमार को युवारत्ना (कन्नड़)
   - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: सुकुमार (पुष्पा: द राइज़)
   - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (आलोचकों की पसंद): नवीन पोलिशेट्टी (जथि रत्नालु)

➤ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: पूजा हेगड़े (मोस्ट एलिजिबल बैचलर)

8. 13वें सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (SEOY) अवॉर्ड-इंडिया से **हकदर्शक के CEO, अनिकेत डोएगर को** सम्मानित किया गया।
   नोट: इस पुरस्कार की स्थापना जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन और श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा की गई है। हकदर्शक एक टेक प्लेटफॉर्म है जो नागरिकों को उनकी वांछनीय सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ता है। यह पुरस्कार केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदान किया।

9. विज्ञान पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' को पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, सूरत में 14-15 सितंबर 2022 के दौरान आयोजित दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में राष्ट्रीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार मिला। यह पत्रिका **CSIR** संगठन द्वारा प्रकाशित की गई।
   नोट: यह सम्मेलन गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। विज्ञान प्रगति भारत की सबसे लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाओं में से एक है और 1952 में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) द्वारा शुरू की गई थी।

10. **TRAiCEInc** स्टार्टअप ने 'ग्राहक प्रतिधारण के लिए भविष्यसूचक वैश्लेषिकी' श्रेणी में NASSCOM-NIPP GCC फिनटेक चैलेंज जीता है।
   नोट: कारण: यह प्रदर्शित करते हुए कि ऋणदाताओं को तीव्र तथा सुरक्षित वित्तपोषण के लिए परिचालन क्षमता में सुधार करने में सहायता हेतु कैसे प्लेटफॉर्म भविष्यसूचक AI का उपयोग करता है। TRAiCEInc एक बिना कोड का AI-संवर्धित अर्ली वार्निंग तथा बिजनेस रिस्क मॉनिटरिंग सिस्टम है। NIPP GCC फिनटेक चैलेंज एक ऐसी प्रतियोगिता है जहां स्टार्टअप वित्तीय सेवा क्षेत्र संबंधी समाधान पेश कर सकते हैं।

11. कैथरीन कोलोना (फ्रांस की यूरोप एवं विदेश मंत्री) द्वारा फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'शेवेलियर डे ला लीजन डी'होनूर या नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से **डॉ. स्वाति पीरामल को** सम्मानित किया गया।
   नोट: उन्हें व्यापार एवं उद्योग, विज्ञान, चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान और भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने के लिए सम्मानित किया गया। वह पीरामल ग्रुप की उपाध्यक्ष हैं। उन्हें 2012 में पद्मश्री सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

12. गुजराती फिल्म **छेलो शो (अंतिम फिल्म शो)** को 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की प्रस्तुति चुना गया।
   नोट: इस फिल्म का निर्देशन पान नलिन ने किया था। इस फिल्म को 2021 में 66वें वेलाडोलिड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन स्पाइक से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म का प्रीमियर 2021 में ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में किया गया था।

13. **भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल (IHCI)** ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा में '2022 यूएन इंटरएजेंसी टास्क फोर्स और डब्ल्यूएचओ स्पेशल प्रोग्राम ऑन प्राइमरी हेल्थ केयर अवॉर्ड' जीता।
   नोट: कारण: सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उच्च रक्तचाप के नियंत्रण तथा रोकथाम की पहल। यह पहल 2017 में शुरू की गई थी और 23 राज्यों के 130 से अधिक जिलों तक चरणबद्ध तरीके से इसका विस्तार किया गया था।

14. सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान तथा गणित में कई खोजों के लिए 2023 ब्रेकथ्रू प्राइज़ इन मैथेमैटिक्स से **डैनियल ए. स्पीलमैन** को सम्मानित किया गया है।
   नोट:मूलभूत भौतिकी में: चार्ल्स एच. बेनेट, गाइल्स ब्रासर्ड, डेविड ड्यूश और पीटर शोर; कारण: क्वांटम संगणना को रेखांकित करने वाली मूलभूत भौतिकी की खोज करना। **जैविक विज्ञान:** क्लिफोर्ड ब्रैंगविन और एंथोनी हाइमन; डेमिस हसबिस और जॉन जम्पर; इमैनुएल मिग्नॉट और मसाशी यानागिसावा

15. जर्मनी के दरमस्टाद में पेन सेंटर द्वारा हरमन केस्टन प्राइज़ का प्राप्तकर्ता **मीना कंडासामी** को चुना गया है।

नोट: हरमन केस्टन प्राइज़ उन व्यक्तित्वों को सम्मानित करता है जो पेन एसोसिएशन के चार्टर की भावना में हैं और उत्पीड़ित लेखकों एवं पत्रकारों के अधिकारों के लिए खड़े हैं। उनकी उल्लेखनीय रचनाएं: द जिप्सी गॉडेस (2014), व्हेन आई हिट यू: ऑर, ए पोर्ट्रेट ऑफ द राइटर ऐज़ ए यंग वाइफ (2017), और मिस मिलिटेंसी (2010)।

16. **कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (CIAL)** हवाई अड्डे को 2021-22 में एक कार्यक्रम 'मिशन सेफगार्डिंग' के सतर्कतापूर्ण कार्यान्वयन के लिए एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी अवार्ड-2022 मिला।

नोट: इस कार्यक्रम ने निर्बाध यातायात सुनिश्चित किया और महामारी के बाद यात्री संतोष को सुदृढ़ किया है। श्रेणी: एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कार्यशील हवाई अड्डों में 5-15 मिलियन यात्री श्रेणी; पुरस्कार एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) द्वारा संस्थापित किया गया था।

17. लंदन में आयोजित 20वें एशियन अचीवर्स अवार्ड्स में पहली बार क्वीन एलिजाबेथ II वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड से **सुएला ब्रेवरमैन (यूके होम सेकेट्री) को** सम्मानित किया गया।

नोट: 2022 में, वह प्रीति पटेल की जगह गृह सचिव बनीं। कला एवं संस्कृति: नमित मल्होत्रा (DNEG के अध्यक्ष); बिजनेस पर्सन ऑफ द ईयर: शमील और कवि ठकरार (ढिशूम के संस्थापक); सामुदायिक सेवा: डॉ. ज़रीन रूही अहमद (गिफ्ट वेलनेस के CEO)

18. **कुमार सानू को** 2021 के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नोट: कुमार सानू और शैलेंद्र सिंह (पार्श्व गायक) और आनंद-मिलिंद (संगीत-संगीतकार जोड़ी) को अलग-अलग वर्षों के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतिष्ठित पुरस्कार 28 सितंबर (दिवंगत महान गायिका की जयंती) पर उनके जन्मस्थान इंदौर में प्रदान किया जाएगा। शैलेंद्र सिंह को 2019 का लता मंगेशकर पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि आनंद-मिलिंद को 2020 के सम्मान से नवाजा जाएगा।

19. **आशा पारेख को** भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2020 से किन्हें सम्मानित किया गया।

नोट: वह 30 सितंबर को 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त करेंगी। उन्हें 1992 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। वह 1998 से 2001 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की अध्यक्षता करने वाली पहली महिला भी बनीं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार 1969 में स्थापित किया गया था और यह पहली बार देविका रानी को प्रदान किया गया था।

20. पर्यटन मंत्रालय की ओर से **उत्तराखंड** राज्य को सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन स्थल तथा पर्यटन के सर्वांगीण विकास के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

नोट: राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2018-19 की प्रस्तुतीकरण के दौरान उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से पुरस्कार प्राप्त किया। उत्तराखंड राज्यपाल: गुरमीत सिंह; मुख्यमंत्री: पुष्कर सिंह धामी

21. भारतीय महिला अधिकार कार्यकर्ता **सृष्टि बख्शी**, जिन्हें UN SDG एक्शन अवार्ड्स में 'चेंजमेकर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नोट: कारण: लैंगिक हिंसा का सामना करना और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित पहुंच का समर्थन करना। यह UN SDG एक्शन कैंपेन का एक फ्लैगशिप है जो लोगों को स्वस्थ ग्रह पर अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में कार्य करने के लिए 'संघटित, प्रेरित तथा संयोजित' करता है।

- अन्य श्रेणियों के पुरस्कार:
- संघटित करना (Mobilise): SUPvivors say NO MORE
- प्रेरित करना (Inspire): मासुंगी स्टोरी

➢ संयोजित करना (Connect): CyprusInno

खेल समाचार

1. कॉलिन डी ग्रैंडहोम, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, वे **न्यूजीलैंड** क्रिकेट टीम के खिलाड़ी थे।

   नोट: उन्होंने 29 टेस्ट मैच में 38.70 की औसत से 1432 रन बनाए, जिसमें वेस्टइंडीज तथा दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध शतक भी शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 120 रन था। उन्होंने इसी प्रारूप में 32.95 के औसत से 49 विकेट भी लिए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण मैच में 41 रन देकर छह विकेट शामिल हैं।

2. विश्व जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला **अपेक्षा फर्नांडीस है।**

   नोट: पेरू के लीमा में 200 मीटर महिला बटरफ्लाई मुकाबले में वह आठवें स्थान पर रहीं। उन्होंने आठ तैराकों के फाइनल में अंतिम स्थान हासिल करने के लिए 2:19.14 का समय लिया। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जून में 2:18.39 का था, जिसे स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पुष्टीकरण का इंतजार है।

3. **पल्लथुरुथी बोट क्लब** ने नेहरू ट्रॉफी नौका दौड़ का 68वां संस्करण जीता, जिसका आयोजन केरल के अलाप्पुझा जिले के पुन्नामादा लेक में किया गया था। **नोट:** पल्लथुरुथी बोट क्लब के 'महादेविकाडु कत्तिल थेक्केथिल' ने ट्राफी जीती। जबकि NCDC बोट क्लब के कुमारकम के 'नादुभागम' ने दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया। पल्लथुरुथी बोट क्लब की नौका ने 1.15 किमी की दूरी 4.30.77 मिनट में तय कर खिताब अपने नाम किया।

4. नीदरलैंड के ज़ैंडवूर्ट में ज़ैंडवोर्ट रेसट्रैक में 2022 फॉर्मूला वन डच ग्रैंड प्रिक्स ऑटो रेस **रेड बुल ड्राइवर, मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने** जीता।

   नोट: मर्सिडीज के ड्राइवर, ब्रिटेन के जॉर्ज रसेल ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि फेरारी के ड्राइवर, मोनाको के चार्ल्स लेक्लर्क ने रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। मर्सिडीज के ड्राइवर, लुईस हैमिल्टन चौथे स्थान पर रहे।

5. कुआलालंपुर में मलेशियन ऐज ग्रुप रैपिड चेस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक **अनिष्का बियानी ने** जीता।

   नोट: वह धीरूभाई अंबानी स्कूल की कक्षा 1 की छात्रा है और उन्होंने अंडर -6 ओपन श्रेणी में उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने युसुफगुडा, हैदराबाद में आयोजित अखिल भारतीय FIDE रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में एक सर्वश्रेष्ठ अंडर -7 खिलाड़ी के रूप में भी क्वालीफाई किया।

6. केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह ने अहमदाबाद, गुजरात में ट्रांस स्टेडिया में राष्ट्रीय खेलों के **36वां** संस्करण के लिए शुभंकर तथा गीत का शुभारंभ किया।

   नोट: शुभंकर: सावज (Savaj) (गुजराती में अर्थ 'शावक') । गीत 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विषय पर आधारित है। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन राज्य के छह शहरों अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर में किया जाएगा। उन्होंने आधिकारिक वेबसाइट - www.nationalgamesgujarat.in और मोबाइल ऐप NGGujarat भी लॉन्च किया।

7. मुशफिकुर रहीम, जिन्होंने हाल ही में ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, वे **बांग्लादेश** के खिलाड़ी हैं।

   नोट: वह बांग्लादेश प्रीमियर लीग, खेल के अन्य दो प्रारूपों (टेस्ट तथा ODI) और अन्य ट्वेंटी-20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में भाग लेते रहेंगे। उन्होंने यह निर्णय तब लिया जब बांग्लादेश UAE में आयोजित एशिया कप में अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ अपने ग्रुप B मैच हार गया। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 102 T20 मैच खेले हैं और 19.48 की औसत से 1,500 रन बनाए हैं।

8. मिस्टर IPL के नाम से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर **सुरेश रैना** ने सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

नोट: सुरेश रैना ने अपने 13 वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर में 18 टेस्ट, 226 ODI और 78 T20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने भारत के लिए 226 ODI मैचों में 5615 रन और 78 T20I में 1605 रन बनाए हैं। वह धोनी के नेतृत्व में 2011 विश्व कप तथा 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल थे।

9. **मास्टरकार्ड,** संगठन 2022-23 सत्र के लिए भारत में घरेलू मैदान पर आयोजित सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों (महिला और पुरुष दोनों), घरेलू क्रिकेट मैचों के लिए शीर्षक प्रायोजक बन गया।

नोट: उद्देश्य: देश भर में क्रिकेट प्रेमियों के साथ मास्टरकार्ड के संबंध को बढ़ाना। मास्टरकार्ड CEO: माइकल मिबैक; मुख्यालय: न्यूयॉर्क, अमेरिका

10. स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी, नीरज चोपड़ा स्विट्जरलैंड में प्रतिष्ठित ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल 2022 में **88.44 मीटर** दूर भाला फेंककर इसे जीतने वाले पहले भारतीय बने।

नोट: जबकि, ओलंपिक रजत पदक विजेता, चेक गणराज्य के जैकब वेडलेज्च 86.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 83.73 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें 30,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि और हंगरी में 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड से भी सम्मानित किया गया।

11. एशिया कप के 15वें संस्करण में, दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम, UAE में पाकिस्तान को 23 रन से हराकर छठा एशिया कप खिताब **श्रीलंका** ने जीता।

नोट: श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। जबकि भानुका राजपक्षे (श्रीलंकाई) को फाइनल में उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) मुख्यालय: दुबई, UAE; अध्यक्ष: ग्रेग बार्कले

12. एरोन फिंच ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के अंतिम मैच के बाद एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, वह **ऑस्ट्रेलिया** टीम के पूर्व कप्तान थे।

नोट: उनके नाम पर 17 शतकों के साथ 5400 से अधिक रन का एक प्रभावशाली रिकॉर्ड है। उन्होंने 2013 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण किया और स्कॉटलैंड के खिलाफ 148 रन बनाकर अपना पहला शतक बनाया।

13. स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने **कैस्पर रूड** को हराकर 2022 यूएस ओपन टेनिस में अपना पहला पुरुष एकल खिताब हासिल किया।

नोट: वर्ष 2005 में राफेल नडाल के फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से वह सबसे युवा पुरुष ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं।

- महिला एकल: इगा स्विटेक (पोलैंड)
- पुरुष युगल: राजीव राम (अमेरिका) / जो सैलिसबरी (यूके)
- महिला युगल: बारबोरा क्रेजीकोवा (चेक गणराज्य) / केटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
- मिश्रित युगल: स्टॉर्म सैंडर्स / जॉन पीयर्स (ऑस्ट्रेलिया)

14. सिक्किम दिसंबर 2022 में **माइनिंग क्रिकेट ग्राउंड (रंगपो के पास)** स्टेडियम में पहली बार रणजी ट्रॉफी मैचों की मेजबानी करेगा।

नोट: राज्य तीन पूर्वोत्तर टीमों अर्थात मिजोरम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश का स्वागत करेगा। यह निर्णय BCCI द्वारा लिया गया जो सिक्किम में क्रिकेट के प्रचार में एक गेम-चेंजर के रूप में कार्य करेगा। सिक्किम माइनिंग क्रिकेट ग्राउंड में रणजी ट्रॉफी मैचों के साथ-साथ कूचबिहार ट्रॉफी के दो मैच और तीन कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी मैच भी खेलेगा।

15. फॉर्मूला वन इटैलियन ग्रैंड प्रिक्स 2022 का खिताब **मैक्स वेर्स्टाप्पेन** ने हासिल किया।

नोट: फेरारी ड्राइवर, चार्ल्स लेक्लर्क ने ग्रैंड प्रिक्स में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जॉर्ज रसेल (मर्सिडीज) ने तीसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन (सात बार के विश्व चैंपियन) ने भी रेस में भाग लिया और पांचवें स्थान पर रहे, जबकि न्याक डी व्रीज़ अपनी पहली F1 रेस में नौवें स्थान पर रहे।

16. भारत ने कोलंबो, श्रीलंका में खेले गए फाइनल में नेपाल को 4-0 से हराकर दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) अंडर -17 चैंपियनशिप खिताब हासिल किया।

नोट: भारत ने बेहतरीन खेल प्रदर्शित करके चौथी बार (2013, 2017, 2019, 2022) खिताब जीता। भारत के कप्तान, वनलालपेका गुइते को टूर्नामेंट का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया, जबकि गोलकीपर, साहिल ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता। SAFF सदस्य: बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका

17. भारतीय महिला पहलवान **विनेश फोगाट** ने बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित विश्व चैंपियनशिप के 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

नोट: वह विश्व चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं। उन्होंने मौजूदा यूरोपीय चैंपियन स्वीडन की एम्मा मैलमग्रेन को हराया। चैंपियनशिप में यह उनका दूसरा कांस्य पदक है।

18. रोजर फेडरर ने संन्यास की घोषणा की, वह **टेनिस के** खेल से संबंधित हैं।

नोट: टेनिस के शानदार खिलाड़ी फेडरर के 24 वर्षों में 1500 से अधिक मैच खेले हैं। उन्होंने अपना पहला जूनियर मैच 1996 में 14 वर्ष की आयु में स्विट्जरलैंड में ग्रेड 2 टूर्नामेंट में खेला था। उन्होंने 2003 में 21 वर्ष की आयु में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता।

19. राचेल हेन्स, जिन्होंने 35 वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, **ऑस्ट्रेलिया** से संबंधित हैं।

नोट: लेकिन, वह महिलाओं की बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए एक और सीजन खेलेंगी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने 2009 में पदार्पण के बाद से तीनों प्रारूपों में 150 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 3,818 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के साथ छह वैश्विक खिताब जीते और 2018 में उप-कप्तान बनीं।

20. रोमानिया के मामाइया में आयोजित विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में भारत के 76वें ग्रैंडमास्टर **प्रणव आनंद** बने।

नोट: उन्होंने रोमानिया में जारी प्रतियोगिता में 2,500 एलो अंक का आंकड़ा पार किया। वह GM खिताब हेतु जरूरी अन्य मानदंड पहले ही पूरे कर चुके हैं। GM के लिए योग्यता: एक खिलाड़ी को तीन GM मानदंड प्राप्त करने तथा 2,500 एलो अंक की लाइव रेटिंग पार करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने तीसरा तथा अंतिम GM मानदंड स्विट्जरलैंड में 55वें बील शतरंज में हासिल किया था।

21. चेन्नई स्थित SDAT स्टेडियम में तीसरी वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेटे (पोलैंड) को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर 2022 WTA चेन्नई ओपन **लिंडा फ्रुहविरटोवा (चेक)** ने जीता।

नोट: 17 वर्ष एवं 141 दिन की आयु में, वह अब तक WTA टूर पर सीजन की सबसे युवा खिताब विजेता हैं। पिछले वर्ष 17 वर्ष, 70 दिन की आयु में कोको गॉफ ने पर्मा जीता था, तब से वह टूर पर सबसे युवा एकल चैंपियन हैं। युगल WTS चेन्नई ओपन: गैब्रिएला डाब्रोवस्की और लुइसा स्टेफनी।

22. विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक **बजरंग पुनिया** ने जीता।

नोट: उन्होंने प्यूर्टो रिको के सेबस्टियन सी. रिवेरा को 11-9 से हराया। चैंपियनशिप में पुनिया का यह चौथा पदक है, जिसने 2013 में कांस्य के साथ अपना सफर शुरू किया। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के मौजूदा संस्करण में यह भारत का दूसरा पदक है।

23. बेंगलुरु एफसी टीम ने इंडियन सुपर लीग (ISL) की टीम मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में डूरंड कप का 131वां संस्करण जीता।

नोट: एलन कोस्टा के 61वें मिनट में किए गए गोल ने बेंगलुरू एफसी को मुंबई के खिलाफ विजयी बढ़त दिलाई। प्रतियोगिता का पहला संस्करण 1888 में खेला गया था।

24. नेपाल के काठमांडू में दशरथ रंगशाला स्टेडियम में **बांग्लादेश** ने पहला SAFF महिला चैंपियनशिप खिताब हासिल किया।

नोट: फाइनल में बांग्लादेश ने मेजबान नेपाल को 3-1 से हराया। सबीना खातून (बांग्लादेश की कप्तान) 5 मैचों में 8 गोल के साथ टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर बनीं। उन्हें उनके असाधारण खेल के लिए टूर्नामेंट की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर भी चुना गया।

10. एल्विस अली हजारिका, असमिया तैराक नॉर्थ चैनल को पार करने वाले पूर्वोत्तर के पहले व्यक्ति बने।

नोट: नॉर्थ चैनल उत्तर-पूर्वी उत्तरी आयरलैंड और दक्षिण-पश्चिमी स्कॉटलैंड के मध्य का जलडमरूमध्य है। एल्विस तथा उनकी टीम ने यह उपलब्धि हासिल करने में 14 घंटे 38 मिनट का समय लिया। इसके साथ ही एल्विस नॉर्थ चैनल को पार करने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय तैराक बन गए।

11. भारत देश 2023 में अपनी पहली मोटोजीपी वर्ल्ड चैंपियनशिप रेस की मेजबानी करेगा।

नोट: मोटोजीपी की वाणिज्यिक अधिकार धारक, डोर्ना ने नोएडा स्थित रेस प्रमोटर्स, फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के साथ अगले सात वर्षों के लिए भारत में प्रीमियर टू-व्हील रेसिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मोटोजीपी की भारतीय रेसिंग परिदृश्य में मोटो-ई को भी पेश करने की योजना है जो न केवल एशिया में पहली होगी बल्कि शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली एक हरित पहल होगी।

12. एलिउड किपचोगे (केन्या) ने 2:01:09 (नया रिकॉर्ड) के समय के साथ अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर बर्लिन मैराथन जीती

नोट: आधिकारिक 42.2 किमी दौड़ में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 2:01:39 था जो 2018 में उसी कोर्स पर बनाया गया था। उन्हें लंबे समय से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मैराथन धावक करार दिया गया है। वह 2019 में वियना में दो घंटे से कम समय में मैराथन रेस दौड़ने वाले पहले एथलीट थे। टिगिस्ट असेफा (इथियोपिया) ने 2:15:37 के कोर्स रिकॉर्ड में महिलाओं की दौड़ जीती है।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'डिवोर्स एंड डेमोक्रेसी: ए हिस्ट्री ऑफ पर्सनल लॉ इन पोस्ट-इंडिपेंडेंस इंडिया' पुस्तक की लेखिका **सौम्या सक्सेना है।**

नोट: उत्तर-उपनिवेशवाद युग में तलाक संबंधी कानूनों तथा विभिन्न धर्मों पर एक नई पुस्तक का विमोचन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। वह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के इतिहास संकाय में एक ब्रिटिश अकादमी फेलो हैं, यह पुस्तक तलाक के साथ भारत के राज्यों के कठिन संवाद पर बात करती है, जो बड़े पैमाने पर धर्म के माध्यम से सामंजस्य स्थापित करता है।

2. "साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार" पुस्तक के लेखक **डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई है।**

नोट: यह पुस्तक AIIA में सबसे प्रसिद्ध योग आसनों में से एक पर साक्ष्य-आधारित शोध संग्रह है। पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (RAV), नई दिल्ली के सहयोग से स्वास्थ्यवृत, पंचकर्म एवं द्रव्यगुण विभागों द्वारा आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा (CME) कार्यक्रम 2022 के दौरान किया गया।

3. पुस्तक 'फोर्जिंग मेटल: नृपेंदर राव एंड द पेन्नार स्टोरी' के लेखक **पवन सी. लाल** हैं।

नोट: इस पुस्तक में वरिष्ठ पत्रकार पवन सी. लाल नृपेंदर राव तथा उनकी उद्यमशीलता के सफर की कहानी बताते हैं। एक व्यवसाय जो अपने केंद्रीय मूल में नैतिकता, सामाजिक तथा पर्यावरणीय चिंताओं से बनाया गया है, वास्तव में कैसे लाभदायक तथा संधारणीय हो सकता है, इस पर एक अनूठी कहानी है। यह पुस्तक हार्पर बिजनेस द्वारा प्रकाशित की गई थी।

4. पुस्तक "विल पावर" **जोअर्ड मारिन** ने लिखी जिसमें लेखक 2020 टोक्यो ओलंपिक में टीम के अविश्वसनीय बदलाव की कहानी साझा करता है।

नोट: पुस्तक हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की जाएगी और 21 सितंबर को विमोचित होगी। मारिन को 2017 में महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। वह नीदरलैंड के पूर्व-खिलाड़ी हैं, और विश्व कप खिताब के लिए डच अंडर -21 महिला टीम का मार्गदर्शन किया था।

5. नई दिल्ली में "अंबेडकर एंड मोदी: रिफॉर्मर्स आइडियाज परफॉर्मर्स इम्प्लीमेंटेशन" पुस्तक का विमोचन **पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद** ने किया।

नोट: यह डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन, कार्यों तथा उपलब्धियों को दर्शाती है और डॉ. अंबेडकर के आदर्शों तथा नए भारत की विकास यात्रा के बीच अभिसरण प्रस्तुत करती है। इसे ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन द्वारा 12 अध्यायों में संकलित किया गया है तथा इसकी प्रस्तावना संगीतकार एवं राज्यसभा सदस्य इलैयाराजा ने लिखी है।

6. प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, मनोज बाजपेयी ने एक पुस्तक 'मुस्कुराते चंद लम्हे और कुछ खामोशियां' का विमोचन किया, इस पुस्तक के लेखक **जीवेश नंदन** हैं।

नोट: पुस्तक का विमोचन सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा की उपस्थिति में नई दिल्ली में किया गया। पुस्तक एक कविता संग्रह प्रस्तुत करती है। पुस्तक को एक भारतीय प्रकाशन संगठन, विजडम ट्री के संस्थापक एवं प्रकाशक शोबित आर्य द्वारा प्रकाशित किया गया है।

7. शी इज़-वुमन इन स्टीम नामक पुस्तक का अनावरण प्रो. अजय सूद (भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार) और एलेक्स एलिस (ब्रिटिश उच्चायुक्त) ने किया, पुस्तक की संकलनकर्ता **एल्सा मैरी डी सिल्वा** हैं।

नोट: पुस्तक ने STEAM के क्षेत्र में लैंगिक, नेतृत्व तथा सतत विकास की सराहना करते हुए STEAM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला तथा गणित के क्षेत्र) में 75 महिलाओं को सम्मानित किया है। पुस्तक की सचित्र व्याख्या सुप्रीत के. सिंह ने की है।

8. नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन में "सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास" पुस्तक का विमोचन **पूर्व उप-राष्ट्रपति, वेंकैया नायडू** ने किया।

नोट: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक मई 2019 और मई 2020 के बीच प्रधानमंत्री मोदी के चुनिंदा भाषणों का संग्रह है। पुस्तक विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री के 86 भाषणों पर केंद्रित है। पुस्तक हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रकाशित हुई थी।

9. पुरस्कार विजेता पुस्तक "लता: सुर-गाथा" का अंग्रेजी में अनुवाद **इरा पांडे** ने किया जो जनवरी 2023 में विमोचित होगी।

नोट: पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (PRHI) द्वारा यह घोषणा की गई। यह पुस्तक मूलतः हिन्दी में लेखक-कवि यतीन्द्र मिश्र द्वारा लिखी गई थी। इस पुस्तक ने सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन (2016-17) के लिए 64वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और MAMI पुरस्कार भी जीता।

विज्ञान एवं रक्षा

1. इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) ने 13 देशों के लिए साइबर सुरक्षा अभ्यास "सिनर्जी" की अभिकल्पना तथा आयोजन हेतु **सिंगापुर** देश की साइबर सुरक्षा एजेंसी के साथ समझौता किया।
नोट: यह इंटरनेशनल काउंटर रैनसमवेयर इनिशिएटिव- रेजिलिएशन वर्किंग ग्रुप का एक भाग था। ग्रुप का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय की अगुआई में भारत कर रहा है। विषय: "Building Network Resiliency to counter Ransomware Attacks"।
2. संशोधित आवंटन नीति लागू करने तथा आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों का ई-आवास वेब पोर्टल **गृह मंत्री, अमित शाह ने** लॉन्च किया।
नोट: वेब-पोर्टल CAPF तथा असम राइफल्स के पात्र कर्मियों के लिए आवासीय क्वार्टरों के ऑनलाइन पंजीकरण तथा आवंटन को सक्षम बनाएगा। CAPF तीन प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत है: सीमा सुरक्षा बल; आंतरिक सुरक्षा बल; तथा स्पेशल टास्क फोर्स
3. मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति ने प्रोजेक्ट **तेजस मार्क -2** को मंजूरी दी और प्रोटोटाइप, फ्लाइट टेस्ट तथा प्रमाणन के साथ फाइटर जेट के डिजाइन तथा विकास के लिए 6,500 करोड़ रुपये मंजूर किए।
नोट: यह आवंटन HAL को स्वीकृत मौजूदा 2500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है। तेजस 2.0 में 98 किलोन्यूटन थ्रस्ट श्रेणी में अधिक शक्तिशाली GE-F414 इंजन लगा होगा और मौजूदा वर्जन की तुलना में अतिरिक्त पेलोड तथा हथियार ले जाएगा।
4. **ऑस्ट्रेलिया** देश ने बेंगलुरु स्पेस एक्सपो (BSX) 2022 में भारत स्थित एक संगठन के साथ छह अंतरिक्ष उद्योग समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
नोट: HEX20 - स्काईरूट एयरोस्पेस: ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष पहल के लिए प्रक्षेपण सेवाओं, स्पेसक्राफ्ट एवियोनिक्स तथा घटक। QL स्पेस - स्काईरूट एयरोस्पेस: ऑस्ट्रेलिया में प्रक्षेपण केंद्रों का विकास करना और अंतरिक्ष में संयुक्त खनिज अन्वेषण मिशन में सहायता करना। QL स्पेस - गैलेक्सआई: हाइब्रिड ऑप्टिक और रडार पेलोड विकसित करना। QL स्पेस - सैटस्योर: सैटेलाइट और AI-आधारित समाधान बनाना।
5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इन्फ्लेटेबल एयरोडायनामिक डिसेलेरेटर (IAD) के साथ एक नई तकनीक का सफल प्रदर्शन किया है, इसे **विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) ने** डिजाइन तथा विकसित किया था।
नोट: IAD मंगल तथा शुक्र सहित भविष्य के मिशनों के लिए अनेक अनुप्रयोगों के साथ एक गेम-चेंजर है। IAD का थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन से 'रोहिणी' साउंडिंग रॉकेट में सफल परीक्षण किया गया।
6. भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) तथा यूके सरकार ने **BAE सिस्टम** के सहयोग से 26 देशों के लिए साइबर सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया।
नोट: उद्देश्य: एक देश के भीतर संगठनों को प्रभावित करने वाली एक बड़ी, व्यापक साइबर सुरक्षा घटना की अनुरूपता बनाना। यह इंटरनेशनल काउंटर रैनसमवेयर इनिशिएटिव- रेजिलिएशन वर्किंग ग्रुप का एक भाग है। इस पहल का नेतृत्व NSCS की अध्यक्षता में भारत कर रहा है।
7. MOXIE फरवरी 2021 से मंगल के कार्बन डाइऑक्साइड युक्त वातावरण से सफलतापूर्वक ऑक्सीजन का उत्पादन कर रहा है। MOXIE का पूरा नाम **मार्स ऑक्सीजन इन-सीटू रिसोर्स यूटिलाइजेशन एक्सपेरीमेंट** है।
नोट: MOXIE, एक लंचबॉक्स के आकार का गैजेट है जो मंगल पर श्वसन योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करता है जो एक छोटे वृक्ष द्वारा उत्पन्न ऑक्सीजन के बराबर है। MOXIE को नासा के पर्सीवेरेंस रोवर मिशन के एक भाग के रूप में मंगल की सतह पर उतारा गया था। MOXIE ने प्रत्येक प्रयास में प्रति घंटे 6 ग्राम ऑक्सीजन उत्पन्न करने के अपने उद्देश्य को पूरा किया है।

8. नासा ने आर्टेमिस III के लिए मूनवॉकिंग सिस्टम (स्पेससूट) विकसित करने के लिए **एक्सिओम स्पेस** को चुना।
नोट: आर्टेमिस 50 वर्ष में पहली बार मनुष्यों को चंद्रमा की सतह पर पुन: ले जाएगा। 228.5 मिलियन डॉलर के आधार मूल्य वाला अनुबंध अगली पीढ़ी के आर्टेमिस स्पेससूट बनाने के लिए एक टास्क आर्डर है। अंतरिक्ष एजेंसी ने अगली पीढ़ी के स्पेससूट हेतु तकनीकी एवं सुरक्षा आवश्यकताओं को परिभाषित करने के लिए अपने 50 वर्षों के स्पेससूट अनुभव का उपयोग किया।

9. IIT-मद्रास और **सिडनी विश्वविद्यालय** ने दुनिया भर के देशों के समक्ष ऊर्जा चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए एक अनुसंधान समझौता किया।
नोट: साझेदारी में प्रत्येक संस्थान चार अनुसंधान परियोजनाओं के लिए संयुक्त वित्त पोषण में प्रति वर्ष AU$50,000 का निवेश करेगा। साझेदारी में दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ ऊर्जा से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान और उन्नत प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

10. DRDO और **भारतीय थलसेना** सशस्त्र बल ने ओडिशा तट के एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से क्विक रिएक्शन सर्फेस टू एयर मिसाइल (QRSAM) प्रणाली के छह सफल उड़ान परीक्षण किए।
नोट: उद्देश्य: अत्याधुनिक निर्देशन एवं नियंत्रण कलन विधि के साथ हथियार प्रणाली की अचूक सटीकता की जांच करना।

11. थलसेना के खरगा कोर और **भारतीय वायु सेना** ने सशस्त्र बलों की शक्ति तथा कौशल प्रदर्शन हेतु एक संयुक्त अभ्यास आयोजित किया।
नोट: "गगन स्ट्राइक" अभ्यास हरियाणा में अंबाला की सीमा से लगे पंजाब के कई इलाकों में चार दिनों तक आयोजित किया गया। इन मशीनों के जमीनी परिचालन के साथ संयोजन के शक्ति गुणक प्रभाव ने हमारे सैन्य बलों की युद्ध उत्कृष्टता को बढ़ाया है।

12. **मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL)** शिपबिल्डर ने प्रोजेक्ट 17A का तीसरा स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' लॉन्च किया।
नोट: पोत का जलावतरण भार लगभग 3510 टन है। डिजाइन निर्माता: ब्यूरो ऑफ़ नेवल डिज़ाइन, भारतीय नौसेना का संस्थानिक डिजाइन। जहाज 149.02 मीटर लंबा और 17.8 मीटर चौड़ा है, दो गैस टर्बाइनों तथा दो मुख्य डीजल इंजनों के एक CODOG संयोजन द्वारा संचालित है। तारागिरी का निर्माण 10 सितंबर 2020 को शुरू हुआ था और जहाज की सुपुर्दगी अगस्त 2025 तक होने की उम्मीद है।

13. भारतीय थलसेना ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कारगिल क्षेत्र की वंचित छात्राओं को शिक्षा का मंच प्रदान करने के लिए **HPCL** के साथ समझौता किया।
नोट: 'कारगिल इग्नाइटेड माइंड्स' मंच महत्वाकांक्षी छात्राओं को प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन प्रदान करता है। उद्देश्य: 50 छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न इंजीनियरिंग तथा मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करना। फोकस: विषम मौसमी हालात में सीमित संसाधनों के साथ रहने वाली वंचित छात्राओं को सशक्त बनाना।

14. भारत तथा जापान की नौसेनाएं भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित जापान-भारत समुद्री अभ्यास (JIMEX 22) का छठा संस्करण **बंगाल की खाड़ी** पर आयोजित कर रही हैं।
नोट: उद्देश्य: परिचालन समझ को बढ़ाना। जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JMSDF) ने इस अभ्यास के लिए इज़ुमो (हेलीकॉप्टर कैरियर) और ताकानामी (गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर) को तैनात किया है। भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व बहुउद्देश्यीय स्टील्थ फ्रिगेट सह्याद्री तथा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत कदमत ने किया।

15. अंतरिक्ष एजेंसी, **चीन की अंतरिक्ष एजेंसी** ने UAE के मोहम्मद बिन राशिद अंतरिक्ष केंद्र द्वारा विकसित लैंडर पर रोवर को सवार करके चंद्रमा पर

भेजने के लिए उसके साथ साझेदारी पर सहमति व्यक्त की।

नोट: वर्तमान में, UAE अमीरात लूनर मिशन के तहत 2022 के अंत में चंद्रमा पर एक लैंडर में रोवर को लॉन्च करने पर काम कर रहा है। लैंडर को एक जापानी कंपनी 'आईस्पेस' ने विकसित किया है। रोवर 'राशिद' 10 किग्रा वजनी रोबोटिक रोवर है जिसे HAKUTO-R (लैंडर) के अंदर चंद्रमा पर ले जाया जाएगा।

16. BSF का पहला महिला ऊंट सवार दस्ता राजस्थान तथा **गुजरात** राज्य में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाएगा।

नोट: यह महिला दस्ता पहली बार 1 दिसंबर को BSF स्थापना दिवस परेड में भी भाग लेगा। यह दस्ता दुनिया में अपनी तरह का पहला दस्ता होगा। इस दस्ते ने कुशल प्रशिक्षकों के पर्यवेक्षण में BSF के बीकानेर क्षेत्रीय मुख्यालय में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

17. राष्ट्र को 32 वर्षों की शानदार सेवा प्रदान करने के बाद भारतीय नौसेना ने नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में **INS अजय** को सेवामुक्त किया।

नोट: इसे 24 जनवरी 1990 को पोटी, जॉर्जिया में तत्कालीन सोवियत संघ में कमीशन किया गया था। यह फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, महाराष्ट्र नेवल एरिया के परिचालन नियंत्रण के अधीन 23वीं पैट्रोल वेसल स्क्वाड्रन का एक भाग था। सहभागिता: कारगिल युद्ध में ऑपरेशन तलवार और 2001 में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान

18. HQENC के तत्वावधान में INWTC, INS सर्कर्स द्वारा ENC नौकायन चैंपियनशिप का आयोजन **विशाखापत्तनम** पर किया गया।

नोट: पुरस्कार वितरण तथा समापन समारोह का संचालन मुख्य अतिथि, कमोडोर सुमंत्र हजारिका, निदेशक MWC (V) द्वारा किया गया। एंटरप्राइज डिंगली, ILCA 6, ILCA 7 श्रेणियों और बिकनोवा विंड सर्फर में कुल 38 रेस आयोजित की गईं। कुल 46 नाविकों और 8 नाविकाओं ने ENC नौकायन चैंपियनशिप में भाग लिया।

19. मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय वायु सेना के प्रोजेक्ट चीता के एक भाग के रूप में **इज़राइल** के हेरॉन ड्रोन मारक क्षमताओं से लैस किए जाएंगे।

नोट: प्रोजेक्ट चीता का उद्देश्य मजबूत संचार क्षमताओं तथा शत्रु के क्षेत्र में मार करने में सक्षम लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ इजरायल निर्मित मानव रहित एरियल व्हीकल 'हेरॉन' के भारतीय वायु सेना के बेड़े में सुधार करना है।

20. श्रीहरिकोटा से एक नियोजित प्रक्षेपण से पहले लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) उपग्रह संचार कंपनी 'वनवेब' के **36** उपग्रह सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे।

नोट: उपग्रहों का प्रक्षेपण सबसे भारी इसरो रॉकेट, GSLV-MkIII द्वारा किया जाएगा। प्रक्षेपण में सहायता के लिए वनवेब ने न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के साथ साझेदारी की है। NSIL राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की वाणिज्यिक शाखा है।

21. **चीन** देश के शोधकर्ताओं ने चंद्रमा के समीपवर्ती भाग पर एक दुर्लभ लूनर क्रिस्टल तथा परमाणु ऊर्जा स्रोत की खोज की।

नोट: चैंजसाइट- (Y): यह एक छोटा, पारदर्शी क्रिस्टल (हीरे का आकार) है। इसका नाम चीनी चंद्र देवी चांग'ई के नाम पर रखा गया था। यह मनुष्य के बाल जितना चौड़ा है। चांग'ई-5 मिशन: यह चीन का पहला लूनर सैंपल-रिटर्न मिशन और पांचवां चंद्रमा अन्वेषण मिशन है।

22. **इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र** ने राष्ट्रीय गतिक विकलांगता संस्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान के साथ एक MoU के अंतर्गत एक कुशल कृत्रिम अंग विकसित किया।

नोट: वजन: 1.6 किग्रा; इसने एक अपंग व्यक्ति को कम से कम सहायता के साथ गलियारे में लगभग 100 मीटर चलने में सक्षम बनाया है। यह एक

माइक्रोप्रोसेसर-नियंत्रित घुटने (MPK) है जो दिव्यांगजनों को विस्तारित क्षमता प्रदान करता है।

23. रक्षा मंत्रालय ने SPARSH (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन) के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा और **HDFC बैंक** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: उद्देश्य: देश भर में सत्रह लाख रक्षा पेंशनभोगियों की पेंशन को कवर करना। रक्षा सचिव, डॉ. अजय कुमार ने घोषणा की है कि पेंशन निपटान में औसत समय काफी कम होकर लगभग 16 दिन हो गया है। अब तक, SPARSH पहल ने एक मिलियन पेंशनभोगियों के ऑनबोर्ड आंकड़े को पार कर लिया है और 2021-22 में 11,600 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

24. भारत-अमेरिकी तटरक्षक बल संयुक्त अभ्यास 'Abhyas-01/22' **चेन्नई तट** पर आयोजित किया गया था।

नोट: उद्देश्य: खोज तथा बचाव, समुद्री डकैती रोधी अभियान और जहाजों की समन्वित ज्वाइंट बोर्डिंग। समुद्री डकैती विरोधी प्रदर्शन: एक जहाज का अपहरण करते समुद्री लुटेरों का एक परिदृश्य बनाया गया और दोनों देशों के तट रक्षक बलों ने जहाज के समन्वित प्रतिबंध को अंजाम दिया। खोज और बचाव अभियान में जलते जहाजों को बचाने संबंधी गतिविधियां तथा बाह्य अग्निशमन शामिल हैं।

25. **इजरायल** की नौसेना ने नए Sa'ar 6 कार्वेट से गैब्रियल V एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम का जटिल परीक्षण पूरा किया।

नोट: मिसाइल का निर्माण इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) द्वारा किया गया था। मारक सीमा: 200 किमी से अधिक

26. रक्षा मंत्रालय ने "बाय-इंडियन" श्रेणी के तहत **1700 करोड़ रुपये (लगभग)** मूल्य में दोहरी भूमिका वाली अतिरिक्त सर्फेस टू सर्फेस ब्रह्मोस मिसाइलों की प्राप्ति के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (BAPL) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नोट: इन दोहरी भूमिका वाली मिसाइलों के आने से भारतीय नौसेना के बेड़े की परिचालन क्षमता बढ़ेगी। ब्रह्मोस को जल, थल तथा नभ से लॉन्च किया जा सकता है और तीनों वेरिएंट भारतीय सशस्त्र बलों में सेवारत हैं।

27. **DRDO** संगठन ने इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर, ओडिशा में वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (VSHORADS) मिसाइलों का सफल परीक्षण आयोजित किया।

नोट: यह एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है जिसे DRDO के अनुसंधान केंद्र इमारत, हैदराबाद द्वारा अन्य DRDO केंद्रों के सहयोग से डिजाइन और विकसित किया गया है। उपयोग: कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को कम दूरी पर ध्वस्त करना। सहज सुवाह्यता सुनिश्चित करने के लिए लांचर सहित मिसाइल के डिजाइन को अत्यधिक अनुकूलित किया गया है।

--------------0--------------

BYJU'S EXAM PREP

Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card

byjusexamprep.com